राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित



11 ईशा गुप्ता ने देसी आउटफिट में गिराईं...


दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त




विश्व साइकिल दिवस पर सीएम उमर... 12

गाजियाबाद, गुरुवार 04 जून 2026 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 13 अंकः 87, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

## न्यूज डायरी

### टीएमसी में बड़ी टूट की आशंका : दो बागियों का दावा- 59 विधायकों ने किए साइन,अलग गुट बनाने की तैयारी

**कोलकाता (आरएनएस)।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में मिली करारी शिकस्त के बाद तृणमूल कांग्रेस के भीतर राजनीतिक संकट गहराता दिख रहा है। पार्टी में टूट और बगावत की अटकलें तेज हो गई हैं।

सूत्रों के मुताबिक, टीएमसी से निष्कासित विधायक



ऋतब्रत बनर्जी और संदीपन साहा ने दावा किया है कि उनके पास 59 विधायकों के हस्ताक्षर मौजूद हैं। दोनों नेताओं ने खुद को असली टीएमसी विधायक समूह का प्रतिनिधि बताते हुए अलग गुट बनाने की प्रक्रिया शुरू करने की बात कही है।

जानकारी के अनुसार, ये दोनों नेता विधानसभा पहुंचकर स्पीकर से मुलाकात कर नए गुट के गठन का दावा पेश कर सकते हैं। इसी बीच, कई अन्य टीएमसी विधायकों के भी विधानसभा पहुंचने की खबरें सामने आई हैं, जिससे राजनीतिक हलचल और बढ़ गई है। हालांकि, इस पूरे घटनाक्रम पर अभी तक किसी भी पक्ष की ओर से आधिकारिक और खुलकर कोई बयान सामने नहीं आया है। स्थिति को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है और राजनीतिक गलियारों में तरह-तरह की चर्चाएं जारी हैं।

### आईएसआई और दाऊद नेटवर्क से जुड़ा आतंकी गिरफ्तार, चार राज्यों में छापेमारी के बाद स्पेशल सेल की बड़ी कार्रवाई

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई, गैंगस्टर नेटवर्क और दाऊद इब्राहिम से जुड़े मॉड्यूल पर बड़ी कार्रवाई करते हुए मुंबई से आतंकी हुफैजा को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, मुंबई में पिछले कई दिनों से स्पेशल सेल और एटीएस की संयुक्त टीम द्वारा छापेमारी की जा रही थी। इसी अभियान के दौरान हुफैजा को मंगलवार रात गिरफ्तार किया गया। वह कथित तौर पर दाऊद इब्राहिम के नेटवर्क और आईएसआई एजेंट मुन्ना झिंगाड़ा से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, हुफैजा को कराची से निर्देश मिलते थे और वह उसी के अनुसार काम कर रहा था। वह मुंबई अंडरवर्ल्ड में सक्रिय नेटवर्क का हिस्सा बताया जा रहा है। अब तक इस मॉड्यूल से जुड़े कुल नौ संदिग्धों को दिल्ली, मुंबई, राजस्थान और पंजाब सहित चार राज्यों से गिरफ्तार किया जा चुका है। पिछले एक महीने से खुफिया इनपुट के आधार पर यह संयुक्त अभियान चलाया जा रहा है। फिलहाल पुलिस टीम आरोपी से पूछताछ कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि इस नेटवर्क में और कौन-कौन शामिल है और उन्हें किस तरह के टारगेट दिए गए थे।

### अहमदाबाद में अवैध घुसपैठ के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, 131 बांग्लादेशी नागरिक पकड़े गए, पूछताछ जारी

**अहमदाबाद (आरएनएस)।** अहमदाबाद क्राइम ब्रांच ने अवैध घुसपैठ के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए शहर के विभिन्न इलाकों से 290 से अधिक संदिग्धों को हिरासत में लिया है। पूछताछ के दौरान 131 लोगों की पहचान अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों के रूप में हुई है, जबकि



करीब 160 अन्य संदिग्धों से जांच एजेंसियां पूछताछ कर रही हैं। पुलिस और क्राइम ब्रांच ने देर रात संयुक्त अभियान चलाकर चंडोला, गुलाबनगर और खोडियारनगर क्षेत्रों में छापेमारी की। इस दौरान बड़ी संख्या में संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया। क्राइम ब्रांच के अधिकारियों के अनुसार, शहरभर में दस्तावेज सत्यापन और प्रवर्तन अभियान जारी है। हिरासत में लिए गए सभी लोगों की पहचान, नागरिकता और दस्तावेजों की गहन जांच की जा रही है। अहमदाबाद पुलिस ने बताया कि मामले में कानूनी प्रक्रिया जारी है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों की पहचान कर उनके खिलाफ नियमानुसार कदम उठाए जाएंगे।

# ट्रंप का बड़ा बयान, 'मैं किसी दिन ईरान के अयातुल्ला से मिलूंगा, बोले-अगर मैं नहीं होता तो आज इजरायल भी नहीं होता

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर मध्य पूर्व की राजनीति और ईरान-इजरायल तनाव को लेकर बड़ा बयान दिया है। ट्रंप ने दावा किया कि इजरायल की सुरक्षा और अस्तित्व को बनाए रखने में उनकी भूमिका निर्णायक रही है। उन्होंने यहां तक कहा कि यदि वे हस्तक्षेप नहीं करते तो आज इजरायल का अस्तित्व खतरे में पड़ सकता था।

ट्रंप का यह बयान ऐसे समय आया है जब ईरान और पश्चिमी देशों के बीच तनाव पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है और क्षेत्रीय सुरक्षा को लेकर लगातार बयानबाजी जारी है।



**अयातुल्ला से मुलाकात के संकेत**

ईरान के मुद्दे पर बोलते हुए ट्रंप ने कहा कि भविष्य में उनकी ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला से मुलाकात हो सकती है। उन्होंने दावा किया कि ईरान पहले ही परमाणु हथियार विकसित न करने की दिशा में सहमति जता चुका है, हालांकि हालात बदल भी सकते हैं।

ट्रंप ने कहा कि ईरान की सैन्य क्षमता पहले की तुलना में कमजोर हुई है और क्षेत्र में शक्ति संतुलन तेजी से बदल रहा है। ईरान के साथ संघर्ष को लेकर पूछे गए सवाल पर ट्रंप ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकना था। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने हमेशा अपने सहयोगी इजरायल की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है।

ट्रंप ने दावा किया कि उनके नेतृत्व में उठाए गए कदमों ने क्षेत्रीय हालात को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और इजरायल को मजबूत समर्थन मिला।

घरेलू राजनीति पर बात करते हुए ट्रंप ने उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और विदेश मंत्री मार्को रुबियो की खुलकर सराहना की। उन्होंने दोनों नेताओं को बेहद प्रतिभाशाली बताते हुए कहा कि वे अमेरिकी राजनीति में मजबूत नेतृत्व की क्षमता रखते हैं।



चेन्नईः चेन्नई स्थित सचिवालय में, तमिलनाडु के नव-नियुक्त पुलिस महानिदेशक महेश कुमार अग्रवाल ने मुख्यमंत्री जोसेफ विजय से मुलाकात की।

## मालवीय नगर अग्निकांड में अब तक 20 लोगों की मौत

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली के मालवीय नगर स्थित एक रेस्टोरेंट में आग लगने से कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई है। अब तक लगभग 37 लोगों को बचाया जा चुका है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने घटना पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार स्थिति पर बारीकी से नजर रखे हुए है। प्रभावित परिवारों को सभी

**सीएम रेखा गुप्ता ने जताया दुख, बोलीं-सरकार प्रभावित परिवारों के साथ**

आवश्यक चिकित्सा सहायता और सहयोग प्रदान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, मालवीय नगर में भीषण आग की घटना में हुई जान-माल की भारी क्षति से मैं अत्यंत दुखी हूं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की और इस हृदयविदारक त्रासदी से प्रभावित सभी लोगों को शक्ति व साहस मिलने की प्रार्थना करती हूं।



उन्होंने आगे लिखा, घटना की सूचना मिलते ही, दिल्ली अग्निशमन सेवा, दिल्ली पुलिस, डीडीएमए, सीएटीएस एम्बुलेंस सेवा और अन्य आपातकालीन प्रतिक्रिया एजेंसियों की टीमों को तुरंत सक्रिय किया गया और बचाव व राहत कार्य शुरू किए गए। उनकी त्वरित कार्रवाई की मदद से प्रभावित परिसर से कई लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला जा सका। दिल्ली सरकार स्थिति पर बारीकी से नजर रखे हुए है। प्रभावित परिवारों को सभी आवश्यक चिकित्सा सहायता और सहयोग प्रदान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दुख की इस घड़ी में, दिल्ली सरकार प्रभावित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने कहा, हम इस त्रासदी से प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

मालवीय नगर में आग लगने के बाद, भाजपा विधायक सतीश उपाध्याय ने घटनास्थल का दौरा किया है। उन्होंने कहा, यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। यह घटना आज सुबह करीब 9 बजे हुई। जैसे ही हमें जानकारी मिली कि यहां आग लग गई है, हमने तुरंत पूरे सिस्टम को सक्रिय कर दिया। आपदा प्रबंधन टीम, डीएम, एसडीएम और डीसी, सभी को अलर्ट कर दिया गया। हम खुद भी मौके पर पहुंचे। आग लगने का सही कारण बाद में पता चलेगा। इस समय मैं कारण पर कोई टिप्पणी नहीं कर सकता। यह एक बहुत ही दुखद घटना है और इसमें कुछ लोगों की जान भी गई है।

## नीतीश कुमार की पार्टी ने बनाया इतिहास, सदस्यों की संख्या 1 करोड़ से ज्यादा

**पटना (आरएनएस)।** बिहार के सत्तारूढ़ एनडीए में प्रमुख सहयोगी दल जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने प्राथमिक सदस्यों की संख्या में एक इतिहास रचा है। जदयू का दावा है कि उसके प्राथमिक सदस्यों की संख्या एक करोड़ से ज्यादा पहुंच गई है। जदयू के प्रमुख नीतीश कुमार बिहार में मुख्यमंत्री की कुर्सी छोड़ने के बाद लगातार संगठन पर ध्यान दे रहे हैं। जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने बुधवार को इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए कहा कि एक करोड़ से अधिक सदस्यों वाले जदयू परिवार में आपका स्वागत है। उन्होंने जदयू के प्राथमिक सदस्यों की संख्या एक करोड़ होने की जानकारी सोशल नेटवर्किंग साइट एक्स पर शेयर करते हुए लिखा, हमें बताते हुए खुशी है कि जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार द्वारा 6 दिसंबर 2025 को शुरू किए गए जदयू सदस्यता अभियान 2025झ28इ के तहत एक करोड़ से अधिक प्राथमिक सदस्य बनाने के पहले लक्ष्य को छह महीने से भी कम समय में हासिल कर लिया गया है। संजय कुमार झा ने आगे बताया



कि कल (2 जून 2026) तक पार्टी के प्राथमिक सदस्यों की कुल संख्या एक करोड़ एक हजार नौ सौ पच्चीस हो चुकी है।

जदयू नेता ने इसके लिए प्रदेश की जनता का आभार जताते हुए बूथ स्तर तक चलाए जा रहे जदयू सदस्यता अभियान को सफल बनाने में सक्रियता से जुटे सभी कार्यकर्ता साथियों का अभिनंदन किया।

## नीट यूजी पेपर लीक मामले में शिक्षा मंत्रालय ने शुरू की कार्रवाई

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** नीट-यूजी प्रवेश परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक मामले में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने आधिकारिक तौर



पर सख्त प्रशासनिक कार्रवाई शुरू कर दी है। इसके साथ ही मामले की गहन जांच जारी है। सूत्रों के अनुसार, शिक्षा मंत्रालय ने एक निजी कंपनी कोएम्प्ट को विवादास्पद परिचालन अनुबंध दिए जाने के संबंध में औपचारिक रूप से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने बताया कि जांचकर्ता कंपनी की तकनीकी योग्यता और पिछले प्रदर्शन के रिकॉर्ड की बारीकी से जांच कर रहे हैं, ताकि यह समझा जा सके कि परीक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां उसे कैसे सौंपी गईं।

मंत्रालय के उच्च पदस्थ सूत्रों ने स्पष्ट रूप से कहा है कि सरकार कथित डेटा उल्लंघन और पेपर लीक की घटना को अत्यंत गंभीरता से ले रही है। मंत्रालय ने कड़ी चेतावनी जारी की है कि लापरवाही या मिलीभगत के लिए जिम्मेदार पाए जाने वाले किसी भी अधिकारी या बाहरी प्रतिनिधि के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## अगर हाथ-पैर काट दिए जाएं तो शायद लोग कानून का पालन करना सीख जाएं

**कर्नाटक हाईकोर्ट की बड़ी टिप्पणी**

बेंगलुरु (आरएनएस)। कर्नाटक हाई कोर्ट ने दुष्कर्म के एक मामले की सुनवाई के दौरान अपराधों पर लगाम लगाने के लिए कठोर दंड व्यवस्था की आवश्यकता पर जोर देते हुए सख्त टिप्पणियां की हैं। अदालत ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ प्रभावी और कड़ी कार्रवाई नहीं होने के कारण कानून का भय कम होता जा रहा है और यही वजह है कि गंभीर अपराध लगातार बढ़ रहे हैं।

न्यायमूर्ति आर. नटराज ने 23 वर्षीय इंजीनियरिंग छात्र की जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा कि अपराधों को रोकने के लिए कानून का सख्ती से पालन और दोषियों को कड़ी सजा मिलना आवश्यक है। आरोपी छात्र अप्रैल की शुरूआत से न्यायिक हिरासत में है और उस पर वर्ष 2023 में अपनी पूर्व सहपाठी के साथ यौन उत्पीड़न करने का आरोप है।

**'लोकतंत्र का फायदा उठाते हैं अपराधी**

जस्टिस आर. नटराज ने छात्र की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा, कानून के दांत इसलिए टूट गए हैं, क्योंकि हम अपराधियों से सख्ती से नहीं निपटते। अगर आप किसी का हाथ या पैर काट दें तो शायद



लोग कानून का पालन करना सीख जाएंगे। क्योंकि हमारा देश एक लोकतंत्र है इसलिए हर कोई इसका फायदा उठाता है।

अदालत ने इस बात पर भी चिंता जताई कि गंभीर अपराधों को अंजाम देने वालों के खिलाफ पर्याप्त सख्ती नहीं बरती जाती, जिसके कारण समाज में गलत संदेश जाता है। न्यायमूर्ति ने कुछ पश्चिम एशियाई देशों में लागू कठोर दंड व्यवस्थाओं का भी संदर्भ दिया। वहीं, बचाव पक्ष ने अदालत में दलील दी कि आरोपी छात्र करीब दो महीने से जेल में है और उसके खिलाफ लगाए गए आरोप लगभग तीन वर्ष पुरानी घटनाओं से जुड़े हैं। वकील ने दावा किया कि छात्र निर्दोष है और उसे अनावश्यक रूप से हिरासत में रखा गया है। इस पर न्यायमूर्ति ने कहा कि कानून की प्रक्रिया का पालन करना आवश्यक है और मामले की गंभीरता को देखते हुए फिलहाल राहत देना उचित नहीं होगा। अदालत ने राज्य सरकार को नोटिस जारी करते हुए मामले की अगली सुनवाई के लिए 8 जून की तारीख निर्धारित की है।

पुलिस के अनुसार आरोपी ने महिला को दोस्ती से जुड़ी बातचीत के बहाने एक अपार्टमेंट में बुलाया था, जहां 12 सितंबर 2023 को कथित तौर पर उसके साथ यौन उत्पीड़न किया गया। बताया गया है कि पुलिस में शिकायत दर्ज कराने से पहले पीड़िता ने राष्ट्रीय महिला आयोग से भी संपर्क किया था।

मामले की सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट की टिप्पणियां न्याय व्यवस्था में अपराधों के प्रति बढ़ती चिंता और कठोर दंड की आवश्यकता पर चल रही बहस को एक बार फिर केंद्र में ले आई हैं।

**सम्मान जरूरी** | **सरकार ने कहा-राष्ट्रीय गीत का सम्मान जरूरी**

# स्कूलों-मदरसों में वंदे मातरम पर बवाल,मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने मांगी छूट

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पश्चिम बंगाल में स्कूलों और मदरसों में वंदे मातरम के गायन को अनिवार्य बनाए जाने के फैसले को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। राज्य सरकार के आदेश के अनुसार सभी स्कूलों और मदरसों की प्रार्थना सभा में पूर्ण राष्ट्रीय गीत का गायन किया जाएगा। इस निर्णय पर ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने चिंता व्यक्त की है। बोर्ड ने मांग की है कि इस संबंध में जारी अधिसूचना को तत्काल वापस लिया जाए या कम से कम मुस्लिम छात्रों को इससे छूट दी जाए।

बोर्ड के प्रवक्ता डॉ. एसक्यूआर इलियास ने एक बयान में कहा कि किसी छात्र को उसकी धार्मिक मान्यताओं के विरुद्ध किसी गीत या पाठ का अनिवार्य रूप से उच्चारण करने के लिए बाध्य करना उसके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। वहीं राज्य सरकार ने अपने फैसले का बचाव करते हुए कहा है कि राष्ट्रीय गीत का सम्मान करना सभी नागरिकों का कर्तव्य है। सरकार का कहना है कि स्कूलों में वंदे मातरम् का गायन भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय मूल्यों को मजबूत करने की दिशा में एक कदम है।

इस मुद्दे पर केंद्रीय मंत्री यद्धह्लद्गठ्ठ क्रद्बद्भद्बद्भह्व ने भी सरकार के फैसले का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् पूरे देश का



राष्ट्रीय गीत है और इसे किसी एक धर्म, राज्य या समुदाय से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने इस विषय के राजनीतिकरण से बचने की अपील की।

इस बीच, कांग्रेस सांसद ने आधिकारिक कार्यक्रमों में वंदे मातरम् के सभी पांच पदों के अनिवार्य गायन पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय गीत का सम्मान सभी करते हैं, लेकिन प्रत्येक कार्यक्रम की शुरूआत और समापन पर इसके सभी पदों का गायन आवश्यक नहीं माना जा सकता। थरूर ने कहा कि परंपरागत रूप से वंदे मातरम कार्यक्रम की शुरूआत में गाया जाता रहा है, जबकि राष्ट्रीय गान जन गण मन का गायन अलग से किया जाता है। उनके अनुसार, हर कार्यक्रम में सभी पांच पदों का अनिवार्य गायन दर्शकों पर अनावश्यक बोझ डाल सकता है।

थरूर की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस इस मुद्दे पर कुछ विशेष संगठनों की विचारधारा से प्रभावित होकर राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि यदि राष्ट्रीय गीत पर भी विवाद खड़ा किया जाएगा तो भविष्य में राष्ट्रीय गान पर भी प्रश्न उठ सकते हैं।

गौरतलब है कि वंदे मातरम की रचना 1870 के दशक में की थी। 24 जनवरी 1950 को भारत की संविधान सभा ने इसे राष्ट्रीय गीत का दर्जा प्रदान किया था।

हाल ही में केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय ने सरकारी कार्यक्रमों और स्कूलों में राष्ट्रीय गान से पहले वंदे मातरम् के गायन से संबंधित दिशा-निर्देश जारी किए हैं। मंत्रालय के अनुसार, गीत के सभी छह पदों का गायन किया जाएगा और इसके दौरान उपस्थित लोगों को सावधान की मुद्रा में खड़ा रहना होगा।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

# मंदिर के पास जलभराव से ग्रामीण परेशान समाधान कराने की डीएम से की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** तहसील क्षेत्र के गांव असरौली नगला में मंदिर के निकट रास्ते पर जल भराव को लेकर ग्राम प्रधान सेक्रेटरी और बीडीओ के खिलाफ ग्रामीणों का फूटा गुस्सा किया प्रदर्शन। गुस्साए ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान और सेक्रेटरी को

**जलभराव होने पर ग्रामीणों को बीमारी फैलने का सता रहा डर**

रास्ते में जलभराव के लिए ठहराया दोषी कई बार ग्रामीणों ने की थी शिकायत लेकिन उसके बाद भी नहीं किया गया कोई जलभराव की समस्या का समाधान।

ग्रामीण सुनील और पवन कुमार आदि ने बताया है कि इसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल से लेकर एसडीएम बीडीओ सहित अन्य अधिकारियों से कर चुके हैं लेकिन आज तक कोई जल निकासी का स्थायी समाधान नहीं हुआ है। स्थानीय महिला उर्मिला देवी ने बताया है कि मंदिर जाने के लिए यह गांव का मुख्य रास्ता है जिससे पूजा करने के लिए गंदे पानी में होकर गुजरना पड़ता है पूजा के लिए श्रद्धालुओं को





परेशानी का सामना करना पड़ता है। गंदे पानी से ग्रामीणों ने बीमारी फैलने की आशंका जताई है वही ग्राम प्रधान और सेक्रेटरी पर ग्रामीणों ने स्वच्छता अभियान को पलीता लगाने का भी आरोप लगाया है मंदिर के आसपास गंदगी का अंबार लगा है सफाई कर्मियों द्वारा कोई सफाई नहीं कराई जाती हैं ग्रामीणों ने डीएम और मुख्यमंत्री से जलभराव की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है। इस संबंध में ग्राम प्रधान और एडीओ पंचायत को फोन पर संपर्क किया गया तो उन्होंने फोन उठाना उचित नहीं समझा। इस मौके पर प्रदर्शन के दौरान चंद्रपाल सिंह गौरव चौधरी सुनील कुमार सुखबीर सिंह पवन कुमार जितेंद्र कुमार जोगिंद्री देवी उर्मिला देवी शकुंतला देवी सुरेंद्र सिंह सुंदर वीर बुद्ध सेन ब्रह्मचारी जन्म सिंह आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

# शहीद स्मारक द्वार की मरम्मत कराने की मांग,नगर पालिका को सौंपा प्रार्थना पत्र

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी।** नगर के ऐतिहासिक शहीद स्मारक द्वार की जर्जर स्थिति को लेकर पत्रकार एवं समाजसेवी सचिन वर्मा स्वर्णकार ने नगर पालिका परिषद गुलावठी की अधिशासी अधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपकर तत्काल मरम्मत कराने की मांग की है। दिए गए प्रार्थना पत्र में उन्होंने बताया कि नगर के ऐतिहासिक शहीद स्मारक के रखरखाव की पूर्ण जिम्मेदारी नगर



पालिका परिषद की है। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि शहीद द्वार पर कई स्थानों से सीमेंट उखड़ चुका है, जिससे मुख्य द्वार की सुंदरता प्रभावित हो रही है। साथ ही यह स्थिति भविष्य में किसी बड़े नुकसान का कारण भी बन सकती है। उन्होंने नगर पालिका प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि ऐतिहासिक महत्व रखने वाले इस शहीद द्वार की शीघ्र मरम्मत कराकर इसकी गरिमा और सौंदर्य को बनाए रखा जाए।

# ऊर्जा मंत्री कैलाश सिंह राजपूत ने विभागीय समीक्षा बैठक में दिए सख्त निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा एवं अतिरिक्त स्रोत विभाग के राज्य मंत्री श्री कैलाश सिंह राजपूत की अध्यक्षता में विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ विद्युत व्यवस्था से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान विधायकगण द्वारा जनहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषय उठाए गए। इस पर मंत्री श्री राजपूत ने अधिकारियों को रोस्टर के अनुसार निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने, क्षमता वृद्धि हेतु ट्रांसफार्मरों की व्यवस्था करने, दूरी के आधार पर नए विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने तथा हर घर तक विद्युतीकरण



सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनता से प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि शासन की मंशानुसार आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। बैठक में मंत्री जी ने भ्रष्ट कर्मचारियों एवं अधिकारियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करने तथा विजिलेंस टीम को ऑन-कैमरा चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश भी दिए। साथ ही प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में माह के प्रथम बुधवार को जनप्रतिनिधियों के साथ नियमित बैठक आयोजित करने के निर्देश जारी किए गए। मुख्य विकास अधिकारी सुश्री निशा ग्रेवाल ने मंत्री जी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आश्वासन दिया कि शासन एवं मंत्री द्वारा दिए गए निर्देशो का पूर्ण पालन किया जाएगा तथा जनहित से संबंधित शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

बैठक में विधायक लक्ष्मीराज सिंह, देवेन्द्र सिंह लोधी, चंद्रपाल सिंह, नगर मजिस्ट्रेट संजय कुमार सिंह सहित विद्युत विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# अरनिया ब्लॉक के करोरा गांव में पंजाब नेशनल बैंक की किसान गोष्ठी आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** जनपद के अरनिया ब्लॉक स्थित करोरा गांव में बुधवार, बुलंदशहर मंडल कार्यालय द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों को बैंकिंग सेवाओं, कृषि ऋण योजनाओं एवं वित्तीय साक्षरता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से किसान गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

गोष्ठी में बैंक के मंडल प्रमुख हेमन्त सिंह सोनगरा, जिला अग्रणी प्रबंधक धीरज झा तथा मुख्य प्रबंधक तेजवीर सिंह ने किसानों को बैंक की विभिन्न जमा एवं ऋण योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।




इस दौरान किसान क्रेडिट कार्ड (KCC), कृषि एवं संबद्ध गतिविधियों हेतु उपलब्ध वित्तीय सहायता, सरकारी प्रायोजित योजनाओं तथा बैंक के अन्य उत्पादों एवं सेवाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में किसानों को डिजिटल बैंकिंग सेवाओं जैसे मोबाइल बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग, यूपीआई, भीम ऐप और एटीएम के सुरक्षित उपयोग के बारे में भी जागरूक किया गया। साथ ही साइबर सुरक्षा संबंधी आवश्यक सावधानियों की जानकारी देते हुए ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के उपाय बताए गए।

इसके अतिरिक्त वित्तीय साक्षरता के महत्व, नियमित बचत की आदत, समय पर ऋण भुगतान तथा बैंकिंग सेवाओं के प्रभावी उपयोग पर विशेष चर्चा की गई। अधिकारियों ने किसानों से बैंकिंग सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की।

गोष्ठी में उपस्थित ग्राम प्रधानों एवं किसानों ने बैंक की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में बैंक और किसानों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा किसानों को आधुनिक बैंकिंग सुविधाओं से जोड़ने में सहायक सिद्ध होते हैं।


# चार्ज संभाला: क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना मेरी पहली प्राथमिकता: पूर्णिमा सिंह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** नवनियुक्त पुलिस क्षेत्राधिकारी पूर्णिमा सिंह ने शिकारपुर सर्किल का चार्ज संभाला। कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि उनकी प्राथमिकता क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना है।

शिकारपुर के नवनियुक्त क्षेत्राधिकारी पूर्णिमा सिंह, ने पदभार संभालते ही अपराधियों को दी कड़ी चेतावनी कहा कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार के

**नवनियुक्त.सीओ पूर्णिमा सिंह बनी शिकारपुर सर्किल के नए सीओ अपराधियों को दी कड़ी चेतावनी**



अवैध कारोबार को नहीं दी जाएगी शह मेरे कार्यकाल के दौरान कृपया कर मेरे क्षेत्र में कोई भी गलत काम ना करें अगर कोई गलत काम करता पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी । उन्होंने कहा कि आपसी सहयोग व तालमेल से हर समस्या से निजात पाई जा सकती है । थाने पर आने वाले हर पीड़ित को न्याय मिलेगा । उन्होंने कहा कि हर समय जनता की सेवा और सुरक्षा के लिए तत्पर खड़ी हूं ।वही पुलिस कर्मियों के साथ बातचीत के दौरान क्षेत्राधिकारी पूर्णिमा सिंह, ने सभी पुलिस कर्मियों को भी कड़ी चेतावनी के साथ दिया संदेश अवैध कार्य में लिप्त पुलिस कर्मी के खिलाफ भी की जाएगी कार्यवाही इसलिए मुझे शिकायत का कोई भी पुलिस कर्मी मौका ना दें अन्यथा अवैध कारोबार चला रहे कारोबारी के साथ-साथ कारोबार में लिप्त पुलिस कर्मी के खिलाफ भी की जाएगी कार्यवाही जिस पर शिकारपुर क्षेत्र में तैनात सभी पुलिस कर्मियों ने पूर्ण ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपने कार्य का निर्वहन करने का दिया आश्वासन ।

# गर्भवती महिला को टीकाकरण व ANC सेवा से वंचित करने का आरोप, आजाद अधिकार सेना ने DM-CMO से की शिकायत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलन्दशहर।** ग्राम रघुनाथपुर, ब्लॉक ऊंचागांव में कार्यरत एएनएम प्रीति पत्नी भरत कुमार के विरुद्ध गर्भवती महिला को स्वास्थ्य सेवाएं न देने का गंभीर मामला सामने आया है। आजाद अधिकार सेना ने आरोप लगाया है कि गर्भवती महिला राखी पत्नी मनीष राणा को घर पर टीटी इंजेक्शन तथा एएनसी (ANC) सेवा देने से मना कर दिया गया, जबकि गर्भवती महिलाओं को समय पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

**राष्ट्रीय संगठन मंत्री देवेन्द्र सिंह राणा ने कहा कि यदि मामले में समयबद्ध एवं निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हुई तो आजाद अधिकार सेना उच्च स्तर पर शिकायत, जनआंदोलन एवं विधिक कार्रवाई करने के लिए बाध्य होगी**

इस संबंध में आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय संगठन मंत्री देवेन्द्र सिंह राणा द्वारा जिलाधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बुलन्दशहर को लिखित शिकायत भेजी गई है। शिकायत की प्रतिलिपि मुख्य सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश तथा मिशन डायरेक्टर, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश को भी प्रेषित की गई है। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि संबंधित एएनएम के पति भरत कुमार फोन पर महिलाओं को चिकित्सा संबंधी सलाह देते हैं तथा चिकित्सा कार्य जैसा व्यवहार करते हैं।

संगठन ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। संगठन के अनुसार मामले से संबंधित ऑडियो रिकॉर्डिंग उपलब्ध है, जिसे जांच में साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किया जा सकता है। आवश्यकता पड़ने पर ग्रामीणों के बयान भी उपलब्ध कराए जाएंगे।

आजाद अधिकार सेना ने प्रशासन से मांग की है कि गर्भवती महिला को तत्काल टीटी इंजेक्शन एवं एएनसी सेवा उपलब्ध कराई जाए, मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए तथा जांच रिपोर्ट शिकायतकर्ता को उपलब्ध कराई जाए।

राष्ट्रीय संगठन मंत्री देवेन्द्र सिंह राणा ने कहा कि यदि मामले में समयबद्ध एवं निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हुई तो आजाद अधिकार सेना उच्च स्तर पर शिकायत, जनआंदोलन एवं विधिक कार्रवाई करने के लिए बाध्य होगी।

# रोहित कुमार ने लिया अधिशासी अधिकारी का चार्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**औरंगाबाद (बुलंदशहर)।** नवागत अधिशासी अधिकारी रोहित कुमार ने बुधवार को नगर पंचायत कार्यालय में अपना कार्य भार ग्रहण कर लिया। स्थाई पूर्ण कालिक अधिशासी अधिकारी के रूप में तैनात रोहित कुमार ने कहा कि सरकार की तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाना और जनता के बीच रहकर जन समस्याओं का त्वरित निस्तारण उनकी पहली प्राथमिकता है।

- सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाना बताया पहली प्राथमिकता
- जनता के बीच रहकर जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण का आश्वासन

औरंगाबाद नगर पंचायत कार्यालय में नवागत अधिशासी अधिकारी रोहित कुमार ने विधिवत चार्ज





संभाला। चेयरमैन सलमा अब्दुल्ला की मौजूदगी में चार्ज संभालने की औपचारिकता पूरी हुई। विदित हो कि औरंगाबाद नगर पंचायत में पिछले लगभग छः वर्ष से अस्थाई अधिशासी अधिकारी अतिरिक्त के रूप में चार्ज संभालते रहे हैं। सेवा निवृत्त होकर अवकाश ग्रहण करने वाले मुख्त्यार सिंह के पश्चात शासन द्वारा पहली बार औरंगाबाद में स्थाई पूर्ण कालिक अधिशासी अधिकारी तैनात किया है। जनपद उन्नाव की न्यौतनी नगर पंचायत से रोहित कुमार को औरंगाबाद स्थानांतरित किया गया है। निवर्तमान अधिशासी अधिकारी सेवा राम राजभर अब पूर्व की भांति स्याना नगर पालिका का ही कार्य संभालेंगे।

इस अवसर पर चेयरमैन सलमा अब्दुल्ला, अब्दुल्ला कुरैशी, सभासद हिना, नसीर पहलवान, सईद अहमद किशोरी लाल, नेमपाल सिंह, आफाक खां सलीम खान, आदि तमाम स्टाफ मौजूद रहा।

# लाठी डंडों से लैस दर्जनों लोगों ने घर में घुसकर एक महिला सहित तीन लोगों पर किया जानलेवा हमला एक गंभीर रूप से घायल हायर सैटर रैफर,13 नामजद, दस अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज आरोपी फरार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**औरंगाबाद।** थाना क्षेत्र के एक गांव में लाठी डंडों से लैस दो दर्जन से अधिक लोगों ने एक मकान पर धावा बोल एक महिला सहित तीन लोगों को बुरी तरह जख़्मी कर दिया। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया जहां एक की दशा नाजुक देख चिकित्सक ने हायर सैंटर रैफर कर दिया। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने 13 नामजदों सहित दो दर्जन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। सभी नामजद आरोपी फरार होने में कामयाब रहे।

थाना क्षेत्र के गांव पेमपुर में आपसी रंजिश के चलते लगभग दो दर्जन से अधिक लोगों ने हुक्म सिंह के घर पर



मंगलवार की दोपहर धावा बोल दिया। उस समय घर में हुकमसिंह उसका भाई विकास उर्फ प्रेमपाल और पत्नी सावित्री देवी मौजूद थे।

ताबड़तोड़ हमले में तीनों बुरी तरह जख़्मी हो गए। ग्रामीणों के मौके पर आ जाने पर हमलाकर बाद में भुगत लेने की धमकी देते हुए भाग निकले। परिजनों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने हुक्म सिंह की दशा नाजुक देख मेरठ रैफर कर दिया।

हुकम सिंह के पुत्र सचिन ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने 13 नामजदों तथा 8-10 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की? है। सभी नामजद आरोपी फरार होने में कामयाब रहे।

## शुभारंभ

## पहले मुकाबले में चालकपुर ने दर्ज की शानदार जीत

# बरी बाबा क्रिकेट टूर्नामेंट का युवा समाजसेवी अरविंद लोधी ने फीता काट कर किया शुभारंभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**डिबाई (केपी सिंह चौहान)।** धरमपुर चौराहा त्रिलोकपुर रोड स्थित नगला गिल्ली (धरमपुर) में आयोजित बरी बाबा क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

**मैच के दौरान खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। आयोजक समिति ने बताया कि टूनार्मेंट में क्षेत्र की कई टीमें भाग ले रही हैं तथा विजेता एवं उपविजेता टीमों को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे**

युवा समाजसेवी एवं जिला पंचायत सदस्य पद वार्ड संख्या-42 के संभावित प्रत्याशी अरविंद लोधी (प्रकाशपुर) ने फीता काटकर किया। उद्घाटन अवसर पर बड़ी संख्या में खेल प्रेमी, क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर अरविंद लोधी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल युवाओं को अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की सीख देते हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के खेल आयोजनों से प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है तथा युवाओं को सकारात्मक दिशा मिलती है ।टूनार्मेंट का पहला मुकाबला पोखरपुर और चालकपुर की टीमों के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए चलकपुर की टीम ने निर्धारित ओवरों में



चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी पोखरपुर की टीम निर्धारित लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी और चालकपुर ने 20 रन से शानदार जीत दर्ज कर ली। आयोजन कर्ता विनोद प्रधान नगला गिल्ली का भरपूर सहयोग रहा।

मैच के दौरान खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। आयोजक समिति ने बताया कि टूनार्मेंट में क्षेत्र की कई टीमें भाग ले रही हैं तथा विजेता एवं उपविजेता टीमों को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों एवं दर्शकों का आभार व्यक्त करते हुए खेल भावना के साथ प्रतियोगिता को सफल बनाने की अपील की।

# लापता युवक का नहीं लगा कोई सुराग परिजनों ने कराई गुमशुदगी दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** नगर के मौहल्ला मुफ्ती वाडा निवासी संतोष कश्यप नगर में फलों की ठेली लगाकर परिवार का भरण पोषण करते हैं। उनके पुत्र गौरव कश्यप की हाल ही में जिला अस्पताल में संविदा कर्मचारी के रूप में तैनाती हुई थी। परिजनों के अनुसार 29 मई को गौरव ड्यूटी से शाम को घर वापस आया। कुछ समय बाद वह किसी काम से बाहर निकला, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। रिश्तेदारों में मिलने वालों में तलाश किया तो पता नहीं नहीं चल सका। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि युवक की गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है तलाश के लिए पुलिस टीम गठित की गई है।

# खोड़ा में मृतक सूर्या के परिवार से मुलाकात कर दी आर्थिक सहायता, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**गाजियाबाद ।** खोड़ा क्षेत्र में मृतक सूर्या के परिवार से मुलाकात कर उन्हें आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई तथा गहरी संवेदनाएँ व्यक्त की गईं। इस दौरान परिवार को भरोसा दिलाया गया कि दुख की इस घड़ी में हर संभव मदद के लिए हम उनके साथ खड़े हैं।

सूर्या की हत्या की यह घटना समाज में फैली घटिया मानसिकता का भयावह चेहरा है। यह अत्यंत दुखद, निंदनीय और मानवता को शर्मसार करने वाली घटना है। जिस प्रकार सुनियोजित तरीके से सूर्या को बुलाकर उसकी हत्या की गई, वह समाज में बढ़ती विकृत सोच को उजागर करता है। इस कठिन समय में हम पूरी मजबूती के साथ सूर्या के परिवार के साथ खड़े हैं। उत्तर प्रदेश सरकार एवं पुलिस प्रशासन का धन्यवाद, जिन्होंने आरोपी को उसके अपराध की सजा दिलाने की दिशा में त्वरित कार्रवाई की है। उम्मीद है कि मामले की निष्पक्ष एवं शीघ्र जांच कर अन्य दोषियों को भी जल्द कानून के कठघरे में खड़ा किया जाएगा।

# घर का ताला तोड़ 35 लाख का सामान लेकर चोर हुए फरार, व्यापारियों ने बैठक कर जल्द खुलासे की मांग की

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**जेवर (इनामुल हक)।** चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि एक ही रात मे चोरों ने एक घर का ताला तोड़ वहां से करीब 35 लाख का कीमती सामान चोरी कर लिया और दो अन्य दुकानों व मकानों मे भी चोरी का प्रयास किया। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस मे शिकायत दी हैं। पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी हैं। वहीं चोरी की इन घटनाओं से नाराज कस्बे के व्यापारियों ने एक बैठक कर पुलिस से चोरों को गिरफ्तार करने और चोरी की घटनाओं को रोकने की मांग की।

कस्बे के मौहल्ला सराय नैन सिंह निवासी प्रमोद गुप्ता ने बताया कि वह मंगलवार की शाम ग्रेटर नॉएडा मे अपने बेटे के पास घर का ताला लगाकर गए थे। जब वह बुधवार की सुबह घर लौटे तो उन्होंने देखा की घर का ताला टूटा हुआ हैं। जब पीड़ित ने अंदर जाकर देखा तो वहां घर का सारा सामान बिखरा पड़ा हैं और घर मे बनी अलमारी का भी ताला टूटा हुआ हैं। जिसको देखकर पीड़ित के होश उड़ गए। उन्होंने बताया कि चोर घर मे रखे 4 सोने की चूड़ी, एक गले का सेट, 3 सोने की चैन, 7 सोने की अंगूठी, चांदी के 45 सिक्के, सहित करीब 18 तोले जेवरात, ढाई लाख रुपए आदि सामान चोरी कर ले गए। वहीं चोरों ने कस्बे की नई अनाज मंडी स्थित नरेंद्र गोयल की दुकान का भी ताला तोड़ने का प्रयास किया, ये घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे मे कैद हो गईं। इसके आलावा रबूपुरा रोड स्थित साहिल की दुकान के आगे खड़ी उसकी गाड़ी को भी चोर चोरी कर ले गए, लेकिन गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क से उतर गई और जंगल मे जा घुसी, जिसे चोर वहीं छोड़कर फरार हो गए। इससे पहले भी कस्बा निवासी अमित के यहां भी करीब 5 दिन पहले चोरों ने 20 लाख की चोरी की थी। बतादें कि करीब एक माह मे कस्बे मे दर्जनों चोरी की घटनाएं हुईं हैं। जिससे कस्बे मे भय व्याप्त है। इन बढ़ती घटनाओं को देखते हुए व्यापारियों मे भी डर हैं और उन्होंने नई अनाज मंडी मे एक बैठक की और पुलिस से गस्त बढ़ाने, चोरी की घटनाओं को रोकने और इन घटनाओं का जल्द खुलासा करने की मांग की। यहां पुलिस पर कई आरोप भी लगे।

# मोदीनगर-कलछीना-बढ़ाएला-पिलखुआ मार्ग पर जल्द शुरू होगा निर्माण कार्य

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**मोदीनगर (अनवर खान)।** मोदीनगर कलछीना बढ़ाएला पिलखुआ मार्ग के निर्माण को लेकर भारतीय किसान मजदूर मोर्चा के आंदोलन का असर दिखाई देने लगा है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ बबली गुर्जर ठीक है का दावा है कि लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने सड़क निर्माण के लिए आवश्यक सामग्री मौके पर पहुंचा दी है तथा जल्द ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। बता दें कि भारतीय किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले डॉ. बबली गुर्जर, नीरज प्रजापति और राहुल प्रधान के नेतृत्व में गत 30 मई को तहसील परिसर में विभिन्न जनहित मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया गया था। प्रदर्शन के प्रमुख मुद्दों में मोदीनगर कलछीना बढ़ाएला पिलखुआ मार्ग की जर्जर स्थिति भी शामिल थी। धरना-प्रदर्शन के बाद पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों, एसडीएम मोदीनगर तथा संगठन के प्रतिनिधियों के बीच त्रिपक्षीय वार्ता हुई थी। वार्ता के दौरान विभागीय अधिकारियों ने तीन दिन के भीतर सड़क निर्माण कार्य शुरू कराने का आश्वासन दिया था। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ बबली गुर्जर के अनुसार विभाग की ओर से सड़क पर पत्थर से भरे वाहन उतार दिए गए हैं और श्रमिकों को लगाकर निर्माण कार्य प्रारंभ करने की तैयारी कर ली गई है। डॉ. बबली गुर्जर और राहुल प्रधान ने कहा कि जनहित से जुड़े अन्य मुद्दों पर भी संगठन संघर्ष जारी रखेगा तथा आवश्यकता पड़ने पर व्यापक आंदोलन शुरू किया जाएगा।

# आर्य युवा शिविर का पांचवा दिन, युवा शक्ति शाली बने: डॉ.गजराज सिंह आर्य

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नोएडा।** केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में एमिटी इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर 44 नोएडा में चल रहे आर्य युवक चरित्र निर्माण शिविर में पांचवें दिन शिक्षाविद डॉ. गजराज सिंह आर्य ने कहा कि युवकों

## अपना जीवन आदर्श बनाए : गवेन्द्र शास्त्री

को शिविर में रहकर सब कुछ सीखना चाहिए और घर पर रहकर भी अपना अभ्यास निरंतर बनाए रखना चाहिए आने वाला समय संघर्ष का समय है जो शक्तिशाली होगा वहीं जीवित रहेगा।

वैदिक प्रवक्ता गवेन्द्र शास्त्री ने कहा कि आज परिषद का 48 वाँ स्थापना दिवस है सभी को आर्य समाज के साथ मिलकर महर्षि दयानन्द के संदेश को घर घर तक पहुंचाने का कार्य करना है युवा जागरण से ही राष्ट्र जागरण होगा। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने बताया कि 3 जून 1978 में परिषद की स्थापना की थी तभी से युवा निर्माण का कार्य चल रहा है इस अभियान को और मजबूती से बढ़ाया जाएगा कार्यक्रम के अध्यक्ष दुर्गेश आर्य ने कहा कि 1982 में हम परिषद से जुड़े थे अनेको लोगों के जीवन बदल गये अनुशासन समय की मांग है,जीवन निर्माण की पहली सीढ़ी है। कार्यक्रम का संचालन आचार्य महेन्द्र भाई ने किया। इस अवसर पर पिंकी आर्या, कमल आर्य, सौरभ गुप्ता, अरुण आर्य, यज्ञवीर चौहान, राजेश कुमारी, विमला ग्रोवर, मोहित आर्य, रितम आर्य, आस्था आर्या, सुरेश आर्य आदि ने अपने विचार व्यक्त किये।






# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉक्टर साहब केशव बलिराम हेडगेवार के जीवन पर आधारित नाटक

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**गाजियाबाद (आशा चौधरी )।** राष्ट्र सेवक डॉक्टर हेडगेवार का मंचन उमापति ग्रुप द्वारा एस.पी. सिंह सेंगर के लेखन और निर्देशन में हिन्दी भवन समिति, लोहिया नगर, गाजियाबाद में हुआ।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मेरठ प्रांत के कार्यवाहक, विभाग प्रचारक, हिन्दी भवन के अध्यक्ष, महामंत्री के साथ अनेकों स्वयंसेवकों की उपस्थिति रही क आरएसएस के 100 पूरे हो रहे हैं उस उपलक्ष्य में उमापति थिएटर ने इस नाटक का मंचन किया इसमें दिखाया गया डॉक्टर साहब ने कैसे बचपन में ही अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की।

बचपन में माता पिता का साथ छूट गया बिपरीत परस्थितियों में भी स्वतंत्रता संग्राम की अलख जलाये रखी। असहयोग आंदोलन में 1 साल की कारावास उसके बाद 9 महीने की जेल, कांग्रेस में रहकर स्वतंत्रता की लड़ाई में उनका मन परतंत्रता का कारण ढूँढता रहा और उनको एहसास हुआ कि हमको संगठित रहकर ही राष्ट्र को गुलामी से बचाया जा सकता है।तब उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक की स्थापना की और हिन्दू समाज को मजबूत बनाने में कार्य किया और स्वयसेवक प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप में स्वतंत्रता के लिए शामिल रहे।

डॉक्टर साहब का उद्देश्य हिन्दू समाज मजबूत बनाते हुए राष्ट्र को परम वैभव तक पहुंचाने का रहा है । उनका मानना था हिन्दुस्थान में रहने वाला हर व्यक्ति हिन्दू है। उसी दिशा में संघ पिछले 100 सालों से काम कर रहा है और संघ से जुड़े सभी संगठन समाज में अलग क्षेत्रों में काम कर रहे।नाटक में स्वयंसेवक के साथ आम दर्शकों ने काफी सराहा हेडगेवार की भूमिका में थे विवेक कविश्वर, गर्वित गौड़ और दक्ष। जिनका अभिनय डॉक्टर साहब के बाल्य,युवा और प्रौढ़ अवस्था को जीवंत कर गया।

राघवेन्द्र तिवारी की ने पत्रकार की भूमिका बखूबी निभाई। गुरु जी और गांधी जी के किरदारों को भी कलाकारों कमाल का अभिनय किया। इसका लेखन और निर्देशन एस.पी.सिंह सेंगर द्वारा काफी शोध और इतिहासकारों के आधार पर शानदार रहा । प्रवीण,दीप, नीतेश और राज ने बखूबी अपने किरदार निभाए।मुख्य अतिथि प्रेम मेरठ प्रांत संघ चालक विशिष्ट अतिथि, देवेंद्र , विभाग कार्यवाह,अतुल, विभाग प्रचारक।

## संक्षिप्त समाचार

### युवक को अगवा करने के बाद बंधक बनाकर बेरहमी से पीटने का आरोप

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** कुछ युवकों द्वारा एक युवक को बाइक पर अगवा कर ट्यूबवैल पर ले जाकर बंधक बना कर बेरहमी से पीटने का मामला सामने आया है। सूचना पर मौके पहुंची पुलिस ने युवक को बंधनमुक्त कराया। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। नगर की सक्को वाली कॉलोनी निवासी रणजीत सिंह बुधवार सुबह करीब दस बजे काम पर गांव शोभापुर जा रहे थे। आरोप है कि बाइक सवार कई युवक आए और रणजीत सिंह को जबरन बाइक पर बैठाकर अपने साथ गांव बसंतपुर सैंथली स्थित एक ट्यूबवैल पर ले गए और एक कमरे में बंद कर दिया। आरोप है कि युवकों ने रणजीत सिंह की बेरहमी से पिटाई की। पीड़ित के बडे. भाई ने डायल 112 पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह युवक को बंधक मुक्त कराया। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। एसीपी ने बताया कि जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### छह माह से न्याय की आस में थाने के चक्कर काट रही पीड़िता, मामले में कार्रवाई न होने पर भाकियू किसान सभा करेगी आंदोलन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** थाना निवाड़ी क्षेत्र के गांव नगला मूसा निवासी एक युवती ने अपने वैवाहिक जीवन से जुड़े विवाद में पुलिस पर अपेक्षित कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने भारतीय किसान यूनियन किसान सभा के राष्ट्रीय संरक्षक सत्येंद्र त्यागी से मिलकर अपनी शिकायत रखते हुए न्याय दिलाने की मांग की।

सत्येंद्र त्यागी को मामले से अवगत कराते हुए पीड़िता शहनाज का आरोप है कि उसकी शादी लोनी क्षेत्र में हुई थी। विवाह के कुछ समय बाद ही पति तथा ससुराल पक्ष के अन्य लोगों द्वारा उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट की जाने लगी। उसने बताया कि कई बार सामाजिक स्तर पर समझौते के प्रयास हुए और उसे वापस ससुराल भेजा गया। लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ।

पीड़िता का कहना है कि उसने करीब छह माह पूर्व थाना निवाड़ी में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन अब तक उसे न्याय नहीं मिल सका है। आरोप है कि दो दिन पूर्व दोनों पक्षों को थाने बुलाया गया, जहां उसके परिजनों को देर रात तक बैठाए रखा गया। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि उसकी अनुपस्थिति में समझौते संबंधी दस्तावेज तैयार किए गए तथा उसके परिवार के साथ अभद्र व्यवहार किया गया। मामले को लेकर भारतीय किसान यूनियन किसान सभा के राष्ट्रीय संरक्षक सत्येंद्र त्यागी ने कहा कि यदि पीड़िता को शीघ्र न्याय नहीं मिला तो संगठन द्वारा गाजियाबाद कमिश्नर कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान रोहित त्यागी, धीरज त्यागी, हैप्पी त्यागी सहित गांव नगला मूसा के महबूब, इकबाल, ताज मोहम्मद, इस्लाम और मुस्तकीम समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### एनडीआरएफ टीम ने नहर में डूबे युवक की तलाश में गंग नहर में चलाया सर्च अभियान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** बच्चे को बचाने के चक्कर में नहर में डूबे गाजियाबाद निवासी युवक की तलाश में बुधवार को एनडीआरएफ की टीम ने सर्च अभियान चलाया। वहीं बुधवार को पुलिस ने नहर में नहाने जाने वाले लोगों को रोक दिया। गाजियाबाद के प्रताप विहार कॉलोनी निवासी 29 वर्षीय हरमीत सिंह अपने परिवार के साथ मंगलवार को मुरादनगर स्थित गंगनहर मे नहाने के लिए आए थे। दोपहर करीब दो बजे एक बच्चा नहर में डूब रहा था। बच्चे को तो बचा लिया, लेकिन हरमीत पानी के तेज बहाव में बह गया। बुधवार को हरमीत की तलाश में एनडीआरएफ की टीम ने गंगनहर मे सर्च अभियान चलाया। लेकिन युवक का अभी तक काई पता नहीं चल सका है। नहर में लगातार डूबने से हो रहे हादसों को देखते हुए गंगनहर घाट पर पुलिस फोर्स तैनात की गई है। बिना कारण नहर में नहाने के लिए आने वाले युवकों को वापस भेजा जा रहा है। बुधवार को नहाने वालों की सख्यां काफी कम रही। एसीपी का कहना है कि नहर में नहाने के लिए दूर दराज से लोग आते है। जिन युवकों को तैरना भी नहीं आता है, वह भी नहर के बीच में चले जाते और डूब जाते है।

# 85 वर्षीय बुजुर्ग महिला की ट्रेन की चपेट में आकर मौके पर मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**बुलंदशहर।** जिला बुलंदशहर के खुर्जा थाना क्षेत्र के दिल्ली हावड़ा रेलवे मार्ग पर 85 वर्षीय बत्ती देवी पत्नी स्वर्गीय श्याम लाल सिंह निवासी ग्राम समसपुर देर शाम रेलवे लाइन पार करके दवाई लेने के लिए जा रही थी और अचानक आई दिल्ली की तरफ से अलीगढ़ की तरफ जा रही ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई परिवार के लोगों को पता लगने पर वृद्धा के शव को अंतिम संस्कार के लिए अपने घर पर ले गए सुचना पर दादरी जीआरपी प्रभारी जितेंद्र सिंह ने बताया की खुर्जा जीआरपी प्रभारी अरविंद सिंह के अवकाश पर होने के कारण उच्च अधिकारियों के आदेश पर में समसपुर गांव पहुंचा और पंचायत नामा व पोस्टमार्टम की कार्रवाई करने के लिए कहा तो बत्ती देवी के परिजनों ने अधिक उम्र का हवाला देते हुए पोस्टमार्टम करने से इनकार कर दिया दादरी जीआरपी प्रभारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि मामला उच्च अधिकारियों को अवगत कराने के बाद फिर पोस्टमार्टम की कार्रवाई नहीं की जा सकी और परिवार जनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

# जनगणना-2027 कार्यों में लापरवाही पर सख्त रुख, तीन दिन में प्रगति सुधारने के निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** जनगणना-2027 के अंतर्गत चल रहे मकानों की गणना एवं मकान सूचीकरण (हाउस लिस्टिंग) कार्यों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री अभिषेक कुमार सिंह ने बुधवार को जूम एप के माध्यम से आयोजित समीक्षा बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए कि अगले तीन दिनों के भीतर कार्यों की प्रगति में उल्लेखनीय सुधार सुनिश्चित किया जाए। समीक्षा बैठक के दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व ने जनपद में चल रहे मकान

## कम प्रगति वाले अधिकारियों पर होगी कड़ी कार्रवाई : एडीएम वित्त एवं राजस्व

सूचीकरण कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की। कई क्षेत्रों में कार्य की धीमी गति पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि जनगणना जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध एवं त्रुटिरहित तरीके से कार्य पूर्ण कराया जाए। साथ ही अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार निरीक्षण कर प्रगति की निगरानी करने और निर्धारित लक्ष्य हर हाल में पूरा कराने के निर्देश दिए।

एडीएम ने चेतावनी देते हुए कहा कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर जिन क्षेत्रों की प्रगति असंतोषजनक पाई जाएगी, वहां के संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। वर्चुअल समीक्षा बैठक में जनपद के सभी उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, अधिशासी अधिकारी (चार्ज अधिकारी), जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा समस्त खंड शिक्षा अधिकारी मौजूद रहे।

**भूखंड आवंटित** | समरकूल इस भूखंड पर शीघ्र ही उद्योग स्थापित करेगा और 100 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करेगा

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा समरकूल होम एप्लायंसेज लिमिटेड को गीडा में 25,000 वर्ग मीटर का औद्योगिक भूखंड आवंटित

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** गोरखपुर में बुद्धवार को, गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) के अंतर्गत आयोजित औद्योगिक भूखंड वितरण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समरकूल होम एप्लायंसेज लिमिटेड के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता को 25,000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल का औद्योगिक भूखंड आवंटन पत्र सौंपा।

समरकूल इस भूखंड पर शीघ्र ही उद्योग स्थापित करेगा और 100 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करेगा। इसके साथ ही कंपनी लगभग 500 से अधिक लोगों के लिए प्रत्यक्ष रोजगार सृजित करेगी, जिससे क्षेत्रीय आर्थिक विकास को बल मिलेगा। इस अवसर पर समरकूल के सेल्स हेड नरेश बत्रा एवं कंपनी के सी एंड एफ पार्टनर संतोष इलेक्ट्रिकल्स के श्री अजय अग्रवाल भी उपस्थित रहे। आवंटन पत्र प्राप्त करने पर समरकूल के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता ने प्रदेश सरकार का धन्यवाद किया। तथा समरकूल परिवार ने उत्तर प्रदेश सरकार के चहुंमुखी विकास, प्रयासों और उद्योग जगत को दी जा रही हर संभव सहायता की सराहना की। संजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि समरकूल सदैव माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने की दिशा में पूर्ण सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है।

# युवक-युवती का हाई बोल्टेज ड्रामा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** बन्नादेवी थाना क्षेत्र में एक युवक और युवती के साथ बेल्टों से मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित



कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने एक युवक पर बेल्टों से हमला किया और बीच-बचाव करने पहुंची युवती के साथ भी मारपीट की।

पीड़ित युवक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 2 जून को अपने दोस्त के साथ मंगल बाजार नुमाइश क्षेत्र में था और एक परिचित से बात कर रहा था। इसी दौरान कुछ लोगों ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए बेल्टों से हमला कर दिया। इस शिकायत के आधार पर थाना बन्नादेवी में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आकाश पुत्र राजेन्द्र निवासी बरौला चौक, अंकुर पुत्र रामजीलाल और आशीष पुत्र जयपाल निवासी आईटीआई रोड़ चूहरपुर को गिरफ्तार कर लिया है। तीनों आरोपी बन्नादेवी थाना क्षेत्र के ही रहने वाले हैं।

# मंगलायतन विश्वविद्यालय में कंप्यूटर फंडामेंटल्स फॉर टुडेज प्रोफेशनल्स पुस्तक का विमोचन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** आज के डिजिटल युग में कंप्यूटर साक्षरता और ऑफिस ऑटोमेशन कौशल कार्यस्थल पर उत्पादकता और पेशेवर विकास के लिए अनिवार्य उपकरण बन चुके हैं। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए मंगलायतन विश्वविद्यालय के कंप्यूटर इंजीनियरिंग एंड एप्लिकेशंस विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर अर्शिल नूर द्वारा लिखित पुस्तक कंप्यूटर फंडामेंटल्स फॉर टुडेज प्रोफेशनल्स का विमोचन किया गया। कुलपति प्रो. पीके दशोरा सहित विश्वविद्यालय के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने पुस्तक का विमोचन किया। कुलपति ने लेखक को बधाई देते हुए कहा कि यह पुस्तक तकनीकी और गैर-तकनीकी, दोनों ही पृष्ठभूमि के शिक्षार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। पुस्तक में कंप्यूटर के विकास, उसकी विशेषताओं, आंतरिक घटकों, डेटा और सूचना




की अवधारणाओं के साथ इनपुट-आउटपुट डिवाइस, स्टोरेज तकनीक और ऑपरेटिंग सिस्टम जैसे मूलभूत विषयों को सरल और व्यावहारिक दृष्टिकोण से समझाया गया है। कुलसचिव मनोज के. और परीक्षा नियंत्रक प्रो. दिनेश शर्मा ने संयुक्त रूप से कहा कि यह पुस्तक विद्यार्थियों और पेशेवरों को ध्यान में रखकर तैयार की गई है जो आधुनिक डिजिटल कार्यस्थलों के अनुकूल स्वयं को तैयार करना चाहते हैं। इंजीनियरिंग संकाय के निदेशक प्रो. राजेश उपाध्याय और विभागाध्यक्ष डा. लव मित्तल ने पुस्तक की सराहना करते हुए कहा कि यह पुस्तक निश्चित रूप से विद्यार्थियों की कार्यकुशलता और कंप्यूटर ज्ञान को नया आयाम देगी।

# पायोनियर 86 एम 11 की फर्जी पैकिंग को लेकर जिला कृषि अधिकारी से मिले किसान व राष्ट्रीय प्रवक्ता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** गोंडा दरबार के प्रधान घूरे सिंह के छोटे भाई मुकेश कुमार अपनी 33 बीघा बाजार की बर्बाद फसल को लेकर भारतीय किसान यूनियन चौधरी चरण सिंह के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी सत्यवीर सिंह सत्तो को अपने साथ लेकर जिला कृषि अधिकारी धीरेंद्र चौधरी से मिले किसान मुकेश का कहना है कि हमने मोहित बीज भंडार गोंडा से 38 बीघा खेत के लिए बाजार पायोनियर 86 एम 11 का बीज खरीदा था जिसमें केवल पांच बीघा बाजार ठीक है बाकी पायोनियर की पैकेट में नकली बीज देकर मेरी 33 बीघा बाजार की फसल नष्ट हो गई है वहीं राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि ऐसी फर्जी बीज दवा बेचने वाली सभी दुकानों से सैंपल लेकर उनके खिलाफ संविधानिक कार्यवाही की जाए ताकि भविष्य में अन्य किसी किसान के साथ ऐसा धोखा ना हो वहीं जिला कृषि अधिकारी ने आश्वासन दिया है कि जनपद अलीगढ़ की ऐसी दुकानों की जांच कर इनके लाइसेंस निरस्त किये जाएंगे वहीं फर्जी बीज दवा बेचने वाली दुकानों को सीज किया जाएगा जो किसान हित में जरूरी है।



# महिला दुकानदार से पांच लाख की ठगी, पीडिता छोडे गये नकली नोटों से भरे बेग को पुलिस नहीं ले गई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** थाना सिविल लाइन रामघाट रोड़ एक महिला दुकानदार से पांच लाख की ठगी का मामला प्रकाश में आया। पीडिता ने घटना की जानकारी पुलिस को दी और 23 मार्च 2026 को रिपार्ट दर्ज हो गई। पीडित महिला ने बताया कि ठगी करने के बाद युवक टेम्पों में भागते समय नकली नोटों से भरा बैग जिसमें 17 नोट 5 सौं रुपए की असली नोट लगे हुए थे। उसकी दुकान पर छोड़ गया।

मेडीकल स्टोर की दुकान है। चित्रा मीत्तल ने बताया कि उसकी रामघाट रोड़ थाना सिविल लाइन अन्तर्गत एसएमबी इंटर कॉलेज की मार्केट में मित्तल मेडीकल स्टोर की दुकान है। पुलिस दिया, लेकिन पुलिस बैग नहीं ले गई जा आज तक अभी उसी के पास है और



नहीं ठगी करने वाले युवक को गिरफ्तार सकी है।

पीडिता चित्रा ने बताया कि पुलिस ने उसकी रिपोर्ट करली, लेकिन पुलिस ने अभी तक नगली नोटों से भरा बैग अभी तक उसके पास रखा हुआ है, जिसे पुलिस अभी तक नहीं ले गई है। जबकि वह पुलिस को कईबार कह चुकी है। उसने बताया कि बैग में रखे नकली नोटों की गड्डी के ऊपर 5 सौं रुपए के असली नोट लगे हुए हैं।

उसने बताया कि जिस बैग को ठगी करने वाला व्यक्ति छोड़कर भाग गया, उसमें कुछ कपड़े और मोबाइल नं0 भी लिखा हुआ रखा था। पीडिता दो बार एसएसपी से भी मिलने के लिए गई थी।

लेकिन एसएसपी कार्यलय पर महिला पुलिस कर्मी ने उन्हे मिलने दिया और एकबाद विवेचना कर रहे हैं, एसआई बहाने से उसे बुला लाये। लेकिन अभी तक ठगी करने वाले व्यक्ति को नहीं पकड़ नहीं पाई है।

# भाजपा ब्लॉक प्रमुख के आंगन में रसोइये ने लगाई फांसी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** बिजौली क्षेत्र में ब्लॉक प्रमुख के आवास पर कार्यरत एक 27 वर्षीय रसोइये ने कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। हालांकि, मृतक के परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया, जिसके बाद पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक बिजौली ब्लॉक प्रमुख के आवास पर रसोइये का कार्य करता था। बताया गया कि मंगलवार सुबह उसकी अपनी पत्नी से फोन पर किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। इसके बाद वह मानसिक रूप से परेशान दिखाई दे रहा था। ग्रामीणों के मुताबिक, पति-पत्नी के बीच पिछले कुछ समय से घरेलू विवाद भी चल रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना के समय आवास पर परिवार के अधिकांश सदस्य बाहर गए हुए थे। इसी दौरान युवक ने घर के आंगन में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। कुछ समय बाद जब लोगों की नजर उस पर पड़ी तो घटना की जानकारी हुई। इसके बाद परिजनों को सूचना दी गई और वे मौके पर पहुंच गए। घटना के संबंध में किसी ने पुलिस को हत्या की सूचना दे दी थी। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हुआ। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी कर रही थी, लेकिन परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया।



कार्यवाहक थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह ने बताया कि परिजनों की सहमति न मिलने पर आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी कर दी गई हैं। मृतक अपने पीछे पत्नी और एक छोटे बेटे को छोड़ गया है।

# जनगणना वाले बताकर महिला समेत तीन लोग घर में घुसकर वृद्ध के साथ की मारपीट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** सुदामापुरी में उस समय हडकंप मच गया कि जब एक महिला और दो अन्य साथियों के साथ घर में घुस गई और ग्रह स्वामी के साथ मारपीट की। बताते हैं कि महिला के साथ आये दोनों व्यक्तियों ने अपने आपको जन-गणना वाला बताया और घर में घुस गये और मारपीट करने लगे। शोर शराबा सुनकर आस-पडौस के लोग एकत्रित हो गये।




थाना सिविल लाइन क्षेत्र सुदामापुरी गली नं0 4 निवासी आनन्द भारद्वाज पुत्र स्व0 बनवारीलाल के बेटे कृष्ण कुमार भारद्वाज ने गुरूग्राम हरियाणा में अपने साथ काम करने वाली तान्या पुत्री लक्षमण सैनी से लव मैरिज की थी। दोनों का एक ढ़ाई वर्ष का बेटा है। 8 मार्च 2026 को कृष्ण कुमार अपने घर के अन्दर मृत अवस्था में मिला था। पुलिस द्वारा कराये गयी पोस्टमार्टम रिपार्ट में जहर के कारण मौत होना पाया गया था। सूचना पर आनन्द अपने परिवार के साथ गुरूग्राम पहुंचे थे। बेटे के शव का अलीगढ़ लाकर अंतिम संस्कार किया था। उनका कहना है कि कृष्ण का एक बेटा भी था, वह उसी दिन उनको भी उसी दिन अपने साथ अलीगढ़ ले आये थे, लेकिन तान्या उनके साथ अलीगढ़ नहीं आई थी। आनन्द ने तान्या पर बेटे को जहर देकर मारने का शक जाहिर किया था। तब से अब तक तान्या ने कभी भी अपने बेटे को कभी देखने नहीं आई थी। गुरूवार को तान्या अपने साथ दो अज्ञात लोगों के साथ अलीगढ़ उनके घर पर आई। उन्होने बताया कि उसके साथ आये दोनों व्यक्तियों ने जन-गणना वाले बताकर घर का दरवाजा खटखटाया जब उनके द्वारा दरवाजा खोला तो तीनों लोग घर के अन्दर घुस गये और मारपीट करने लगे और गला दबा दिया और जबरन बच्चे को ले जाने लगे। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गयी। महिला समेत सभी को थाना सिविल लाइन ले गयी।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय को कांग्रेस से राज्यसभा प्रत्याशी बनाए जाने की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** अखिल भारतीय पंचायत परिषद उत्तर प्रदेश के पदाधिकारीयों जिला अध्यक्षों एवं प्रमुख साथियों की एक आवश्यक बैठक अखिल भारतीय पंचायत परिषद के राष्ट्रीय कार्यवाह का अध्यक्ष डॉ अशोक चौहान की अध्यक्षता में पंचायत परिषद कार्यालय पर संपन्न हुई, महासचिव जिसमें सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास कर अखिल भारतीय पंचायत परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार को आंध्र प्रदेश या तेलंगाना से राज्यसभा में संसद के लिए।



कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व श्रीमती सोनिया गांधी कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे एवं नेता विरोधी दल राहुल गांधी से राज्यसभा प्रत्याशी बनाए जाने की मांग की इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी गवेंद्र सिंह ने कहा सुबोध कांत सहाय पूरे देश में बहुत ही लोकप्रिय मिलनसार संघर्षशील अनुभवी नेता है प्रदेश एवं केंद्र सरकार में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर रहकर उन्होंने अपनी कार्य शैली की जनता में अमिट छाप छोड़ी है करण यादव मैनपुरी कुं राजा बाबू गहलोत हाथरस संगीता यादव राजेंद्र सिंह उर्फ राजू पूर्व प्रधान जिला अध्यक्ष कासगंज शाहरुख खान प्रधान जिला अध्यक्ष जालौन आशुतोष पांडे इलाहाबाद विक्रम सिंह सिसोदिया इलाहाबाद गणेश त्रिपाठी पूर्व प्रधान इटावा समाजसेवी नागेंद्र सिंह सोलंकी मुजीबुर रहमान एडवोकेट जिला महासचिव अलीगढ़ कुर्व कुशवीर सिंह एडवोकेट दीपक तोमर प्रमोद कुमार बघेल गाजियाबाद भगवान सिंह यादव प्रधान जिला अध्यक्ष संभल लुकमान पूर्व वाइस चांसलर अलीगढ़ वार के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ठाकुर नरेंद्र सिंह एडवोकेट अर्पित चौधरी गाजियाबाद सद्दाम खान बदायूं डॉक्टर संयोगिता मेरठ जिला अध्यक्ष आदि लोगों ने भाग लिया।

# श्री गंगा सेवा समिति की जिला समिति का गठन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** श्री गंगा फार्म हाउस मेलरोज बाईपास पर संस्था के प्रदेश प्रभारी नीलेश उपाध्याय एवं जिलाध्यक्ष मदन गोपाल पाराशर द्वारा संगठन को आगे दिशा देने के लिए श्री गंगा सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठा श्योरज सिंह और कार्यकारी अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा भईया जी के नेतृत्व में संस्था की जिला कमेटी की इकाई का स्थायी गठन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष ठा श्योराज सिंह द्वारा नयी कार्यकारिणी को संस्था के उद्देश्य और जन मानस के लिए समर्पित होने का भाव बताया गया।

कार्यकारी अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा ने बताया पिछले लम्बे समय से श्री गंगा सेवा समिति माँ गंगा के आशीर्वाद से निस्वार्थ समाज में अनेकों काम कर रही है चाहे वो मंदिरों की सफाई हों या गंगा घाटों से कचरा उठाने की बात हों या राजघाट पर वस्त्र बदलने की व्यवस्था और जल को स्वच्छ बनाने की पहल ऐसे अनेकों काम संस्था ने पूर्व में किये है। मुख्य अतिथि के रूप में शहर विधायक मुक्ता संजीव राजा उपस्थित रही और उन्होंने कहा हम सब मिलकर जल को बचाने और पर्यावरण को सुरक्षित रखने की पहल करनी होंगी



मंच का संचालन नीलेश उपाध्याय ने किया कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य महिपाल शर्मा ने की ठा श्योराज सिंह ने नयी इकाई को दायित्व ग्रहण कराया। जिसमें जिला महामंत्री के रूप में नरेन्द्र गौतम, कुंज बिहारी दुबे, मनोज शर्मा कोषाध्यक्ष नवनीत शर्मा सह कोषाध्यक्ष पुष्पेंद्र जादौन संगठन मंत्री रिंकू शर्मा, सह संगठन मंत्री सुनील शास्त्री मीडिया प्रमुख ओ पी शर्मा सह मीडिया प्रमुख हरिओम अग्रवाल उपाध्यक्ष सतेंद्र द्विवेदी अनूप उपाध्याय, पिंकी शर्मा, राज कुमार गुप्ता, उमेश गौड़ प्रतिभा शर्मा, मंत्री अजीत चौधरी ,दिलीप निषाद, भूपेंद्र लोधी, नीतू आशीवाल, गोपाल शर्मा कार्यकारिणी सदस्य कपिल शर्मा प्रधान ने शपथ ली इस मौके पर संस्था के संस्थापक किरन कुमार झा, ई राम कुमार शर्मा, गिर्राज शर्मा, आभा वार्ष्णेय, आदित्य नारायण अवस्थी, एम पी सिंह, दया शंकर शर्मा, रवि करण सिंह, महिपाल शर्मा, बीड़ी शर्मा, प्रतिभा शर्मा, पूनम पाराशर, प्रकाश पचौरी, वीरेंद्र चौधरी, सौरभ वशिष्ठ, भानु प्रकाश शर्मा, सतीश लोधी, सुरेश कुंतल पावन शर्मा आदि मौजूद रहें।

**आयोजन** — विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना के उपरांत सुंदरकांड पाठ प्रारंभ हुआ

# हनुमानगढ़ी मंदिर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन,श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अतरौली।** पाली रोड स्थित प्राचीन हनुमानगढ़ी मंदिर में मंगलवार को धार्मिक वातावरण के बीच सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान श्रीराम और बजरंगबली के जयकारों से पूरे परिसर को भक्तिमय बना दिया। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का आना-जाना शुरू हो गया था। विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना के उपरांत सुंदरकांड पाठ प्रारंभ हुआ। पाठ के दौरान श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर नजर आए और भगवान हनुमान से क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की।

कार्यक्रम के समापन पर आयोजित आरती में बड़ी संख्या में भक्तों ने सहभागिता की। इसके बाद मंदिर समिति की ओर से श्रद्धालुओं को





प्रसाद वितरित किया गया। प्रसाद ग्रहण करने के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं।

मंदिर के पदाधिकारियों ने बताया कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से लोगों में आध्यात्मिक चेतना बढ़ती है और समाज में आपसी भाईचारा एवं सद्भाव मजबूत होता है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं का कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

सुंदरकांड पाठ और प्रसाद वितरण के दौरान मंदिर परिसर पूरी तरह भक्तिमय माहौल में डूबा रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान हनुमान के चरणों में माथा टेककर परिवार की सुख-समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना की।

# फिरदौस नगर में दो गुटों में फायरिंग,युवक घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** फिरदौस नगर में दो गुटों के बीच हुए विवाद में फायरिंग हो गई। इस घटना में 22 साल के फैजान नामक युवक गोली लगने से घायल हो गया। सूचना मिलते ही सिविल लाइंस थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी।

क्षेत्राधिकारी तृतीय अलीगढ़ सर्वम सिंह ने बताया कि मंगलवार शाम करीब 6:30 बजे डायल-112 पर फिरदौस नगर में झगड़े और एक युवक के घायल होने की सूचना मिली थी। इसके बाद सिविल लाइंस थाना पुलिस और वरिष्ठ अधिकारी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस की प्रारंभिक जांच के अनुसार, घायल फैजान पुत्र एजाज, निवासी फिरदौस नगर, अपने दोस्त आतिफ के साथ था। इसी दौरान आतिफ का अयान नामक युवक से किसी बात पर विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर अयान पक्ष के किसी व्यक्ति ने गोली चला दी। गोली फैजान के पैर में लगी, जिससे वह घायल हो गया। फैजान को तत्काल जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज (जेएनएमसी) में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लिया है और जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित की गई हैं। सिविल लाइंस थाने में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# भाजपा मंडल अध्यक्ष रेलवे के गेट नंबर 40 पर ओवर ब्रिज बनवाने की मांग की, भाजपा सांसद को मंडल अध्यक्ष ने सौंपा मांग पत्र

**सांसद ने केन्द्रीय रेल,सूचना एवं प्रसारण मंत्री को लिखा पत्र**

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** भाजपा मंडल अध्यक्ष उत्तरी प्रशांत त्यागी ने रेलवे के गेट नंबर 40 पर फ्लाई ओवर बनवाने की मांग करते हुए मेरठ हापुड़ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा सांसद अरुण गोविल को मांग पत्र सौंपा। सांसद ने भी केन्द्रीय



रेल,सूचना एवं प्रसारण मंत्री को लिखा पत्र लिखकर जनहित में फ्लाई ओवर का निर्माण कराने की मांग की। भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रशांत त्यागी ने सांसद अरुण गोविल को बताया कि नगर क्षेत्र में स्वर्ग आश्रम रोड जो शहर से एक दर्जन से ज्यादा गांवों को जोडने का एकमात्र रास्ता है। इस रोड पर पहले से ही दो रेलवे लाइन बनी हुई हैं,जिनमें से सिर्फ एक पर ओवरब्रिज बना है, जबकि दूसरी रेलवे लाइन पर ओवर ब्रिज नहीं बनने के कारण जनता के लिए रोजाना की परेशानी का सामना करना पड़ता है।

उन्होंने कहा कि उक्त मार्ग पर कई स्कूल, अस्पताल,शादी के मंडप बन गए हैं और रोजाना के कामों के लिए शहर और गांव के लोगों को इस रेलवे लाइन को पार करना पड़ता है। रेलवे लाइन पर मालगाडियां व रेलगाड़ी आती-जाती रहती हैं,जिनका कोई समय तय नहीं है,जिस वजह से यह सड़क लंबे समय तक बंद रहती है। बच्चों को स्कूल जाना पड़ता है,बीमारों को अस्पताल पहुंचना पड़ता है और दूसरे रोजाना के काम निपटाने पड़ते हैं। इस रेलवे लाइन पर कई बार ओवरब्रिज और अंडर पास का प्रस्ताव दिया गया है,लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो सकी है।

**जिलाधिकारी के नाम 5 सूत्रीय मांग पत्र एसडीएम को सौंपा**

# भाकियू व किसानों ने सदर एसडीएम कार्यालय पर किया धरना प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** भारतीय किसान यूनियन के युवा जिलाध्यक्ष ज्ञानेश्वर त्यागी के नेतृत्व में पदाधिकारियों व किसानों ने जिले के किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए सदर एसडीएम कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। जिसके उपरांत जिलाधिकारी के नाम पांच सूत्रीय मांग पत्र उपजिलाधिकारी इला प्रकाश को सौंपा।

जिलाधिकारी कविता मीना को भेजे गये मांग पत्र में कहा कि जिले में संचालित सिंभावली शुगर मिल व ब्रजनाथ शुगर मिल पर वर्ष 2025-26 को गन्ने के बकाये का भुगतान कराने, जिले में आवारा छुट्टा पशुओं को पकड़वाने,गन्ना समिति हापुड़ में गन्ना समिति के अधिकारियों द्वारा किये गये घोटाले की जांच कराने,जिले व तहसील में अवैध खनन जोरों से चल रहा है,जिसे तत्काल रोकने व खनन करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने,बैंकों द्वारा किसानों को केसीसी को लोन 3 प्रतिशत ब्याज पर दिया जाता है,कुछ समय उपरांत 7 प्रतिशत ब्याज कर दिया,किसानों को छूट कर 4 प्रतिशत ब्याज वापिस किया जाये। इस अवसर पर मुकेश त्यागी,हरीश त्यागी, नवीन त्यागी,परवेज त्यागी, कलवा अब्बासी, कृष्णवीर सिंह, इमरान त्यागी, अरुण, प्रदीप, रविन्द्र सिंह, दयाराम, सुनील कुमार, सतपाल, ताराचंद, नासिर अली आदि सैकड़ों किसान मौजूद रहे।





# पेड़ बचाओ,जीवन बचाओ: डीएम ने कलेक्ट्रेट परिसर में किया पौधारोपण

- रोपित किये पौधों की नियमित देखभाल करनी चाहिए:कविता
- वित्तीय वर्ष में जिले में करीब 12 लाख पौधे रोपित किये जायेंगे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** बुधवार को जिलाधिकारी कविता मीना ने पेड़ बचाओ,जीवन





बचाओ कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्ट्रेट परिसर में पौधारोपण किया गया। पर्यावरण संरक्षण एवं हरित आवरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पौधे रोपित किये गये। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से पौधारोपण करने का भी आहवान किया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी कविता मीना ने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक दिन का कार्य न होकर सतत प्रक्रिया है। रोपित किये गये पौधों की नियमित देखभाल, सिंचाई एवं संरक्षण सुनिश्चित किया जाए,ताकि वे स्वस्थ रूप से विकसित हो सकें।

उन्होंने कहा कि सभी को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए अधिक से अधिक पौधरोपण करने,पेड़ों के संरक्षण हेतु प्रयास करने तथा स्वच्छ एवं हरित वातावरण के निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया गया।

डीएम ने कहा कि वर्ष 2026-27 में शासन के निर्देश पर जनपद में विभिन्न स्थानों पर विभिन्न प्रजातियों के करीब 12 लाख पौधे रोपित किये जायेंगे। पौधे रोपित कर पृथ्वी का श्रृंगार करें।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संदीप कुमार व एडीएम न्यायिक मोनिका सिंह सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# शिवरात्रि पर्व तैयारी : डीएम-एसपी ने जिले के प्रमुख शिवालयों का स्थलीय निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** जिलाधिकारी कविता मीना व पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानेजय सिंह ने आगामी महाशिवरात्रि पर्व के मद्देनजर जनपद के प्रमुख




शिवालयों एवं आसपास के क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। जिसके उपरांत श्रद्धालुओं की सुविधा,सुरक्षा एवं सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

आपको बता दें,आगामी महाशिवरात्रि पर्व के मद्देनजर पुलिस प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। जिलाधिकारी कविता मीना व पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानेजय सिंह ने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ जनपद के प्रमुख शिव मंदिरों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण उपरांत निर्देशित करते हुए कहा कि मंदिरों तक जाने वाले मार्गों को शीघ्र ठीक कराकर सुगम एवं सुरक्षित बनाये,मार्गों पर लटके अथवा ढीले विद्युत तारों को तत्काल सही कराया जाए जिससे किसी प्रकार की दुर्घटना की संभावना न रहे,क्षतिग्रस्त या झुके हुए विद्युत पोलों को दुरुस्त कराकर सुरक्षित

**मंदिरों को जाने वाले मार्गों को सुगम व सुरक्षित बनाने के दिये निर्देश**

किया जाए,प्रमुख मार्गों एवं शिवालयों के आसपास स्पष्ट एवं पर्याप्त दिशा-सूचक संकेतक (साइन बोर्ड) लगाए जाएं, ताकि श्रद्धालुओं को आवागमन में सुविधा हो,शिवालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता सुनिश्चित की जाए। डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से पूर्ण कर ली जाएं, ताकि पर्व के अवसर पर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े और पर्व शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हो।

# पुलिस एनकाउंटर नहीं करती,, अपनी अभिरक्षा में गोली चलाती है: पंडित आरडी शर्मा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना ।** राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ एवं मेरी आवाज सुनो फाउंडेशन के अध्यक्ष पंडित आरडी शर्मा ने कहा कि खोड़ा कॉलोनी गाजियाबाद में बकरा ईद के दिन बकरे की जगह सूर्य प्रताप की कुबार्नी देने वाले असद की पुलिस की गोली से हुई मौत के बारे में सरकार पर सवाल उठा रहे हैं । जो बेहद ही शर्मनाक हैं उन्होंने कहा 95 फीसदी आरोपी को जब पुलिस पकड़ने जाती है वे शांति से सरेंडर कर देते हैं । लेकिन जघन्य कांड को अंजाम देने वाले इंसान की कुबार्नी देने वाले असद जैसे जिहादी पुलिस को भी नहीं छोड़ते । गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस टीम पर भी फायर करते हैं । और यदि अपनी सुरक्षा में पुलिस ने गोली चलाई उससे उसकी मौत हो गई। इसमें किसी का क्या कसूर है



पुलिस में भर्ती हमारे जवान इन जेहादियों की गोली से मरने के लिए भर्ती हुए हैं क्या, उनका कोई मान सम्मान इज्जत स्वाभिमान परिवार नहीं है । एनकाउंटर तो मीडिया की भाषा है । पुलिस कभी एनकाउंटर नहीं करती । पुलिस हमेशा पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए देश प्रदेश में शांति अमन भाईचारा बनाने के लिए कार्य करती है । लेकिन इस शांति को भंग करने के लिए जो अपराधी कार्य कर रहे हैं । उनको किसी भी सूरत में बक्सा नहीं जाएगा । पुलिस कभी किसी अपराधी को मारना नहीं चाहती । पुलिस चाहती है उसे जेल भेजें । कानून द्वारा उसे सजा हो । और पीड़ित को न्याय मिले । यही योगी सरकार चाहती है। लेकिन जब अपराधी पुलिस पर ही गोली चलाएगा तो उसे जहन्नुम में जाना ही पड़ेगा ।

# देहरा क्रिकेट प्रीमियम लीग टूर्नामेंट का भव्य उद्घाटन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना।** क्षेत्र के जिला पंचायत वार्ड नम्बर 17 में आयोजित देहरा क्रिकेट प्रीमियम लीग टूनार्मेंट का भव्य शुभारंभ मुख्य अतिथि शहजाद चौधरी खिचरा (प्रत्याशी सदस्य जिला पंचायत, वार्ड नम्बर 17, धौलाना) द्वारा फीता काटकर किया गया।

उद्घाटन समारोह के दौरान क्षेत्रवासियों एवं आयोजन समिति के सदस्यों ने मुख्य अतिथि का फूल-मालाओं और शॉल पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम में खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों और क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

अपने संबोधन में शहजाद चौधरी खिचरा ने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, भाईचारा और टीम भावना को मजबूत करने का सबसे बेहतर माध्यम हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ





प्रतियोगिता में भाग लेने और क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि ऐसे खेल आयोजनों से युवाओं की प्रतिभा को मंच मिलता है और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त होता है। टूर्नामेंट के शुभारंभ के साथ ही खिलाड़ियों और दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के अंत में आयोजन समिति एवं क्षेत्रवासियों ने सभी टीमों और खिलाड़ियों को सफल प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएँ दीं।

**निर्देश** शहर में 23 छोटे व मझले नालों की सफाई का कार्य पूर्ण

# एसडीएम व तहसीलदार करेंगे नाला सफाई का निरीक्षण: कविता मीना

- शहर के पांच बड़े नालों की सफाई कराने के लिए नपा ने छोड़ा टेंडर
- मानसून से पूर्व सभी नालों की सफाई का कार्य होगा पूण:र्चीफ
- जिले की तीनों नगर पालिका व नगर पंचायत को नालों की सफाई कराने के दिये निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** आगामी बरसात के दिनों में जिला मुख्यालय पर जल भराव की समस्या उत्पन्न नहीं हो,इसलिए नगर पालिका परिषद द्वारा शहर के सभी छोटे व मझले नालों की जेसीबी मशीन से सफाई करा रही हैं। 3 जून तक 23 नालों की सफाई का कार्य पूर्ण हो गया है। शहर के पांच बड़े नालों की सफाई कराने के लिए टेंडर छोड़ा गया है। जिलाधिकारी ने नाला सफाई का निरीक्षण करने के लिए डिप्टी कलेक्टर,एसडीएम व







तहसीलदार की डयूटी लगाई है।

आपको बता दें कि शहरी क्षेत्र में छोटे बड़े 49 नाले हैं। प्रतिवर्ष बरसात शुरू होने से पूर्व नगर पालिका परिषद द्वारा नालों की सफाई कराई जाती हैं। लेकिन मुख्य नाले सिकन्दर गेट,शिवगढ़ी सहित पांच नाला की सफाई नहीं होने के कारण बरसात के दिनों में जल भराव की समस्या उत्पन्न होने के कारण शहर की जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता हैं। इस बार शासन ने भी नालों की पूर्ण रूप से सफाई कराने के नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश दिये हैं।

जिसे ध्यानार्थ रखते हुए नगर पालिका परिषद के मुख्य सफाई निरीक्षक आवेश कुमार की देखरेख में सिटी के छोटे व मझले नालों की सफाई जेसीबी मशीन द्वारा कराई जा रही हैं। बरसात में शहर में जल भराव की समस्या उत्पन्न नहीं होगी। क्योंकि सभी नालों की सफाई जेसीबी मशीन से कराई जा रही हैं। बरसात शुरू होने से पूर्व नालों की सफाई का कार्य पूर्ण हो जायेगा।

मुख्य सफाई निरीक्षक आवेश कुमार ने शहर की जनता से नाले नालियों में पालीथीन नहीं डालने का आह्वान किया हैं। मानसून आने से पूर्व शहर के सभी छोटे बड़े 49 नालों की सफाई का कार्य पूर्ण हो जायेगा। जिससे बरसात के दिनों में शहर में जल भराव की समस्या उत्पन्न नहीं होगी। 23 छोटे व मझले नालों की सफाई का कार्य पूर्ण हो गया है। पांच बड़े नालों की सफाई कराने के लिए टेंडर छोड़ा गया है। ठेकेदार द्वारा 4 जून से नाला सफाई का कार्य शुरू करा दिया जायेगा।

वहीं जिलाधिकारी कविता मीना ने बताया कि जनपद की तीनों हापुड़, पिलखुवा, गढ़मुक्तेश्वर नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत बाबूगढ़ को नालों की सफाई कराने के निर्देश दिये गये है। जिसके बाद से नालों की सफाई का कार्य जारी है।


डीएम ने बताया कि उनके द्वारा शहर में नाला सफाई का निरीक्षण करने के लिए डिप्टी कलेक्टर,उपजिलाधिकारी,तहसीलदार व नायब तहसीलदार की डयूटी लगाई है। निरीक्षण के जीओ टैंग फोटो व रिपोर्ट उनके सम्मुख प्रेषित करेंगे।

# गांव खिचरा में सर चढ़कर बोल रहा है सूद खोरो का आतंक, महिलाओं के साथ अभद्रता करने से भी नहीं चूकते

**पीड़िता ने एसपी से की शिकायत**

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना।** थाना धौलाना क्षेत्र अंतर्गत गांव शेखपुर खिचरा में ब्याज पर रुपए देकर महिलाओं की इज्जत से खेलने का प्रयास करने का मामला प्रकाश में आया है । पीड़ित पक्ष ने एसपी हापुड़ को शिकायती पत्र दे सुरक्षा की गुहार लगाई है । गांव शेखपुर खिचरा निवासी एक व्यक्ति ने जानकारी देते हुए बताया कि उसने 20 हजार रुपए बेहद जरूरत पड़ गई थी । तब उसने पर 10 प्रतिशत भारी भरकम ब्याज पर गांव हसनपुर के एक युवक से बीस हजार रु लिये थे । कुछ समय बाद उसने रुपए ब्याज सहित वापस भी कर दिये । आरोप है कि बावजूद इसके सोमवार 1 जून 2026 को लगभग 10 बजे रात्रि में सूदखोर उसकी गैर मौजूदगी में घर पर आया और उसकी पत्नी से कहा कि उसका पति कहा है , पत्नी ने कहा कि वह तो फैक्ट्री में काम पर गये है, सुबह आयेंगे, तभी सूदखोर कहा कि एक गिलास पानी पिला दो, जैसे ही उसकी पत्नी पानी लेने के लि घर के अंदर गई तो दुदखोर ने पीछे से उसकी पत्नी को दबोच लिया और गलत करने का प्रयास करने लगा । पत्नी ने शोर मचाया तो आस पड़ोस के लोग आ गए । जिस पर गुस्साए सूदखोर ने इसकी पत्नी को गंदी गंदी गाली और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। लोगों ने बताया कि सूदखोर शराब के नशे में था । पीड़ित पक्ष ने एसपी को शिकायती पत्र प्रेषित कर कार्रवाई की मांग की है ।



Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

## सम्पादकीय

# इंतजामों को अधिक सक्रिय करने की जरूरत



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

हमारे देश के वनों में गर्मियों के दिनों में आग लगना एक लगातार सिलसिला है। अप्रैल का महीना शुरू हुआ कि आग से जंगल धधकने लगते हैं। जंगल की आग पर्यावरण की दृष्टि से तो खतरनाक है ही जनजीवन और बायोडायर्वसटी की दृष्टि से भी हानिकारक है। ऐसे समय में जब जंगलों में आग लगती है तो देखा गया है कि उसकी तैयारी में सरकार विफल रही है।

देश के वनों में अप्रैल माह में आग की घटनाओं को देखें तो देश में हाल फिलहाल 361 जगह वनों में आग लगी हैं। इन घटनाओं की निगरानी को फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया की साइट पर लांच बीटा संस्करण एसएनपीपी-वीआईआईआरएस का 10 अप्रैल, 2024 का भारत के वनों में लगी भीषण आग का मौजूद आंकड़ा बताता है कि सबसे अधिक आंध्र प्रदेश में 122, तेलंगाना में 55, छत्तीसगढ़ में 47, उत्तराखंड में 32, बिहार में 23, ओडिसा में 22, उत्तर प्रदेश में 17 सहित 21 राज्यों में 361 जगह आग लगी थी जो 13 अप्रैल को घट कर काबू होने के बाद 33 रह गई।

1अप्रैल को देश के वनों में 132 बड़ी आग लगी थी जो 10 अप्रैल को 361 जगह तक पहुंच गई है। अप्रैल माह में पिछले 7 दिनों का आंकड़ा देखें तो एक्टिव आग की घटनाओं में टॉप फाइव राज्यों में छत्तीसगढ़ में 166, आंध्र प्रदेश में 248, मध्य प्रदेश में 207, ओडिसा में 146 और असम में 139 जगहों पर बड़ी आग लगी। वहीं 1 नवम्बर, 2023 से 2024 में बड़ी आग की घटनाओं में टॉप फाइव राज्यों में आंध्र प्रदेश में 860, मध्य प्रदेश में 719, तेलंगाना 688, महाराष्ट्र में 547 और छत्तीसगढ़ में 527 बार आग लगी, जबकि वर्ष 2022-2023 में तो पूरे देश के वनों में 12562 आग की घटनाएं हुई। जंगल की आग से वनों का क्षरण तो होता ही है बहुमूल्य वन संपदा और कार्बन भी नष्ट हो जाते हैं। वनों का पारिस्थितिकी तंत्र भी प्रभावित होता है। यह देखा गया है फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया के अनुसार जंगल की आग को मॉनिटर करने के लिए भारत में 2004 से शुरू सेटेलाइट की रिमोट सेंसिंग मोडिस अर्थात मॉडरेट रेजोल्यूशन इमेजिंग स्पेक्ट्रो रेडियोमीटर सेंसर और 2017 से भारतीय सेटेलाइट से सम्पूर्ण भारत में एसएनपीपी-वीआईआईआरएस अर्थात सुओमी-नेशनल पोलर आर्बिटिंग पार्टनरशिप-विजिबल इंफ्रारेड इमेजिंग रेडियोमीटर सूट के साथ जीआईएस टूल्स की मदद से वनों की आग को मॉनिटर किया जा रहा है। देश का कुल 32,87,469 वर्ग किलोमीटर भौगोलिक क्षेत्र है। नवीनतम आईएसएफआर 2021 के अनुसार देश का कुल 7,13,789 वर्ग किलोमीटर वन आवरण है। जो देश के भौगोलिक क्षेत्र का 21.71 प्रतिशत है। वन सर्वे ऑफ इंडिया का अनुमान है कि देश में 36 प्रतिशत से अधिक वन क्षेत्र में बार-बार आग लगती रहती है। देश के करीब 4 प्रतिशत वन क्षेत्र में अधिक तो 6 प्रतिशत भाग में सबसे अधिक खतरा पाया गया है। ग्लोबल फॉरेस्ट वाच के अनुसार विश्व स्तर पर आग से वर्ष 2001 से 2022 के बीच 126 मिलियन हेक्टेयर वनों का नुकसान हुआ। इनमें वर्ष 2016 ऐसा वर्ष रहा जिसमें आग से सबसे अधिक 9.63 मिलियन हेक्टेयर वन आवरण का नुकसान हुआ। पिछले कुछ दशकों में आग की घटनाओं को देखें तो 2001 से 2022 के बीच भारत में आग की घटनाओं से 35.9 हेक्टेयर वृक्ष आवरण को नुकसान और 2.15 मेगा हेक्टेयर वृक्ष आवरण का नुकसान अन्य कारणों से हुआ। इसमें भी 2008 में आग से सबसे अधिक कुल 3.5 प्रतिशत वृक्ष आवरण का नुकसान हुआ। अगर 12 अप्रैल 2021 से 8 अप्रैल 2024 के बीच आज की घटनाओं की बात की जाए तो 5,29,248 के माध्यम से बड़ी आज की घटनाएं रिपोर्ट की गई है।

# क्या नए राजनीतिक युग की शुरूआत करेंगे अन्नामलाई?



महेन्द्र तिवारी

तमिलनाडु की राजनीतिक भूमि हमेशा से भारतीय राजनीति के मानचित्र पर अपनी एक विशिष्ट और पृथक पहचान बनाए हुए है। देश के अन्य राज्यों के विपरीत यहाँ राष्ट्रीय विचारधारा वाले दलों की तुलना में क्षेत्रीय अस्मिता और क्षेत्रीय संगठनों का प्रभाव कहीं अधिक गहरा रहा है। बीते अनेक दशकों से द्रविड़ आंदोलन की कोख से निकली राजनीति ने ही इस राज्य की सत्ता की दिशा और दशा को पूरी तरह नियंत्रित और संचालित किया है। ऐसे सुदृढ़ और पारंपरिक राजनीतिक परिवेश में जब कोई नया चेहरा अत्यंत तीव्रता के साथ उभरता है, तो उसकी छोटी से छोटी गतिविधि भी राजनीतिक गलियारों में गहरी हलचल और विमर्श का कारण बन जाती है। इस समय तमिलनाडु के राजनीतिक आकाश में जिस एक नाम को लेकर सबसे अधिक चर्चाएं और कयास लगाए जा रहे हैं, वे हैं भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई। पिछले कुछ समय से राज्य के समाचारों और राजनीतिक चर्चाओं में इस बात ने अत्यधिक जोर पकड़ लिया है कि वे अपने वर्तमान दल से नाता तोड़कर एक नए क्षेत्रीय राजनीतिक दल का गठन कर सकते हैं। यद्यपि उन्होंने अभी तक इस विषय में कोई आधिकारिक या स्पष्ट घोषणा नहीं की है, परंतु उनके हालिया वक्तव्य, उनके समर्थकों द्वारा लगाए गए विज्ञापन पत्र, महत्वपूर्ण बैठकों से उनकी दूरी और जमीनी स्तर पर चल रही संगठनात्मक गतिविधियों ने राज्य की राजनीति को एक नए विमर्श की ओर मोड़ दिया है।

इस नए राजनीतिक घटनाक्रम की सुगबुगाहट तब और अधिक स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगी जब कोयंबटूर शहर में अचानक कई प्रमुख स्थानों पर उनके समर्थकों द्वारा बड़े-बड़े विज्ञापन पत्र लगाए गए। सामान्य राजनीतिक विज्ञापनों से सर्वथा भिन्न इन पत्रों पर अंकित संदेश ने सभी का ध्यान आकर्षित किया, जिसमें लिखा था कि निडर सोच की कोई सीमा नहीं होती। इस वाक्य को राजनीतिक विश्लेषकों और जनता द्वारा एक बड़े बदलाव के संकेत के रूप में देखा गया। इसके तुरंत बाद जनसंचार के आधुनिक माध्यमों और मुख्यधारा की राजनीति में यह बात तेजी से फैल गई कि वे किसी नए और स्वतंत्र राजनीतिक मंच की आधारशिला रखने की तैयारी कर रहे हैं। उनके इस संभावित कदम को तब और बल मिला जब उनके प्रशंसकों और समर्थकों के संगठन, जिसका नाम अन्नामलाई अन्बू कूट्टम है, उसने अचानक अपनी गतिविधियों को तेज करते हुए नए सदस्यों और पदाधिकारियों को जोड़ना आरंभ कर दिया। इसके साथ ही भीतरखाने से यह समाचार भी आ रहे हैं कि मक्कल शक्ति इयक्कम नाम से एक विशाल जनआंदोलन या सामाजिक संगठन की रूपरेखा तैयार की जा रही है, जो आने वाले समय में एक पूर्ण राजनीतिक दल का रूप धारण कर सकता है।

के. अन्नामलाई की पूर्व पृष्ठभूमि और उनकी अब तक की राजनीतिक यात्रा भी अत्यंत रोचक और असाधारण रही है। वे भारतीय पुलिस सेवा के एक प्रतिष्ठित अधिकारी रहे हैं और प्रशासनिक सेवा में रहते हुए अपनी कर्तव्यनिष्ठ तथा सख्त छवि के कारण वे आम जनता के बीच अत्यंत लोकप्रिय हुए थे। अपनी सेवा से त्यागपत्र देकर राजनीति के मैदान में उतरने के बाद उन्होंने अपने दल को तमिलनाडु में एक नई ऊर्जा और आक्रामकता प्रदान करने का अथक प्रयास किया। उनकी इसी कार्यशैली को देखते हुए वर्ष 2021 में उन्हें तमिलनाडु में दल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। बहुत ही अल्प समय में वे राज्य की राजनीति का एक अपरिहार्य और चर्चित चेहरा बनकर उभरे। उनकी संवाद शैली अत्यंत सीधी और सीधे प्रहार करने वाली रही है, जिसके कारण उन्होंने वर्तमान द्रमुक सरकार की नीतियों पर लगातार तीखे हमले किए और अपने दल को राज्य में एक स्वतंत्र राजनीतिक शक्ति के रूप में स्थापित करने की पुरजोर कोशिश की। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों में यद्यपि उनका दल राज्य में कोई भी निर्वाचन क्षेत्र जीतने में सफल नहीं हो सका, परंतु उनके नेतृत्व में दल का मत प्रतिशत पहली बार दो अंकों तक पहुंचने में कामयाब रहा, जिसे राज्य की राजनीति में एक बड़ी घटना माना गया। इस सफलता का श्रेय मुख्य रूप से उनकी जनसभाओं और उनके द्वारा आयोजित की गई एन मन्न, एन मक्कल नामक व्यापक यात्रा को दिया गया, जिसने उन्हें युवाओं और शहरी मतदाताओं के बीच बेहद लोकप्रिय बना दिया। परंतु इस तीव्र गति से मिलती सफलता के साथ ही उनके राजनीतिक जीवन में विवाद भी गहरे होते चले गए। उनकी कई आक्रामक टिप्पणियों के कारण उनके दल और उसकी पुरानी सहयोगी संगठन अन्नाद्रमुक के बीच के पारंपरिक संबंध पूरी तरह बिखर गए। उन्होंने द्रविड़ राजनीति के स्तंभ माने जाने वाले पूर्व नेताओं जैसे अन्नादुरई और जयललिता पर कुछ ऐसी टिप्पणियां कीं, जिन्हें अन्नाद्रमुक के कार्यकताओं और समर्थकों ने अपने नेताओं का घोर अपमान माना। इसके परिणामस्वरूप दोनों दलों के बीच कटुता इस सीमा तक बढ़ गई कि उनका गठबंधन टूट गया। राजनीतिक क्षेत्र के जानकारों का मानना है कि केंद्रीय नेतृत्व ने भविष्य के गठबंधनों को बचाने और राजनीतिक संतुलन बहाल करने के लिए उन्हें प्रदेश अध्यक्ष के पद से मुक्त करने का निर्णय लिया। इसी क्रम में वर्ष 2025 में उनके स्थान पर नैनार नागेंद्रन को तमिलनाडु में दल की कमान सौंपी गई। पद से हटाए जाने के बाद भी उनके प्रति निष्ठा रखने वाले समर्थकों और युवाओं की संख्या में कोई कमी नहीं आई, बल्कि उनके समर्थकों ने इसे उनकी राजनीतिक स्वतंत्रता के एक नए अध्याय के रूप में देखा। यही कारण है कि जब हाल के दिनों में उन्होंने दल की दो अत्यंत महत्वपूर्ण राज्य केंद्रीय समिति की बैठकों से पूरी तरह दूरी बना ली, तो उनके अलग रास्ते पर जाने की अटकलों को अत्यधिक हवा मिली।

हाल ही में जब वे चेन्नई हवाई अड्डे से देश की राजधानी दिल्ली के लिए प्रस्थान कर रहे थे, तब उपस्थित संवाददाताओं ने उनसे एक नए दल के गठन की संभावनाओं पर सीधा प्रश्न पूछा। इस पर उन्होंने इस संभावना को सिरे से खारिज नहीं किया, बल्कि रहस्यमयी ढंग से यह कहा कि वे आगामी 2 दिनों में इस विषय पर बैठकर विस्तार से बात करेंगे। राजनीति की भाषा में किसी भी संभावना से पूरी तरह इनकार न करना इस बात का प्रमाण माना जाता है कि पृष्ठभूमि में कोई बड़ा वैचारिक मंथन चल रहा है। इस वक्तव्य के अतिरिक्त उनके इस नए रास्ते के चयन के पीछे केंद्र सरकार की नई भाषा नीति का विवाद भी एक बहुत बड़ा और तात्कालिक कारण बनकर उभरा है। पिछले ही सप्ताह उन्होंने केंद्र सरकार की उस अधिसूचना का प्रखर विरोध किया जिसमें कक्षा 9 से तीन भाषाओं के अध्ययन को अनिवार्य बनाने का प्रावधान किया गया था। उन्होंने तर्क दिया कि इतनी अल्प अवधि में विद्यार्थियों पर नई भाषा का बोझ डालना उनके मानसिक स्वास्थ्य के लिए उचित नहीं है।

तमिलनाडु की धरती पर भाषा का प्रश्न हमेशा से ही अत्यंत संवेदनशील और भावनात्मक मुद्दा रहा है, जहाँ वर्ष 1960 के दशक में हुए विशाल हिंदी विरोधी आंदोलनों ने राज्य की पूरी राजनीतिक सत्ता को पलट कर रख दिया था। ऐसे संवेदनशील माहौल में अपने ही दल की केंद्र सरकार के निर्णय के विरुद्ध खड़े होना यह साफ दर्शाता है कि वे अब तमिल पहचान और क्षेत्रीय अस्मिता की राजनीति को प्राथमिकता दे रहे हैं।

## आरक्षण का मुद्दा गरमाया

चुनाव प्रचार में इन दिनों आरक्षण का मुद्दा गरमाया हुआ है। प्रारंभिक तौर पर आरक्षण को सबसे निचले वर्गों की जातियों को आर्थिक तथा राजनीतिक संबल प्रदान करने के लिए वैधानिक तौर पर आरक्षण प्रदान किया गया था।

बाद में आरक्षण का विस्तार होता गया और इसमें नये-नये जाति समूह शामिल होते चले गए।आरक्षण प्राप्त करने के लिए जाट और मराठा जैसे शक्तिशाली समूहों को आंदोलन की राह पकड़नी पड़ी। दरअसल, जो आरक्षण निचली पायदान पर खड़े जाति समूहों के उत्थान के लिए था, वह सभी जाति समूहों के लिए राजनीतिक शक्ति प्राप्त करने का हथियार बन गया। कहने की जरूरत नहीं है कि आज आरक्षण भारतीय समाज के एक बहुत बड़े वर्ग में असंतोष और चिंता का कारक बना हुआ है। हिन्दू समाज के अनारक्षित जाति समूह मानते हैं कि उनके साथ अन्याय किया जा रहा है। ऐसी सूरत में एक ऐसे आर्थिक ढांचे पर बल दिए जाने की जरूरत थी जिसमें बिना आरक्षण की सीढ़ी के सभी निचले वर्ग के लोगों को उत्थान के अवसर प्राप्त हों और जातीय आग्रह सामाजिक विग्रह के कारण न बनें लेकिन अब आरक्षण की नीति एक चिंताजनक मोड़ पर ले आई है।

एक ओर जहां कांग्रेस के नेता विशेषकर राहुल गांधी आरोप लगा रहे हैं कि मोदी तीसरी बार सत्ता में आए तो संविधान बदल देंगे और आरक्षण खत्म कर देंगे। दूसरी ओर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी हर सभा में कह रहे हैं कि कांग्रेस ने आरक्षण को मुस्लिम तुष्टिकरण का नया औजार बना लिया है। वह बार-बार कर्नाटक का उदाहरण दे रहे हैं जहां कांग्रेस ने सभी मुस्लिम जातियों को पिछड़े वर्ग में शामिल करके पिछड़े वर्ग के कोटे से ही 4 प्रतिशत का आरक्षण दे दिया जिसे बाद में भाजपा सरकार ने निरस्त कर दिया।

मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा जहां भाजपा सरकार के फैसले पर रोक लगा दी गई है। मोदी अपनी हर सभा में खुलकर कह रहे हैं कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो दलित और पिछड़ों का आरक्षण समाप्त कर मुसलमानों को दे देगी। संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण की व्यवस्था नहीं है। लेकिन कांग्रेस ने चोर दरवाजे से कर्नाटक में आरक्षण देकर जो कदम उठाया है, उसके दुष्परिणाम समझ नहीं पा रही। बेशक, भाजपा को विरोध का बड़ा चुनावी मुद्दा मिल गया है।

**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**

**वैधानिक सूचना**

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**

# शिक्षकों को "दो कौड़ी का ज्ञान" देने वाला कहना पूरी तरह अनुचित है



शाह आलम रौनक

हाल ही में प्रसिद्ध न्यूज एंकर अंजना ओम कश्यप द्वारा ऑनलाइन शिक्षकों को "दो कौड़ी का ज्ञान" बताने वाली टिप्पणी पर विवाद छिड़ गया है। कई ऑनलाइन टीचर्स ने इसका विरोध करते हुए जवाब दिया है। इनमें खान सर ने कहा कि शिक्षक पैसों के लिए किसी के तलवे नहीं चाटते, बल्कि घर बैठे करोड़ों छात्रों को शिक्षा देने का काम करते हैं। इस बयान के बाद मुख्यधारा मीडिया और डिजिटल शिक्षा को लेकर बहस तेज हो गई है। वास्तव में शिक्षकों को 'दो कौड़ी का' कहना बिल्कुल गलत और अनुचित है। सर्वप्रथम,एक शिक्षक का प्राथमिक कर्तव्य ज्ञान प्रदान करना है, और यह शिक्षण से ही प्राप्त होता है। शिक्षण में आमतौर पर एक विशिष्ट पाठ्यक्रम का पालन करना और यह सुनिश्चित करना शामिल होता है कि छात्र जो पढ़ाया जा रहा है उसे समझें। इतना ही नहीं शिक्षक की अन्य सभी भूमिकाएँ इसी भूमिका से उत्पन्न होती हैं, क्योंकि यदि कोई शिक्षक ज्ञान प्रदान करने की अपनी मूलभूत जिम्मेदारी को निभाने में विफल रहता है, तो बच्चे पर किसी अन्य प्रकार का प्रभाव डालना मुश्किल हो सकता है। शिक्षकों को हमारे समाज में माता पिता से भी ऊंचा दर्जा प्राप्त है। वे केवल शिक्षा ही नहीं देते, बल्कि विद्यार्थियों का चरित्र, संस्कार और भविष्य भी गढ़ते हैं। किसी एक या दो व्यक्तियों की गलती के लिए पूरे शिक्षक समुदाय का शिक्षकों का अपमान करना न्यायोचित नहीं है। शिक्षक महत्वपूर्ण होते हैं क्योंकि वे जीवन बदलते हैं, सपनों को प्रेरित करते हैं और मानवीय क्षमता की सीमाओं को आगे बढ़ाते हैं। एक शिक्षक का काम बच्चों का पालन-पोषण करना, उन्हें शिक्षा देना और उन्हें समाज के लिए उपयोगी बनाना है। कक्षा, समाज और समग्र रूप से दुनिया में शिक्षकों की भूमिका पहले की तुलना में काफी बदल गई है। समय के साथ, शिक्षकों को एक विशिष्ट पाठ्यक्रम दिया गया जिसका उन्हें पालन करना था और उस पाठ्यक्रम को पढ़ाने के तरीके के बारे में निर्देश दिए गए। आज शिक्षकों की भूमिका केवल अध्यापन तक सीमित नहीं रह गई है। अब उनकी भूमिका में छात्रों को परामर्श देना, उनका मार्गदर्शन करना और उन्हें जीवन में ज्ञान का उपयोग और अनुप्रयोग करना सिखाना शामिल है। शिक्षक अब छात्रों को एक अलग स्तर पर प्रभावित करने और उन्हें और अधिक बनने और करने के लिए प्रेरित करने के तरीके खोज रहे हैं। हालांकि शिक्षक खुद को आदर्श नहीं मानते, लेकिन सच्चाई यह है कि वे वास्तव में आदर्श होते हैं।

छात्र प्रतिदिन या सप्ताह में जितना समय शिक्षकों के साथ बिताते हैं, उससे शिक्षकों का उन पर एक निश्चित स्तर का प्रभाव पड़ता है।

## गुरुवार का राशिफल

**मेष** – कार्य के लिए सरकार से पुरस्कार मिल सकता है, पिता की जायदाद को लेकर भाइयों में तनाव हो सकता है, संतान डिप्रेशन में आ सकती है। भाग्य प्रतिशत-69

**वृषभ** – घर लेने की योजना बनेगी, थोड़ा आराम और मनोरंजन करेंगे, दूर देश में रहते है तो परिवार से मिलना होगा, आर्थिक सहायता देंगे।
भाग्य प्रतिशत-72

**मिथुन** – बातचीत में बहस से रिश्ता बिगड़ सकता है ध्यान रखें, संतान की सेहत सुरक्षा को लेकर सजग रहेंगे, शिक्षा क्षेत्र में उन्नति करेंगे।
भाग्य प्रतिशत-53

**कर्क** – अनेक प्रकार की नकारात्मक सोच हावी हो सकती है, व्यवसाय में परेशानी आ सकती है, किसी बड़े से सलाह लेंगे, विवाद की स्तिथि सम्भाल लेंगे।
भाग्य प्रतिशत-51

**सिंह** – मन में नवीन विचार रहेंगे, किसी की मदद विनम्रता के साथ करें, महिला से विवाद चल रहा था तो परेशानी होगी।
भाग्य प्रतिशत-55

**कन्या** – छोटी धार्मिक यात्रा का विचार करेंगे, मित्र घर पर आयेंगे कोई व्यवसायिक बातचीत कर सकते है, नौकरी में मन नहीं लगेगा। भाग्य प्रतिशत-65

**तुला** – लोगों से सहयोग की अपेक्षा रहेगी, प्रोफेशनल मित्रों से बातचीत होगी, जिम सेंटर शुरू कर सकते है, आमदनी का नया जरिया मिल सकता है।
भाग्य प्रतिशत-62

**वृश्चिक** – निवेश करते समय ध्यान रखें, बीडीएस डॉक्टर की प्रेक्टिस उत्तम चलेगी, कुटुंब का व्यवसाय प्रगति करेगा।
भाग्य प्रतिशत-54

**धनु** – जरूरी कार्यो में धन निवेश की योजना बनेगी, क्लर्क, स्टेनो, कम्प्यूटर, आदि कार्य से जुड़ सकते है, विदेश प्रवास सम्भव है। भाग्य प्रतिशत-62

**मकर** – टेंशन बढ़ेगी, आमदनी में कमी दिखती है, खर्च बढ़ेगा, कला वर्ग के लोगों के लिए उत्तम समय है, माल खरीदना बेचना करेंगे। भाग्य प्रतिशत-50

**कुंभ** – नेटवर्क मार्केटिंग में करियर बढ़ेगा, प्रिंटिंग प्रेस कार्य चलेगा, पति को लेनदेन की समस्या रहेगी, ऑफिस में विशेष अधिकार मिल सकता है।
भाग्य प्रतिशत-58

**मीन** – मन विचारों में घिरा रहेगा,किसी समबन्ध में परेशानी आयेगी, किए गए इन्वेस्टमेंट से लाभ होगा, विदेश यात्रा के लिए अच्छा समय रहेगा।
भाग्य प्रतिशत-53



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# धरती को जिंदा रखने के लिए जरूरी है-खेत बचाओ अभियान



अरविंद रावल

भारत में सरकारी योजनाओं को जमीनी धरातल पर उतारने के लिए उनकी शुरूआत प्राय: अभियानों के माध्यम से की जाती है। निश्चित रूप से जिन अभियानों का उद्देश्य पवित्र और जनहितकारी होता है, वे सफल भी होते हैं। देश को गंभीर बीमारियों से निजात दिलाने के लिए पल्स पोलियो, चेचक उन्मूलन, क्षय रोग नियंत्रण, स्वच्छ भारत अभियान और एड्स निवारण जैसे अनेक राष्ट्रीय अभियान चलाए गए। इन अभियानों को शासकीय अमले ने ईमानदारी से जमीनी स्तर पर लागू किया और मैदानी कर्मचारियों तथा अधिकारियों की अथक मेहनत से देश कई गंभीर चुनौतियों पर विजय प्राप्त कर सका। यह इन अभियानों की सार्थकता का प्रमाण है। खेती की उन्नति और किसानों के हित में देश में अनेक योजनाएं बनाई गईं, लेकिन खेतों को बचाने के लिए किसी व्यापक जन अभियान की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। यदि आज भारत सरकार के कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा ह्लखेत बचाओ अभियानह्व चलाया जा रहा है, तो यह इस बात का संकेत है कि बेटियों की तरह खेतों का अस्तित्व भी संकट के दौर से गुजर रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में कृषि मंत्री का दायित्व संभालने के बाद से शिवराज सिंह चौहान अपनी सहज, आत्मीय और जनसंपर्क आधारित कार्यशैली के कारण सीधे किसानों से जुड़ गए हैं। प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के बाद यदि किसी केंद्रीय मंत्री का नाम आम लोगों की जुबान पर सबसे अधिक सुनाई देता है, तो उसके पीछे किसानों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और उनकी समस्याओं के समाधान की निरंतर कोशिशें हैं। वे देशभर में किसानों के बीच जाकर उनकी नब्ज टटोलते हैं और उनके हित में नीतिगत उपाय खोजते हैं। वैश्विक परिदृश्य भी खेती के लिए नई चुनौतियां खड़ी कर रहा है। अंतरराष्ट्रीय तनाव और ऊर्जा संकट के कारण रासायनिक उर्वरकों की उपलब्धता तथा लागत पर दबाव बढ़ रहा है। इसका सीधा असर किसानों की उत्पादन लागत और उपज दोनों पर पड़ सकता है। ऐसे समय में किसानों को इन चुनौतियों से बचाने तथा खेती को टिकाऊ बनाने के उद्देश्य से कृषि मंत्रालय द्वारा खेत बचाओ अभियान की शुरूआत की गई है, जिसकी देशभर में सराहना हो रही है। अधिक उत्पादन की चाह में पिछले कई दशकों से देश के अधिकांश किसान रासायनिक उर्वरकों का अत्यधिक उपयोग करते रहे हैं। प्रारंभिक वर्षों में इन उर्वरकों ने उत्पादन बढ़ाने में मदद की, लेकिन धीरे धीरे इनके दुष्परिणाम सामने आने लगे। मिट्टी की प्राकृतिक उर्वरता कम होती गई, जैविक तत्व नष्ट होने लगे और खेती की लागत लगातार बढ़ती चली गई। परिणामस्वरूप आज अनेक किसानों के लिए रासायनिक खेती लाभ के बजाय घाटे का सौदा बनती जा रही है। इसी कारण कई किसान पारंपरिक खेती से दूरी बनाकर अपनी कृषि भूमि को उद्योगों, गोदामों अथवा आवासीय कॉलोनियों के लिए बेचने को मजबूर हो रहे हैं। यह केवल किसान का संकट नहीं, बल्कि देश की खाद्य सुरक्षा और पर्यावरण संतुलन के लिए भी गंभीर चिंता का विषय है। भारत सरकार का यह अभियान धरती को पुनः जीवंत बनाने और मिट्टी में प्राकृतिक पोषक तत्वों की पुनर्स्थापना का प्रयास है। खेत बचाओ अभियान के माध्यम से किसानों को देसी खाद, जैविक संसाधनों और प्राकृतिक खेती की ओर प्रेरित किया जा रहा है, ताकि खेती को पुनः हरा भरा, लाभकारी और टिकाऊ बनाया जा सके। शिवराज सिंह चौहान देशभर के किसानों से आह्वान कर रहे हैं कि वे मिट्टी की सेहत को नष्ट करने वाले रासायनिक उर्वरकों का उपयोग कम करें और जैविक विकल्पों को अपनाएँ। यह अभियान केवल भारत सरकार या कृषि मंत्री का नहीं है, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों का अभियान है। आखिरकार देश की हर थाली में पहुँचने वाला अन्न किसान के खेतों से ही आता है।




हम चाहे कितने भी आधुनिक, तकनीकी और स्मार्ट क्यों न हो जाएँ, पेट की भूख आज भी रोटी से ही शांत होती है। निस्संदेह खेती को उन्नत बनाने के लिए आधुनिक तकनीकों और वैज्ञानिक प्रयोगों का उपयोग आवश्यक है, लेकिन यदि विकास की दौड़ में खेतों की मिट्टी अपनी उपजाऊ शक्ति खो दे और भूमि बंजर होने लगे, तो यह प्रगति नहीं, विनाश का संकेत होगा। इसलिए देश के किसानों और खेतों को इस संकट से बचाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। आइए, हम सभी धरती को जीवंत रखने के इस पवित्र महाअभियान का हिस्सा बनें और खेत बचाओ अभियान को जन आंदोलन का स्वरूप दें, ताकि आने वाली पीढ़ियों को भी हरा भरा, समृद्ध और खुशहाल भारत विरासत में मिल सके।

# गुलावठी में शुरू हुआ नया फीडर-5,बिजली आपूर्ति होगी बेहतर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी।** नगर में भीषण गर्मी के बीच विद्युत आपूर्ति को सुचारु और बेहतर बनाने के लिए बिजली विभाग ने बड़ा कदम उठाया है। बिजली घर चौक-सैदपुर रोड से लेकर डीएन इंटर कॉलेज तक के क्षेत्र को अब नए फीडर-5 से जोड़ दिया गया है, जिससे क्षेत्रवासियों को ओवरलोड और बार-बार होने वाली बिजली कटौती से राहत मिलने की उम्मीद है। एसडीओ विद्युत यशपाल सिंह ने बताया कि बेहतर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विभाग ने मास्टर प्लान के तहत करीब 25 लाख रुपये की लागत से नया फीडर तैयार कराया है। इस योजना के तहत बिजली घर चौक-सैदपुर रोड से डीएन कॉलेज तक का पूरा क्षेत्र नए फीडर-5 से जोड़ दिया गया है।



जेई राणा प्रताप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इससे पहले यह पूरा इलाका कोल्ड स्टोरेज फीडर से जुड़ा हुआ था। उसी फीडर में देहात क्षेत्र का भी कुछ हिस्सा शामिल होने के कारण फीडर लगातार ओवरलोड चल रहा था, जिससे उपभोक्ताओं को बिजली कटौती और लो-वोल्टेज जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता था।

नए फीडर के शुरू होने से अब लोड का बंटवारा बेहतर तरीके से हो सकेगा और क्षेत्र में निर्बाध एवं सुचारु विद्युत आपूर्ति मिलने की संभावना बढ़ गई है।

# वीसी से टेक्सटाइल सिटी के उद्यमी व व्यापारी मिले

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष से मिलकर पिलखुवा स्थित टेक्सटाइल सिटी के उद्यमी व व्यापारियों ने मिलकर वहां व्याप्त समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान

**टेक्सटाइल सिटी में व्याप्त समस्याओं से कराया अवगत,**

कराने की मांग की। आपको बता दें,कि हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण की पिलखुवा में पिलखुवा टेक्सटाइल सिटी योजना में है। जिसमें उद्यमियों व व्यापारियों द्वारा अपनी फर्म स्थापित की है। लेकिन वहां व्याप्त सीटीपी,जल निकासी,सीवर,साफ सफाई व पथ प्रकाश आदि की समस्याओं के कारण उन्हें परेशानी उठानी पड़ रही है। बुधवार को टेक्सटाइल सिटी के



उद्यमी व व्यापारीने हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष मुकेश चन्द्र से मिले।

और टेक्सटाइल सिटी में व्याप्त समस्याओं का अवगत कराया। वीसी ने उन्हें आश्वासन दिया कि टेक्सटाइल सिटी में व्याप्त समस्याओं का शीघ्र समाधान कराया जायेगा। उन्होंने व्यापारियों से आहवान किया कि वह भी सीटीपी से जुड़ जायें। जिससे सीटीपी ठीक प्रकार से संचालित हो सके। इस अवसर पर प्रभारी सचिव अमित कादियान व अधिशासी अभियंता विद्युत तेजवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# गन्नौर तहसील में धारा 24 की पत्रावली गायब करने के आरोप में अधिवक्ता के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गन्नौर (लल्ला सलमानी )।** तहसील में धारा 24 की पत्रावली वाद संख्या टी-202613740509141, नोवत सिंह बनाम रामकुवर, ग्राम नगलिया काजी से संबंधित अभिलेख गायब होने के मामले में तहसीलदार गुन्नौर के राजस्व लिपिक (माल बाबू) मो. सरवर की तहरीर पर थाना गुन्नौर में एफआईआर दर्ज कराई गई है। राजस्व लिपिक मो. सरवर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार अधिवक्ता योगेश कुमार ने उनके पटल पर आकर उक्त वाद की पत्रावली देखने का अनुरोध किया था। उनके अनुरोध पर




संबंधित पत्रावली उपलब्ध करा दी गई। इसके उपरांत अन्य कृषकों के प्रार्थना-पत्रों का अवलोकन करने के पश्चात जब उक्त पत्रावली को देखा गया तो वह अपने स्थान पर नहीं मिली।

कार्यालय में उपस्थित अन्य व्यक्तियों से जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि अधिवक्ता योगेश कुमार उक्त पत्रावली अपने साथ ले गए हैं तथा उसे वापस नहीं किया गया। इस संबंध में राजस्व लिपिक मो. सरवर द्वारा अधिवक्ता योगेश कुमार के विरुद्ध संबंधित थाना गुन्नौर में तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत कराया गया है

# शहरवासियों को कुत्तों के आतंक से मिलेगी निजात,नसबंदी शुरू,रेबीज का टीकाकरण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** नगर पालिका परिषद हापुड़ की ओर से शहर में आवारा कुत्तों की आबादी पर नियंत्रण और रेबीज रोकथाम का जिम्मा जीव दया फाउंडेशन को सौंप दिया गया है। कार्य आदेश मिलने के बाद संस्था ने शहर के विभिन्न वार्डों से स्ट्रीट डॉग्स को पकड़कर उनकी नसबंदी और एंटी-रेबीज टीकाकरण का काम तेजी से शुरू कर दिया है।

इस अभियान के तहत संस्था ने जनता के बीच एक विशेष जागरूकता अभियान भी छेड़ दिया है। अक्सर लोगों को लगता है कि पकड़े जाने के बाद कुत्तों को कहीं दूर छोड़ दिया जाएगा,लेकिन संस्था ने कानूनी नियमों का हवाला देते हुए स्थिति स्पष्ट की है।

संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि कुत्तों



को उसी इलाके में छोडना कोई मनमर्जी नहीं,बल्कि देश के कानून और सर्वोच्च न्यायालय का सख्त आदेश है। नियमों के तहत स्थानीय निकायों के लिए यह अनिवार्य है कि वे गली के कुत्तों को पकड़कर केवल उनकी नसबंदी और वैक्सिनेशन कराएं। इसके बाद उन्हें उसी वार्ड या गली में वापस छोडना होगा जहां से उन्हें पकड़ा गया था।

**कुत्तों को किसी दूसरे इलाके में विस्थापित**

**जनता से सहयोग की अपील**

नसबंदी के बाद कुत्तों का व्यवहार बेहद शांत हो जाता है और वे रेबीज मुक्त होकर समाज के लिए एक सुरक्षा कवच का काम करते हैं। जीव दया फाउंडेशन ने हापुड़ वासियों से अपील की है कि जब उनकी टीम गली-मोहल्लों में काम के लिए पहुंचे,तो स्थानीय नागरिक किसी भ्रम में आकर टीम का विरोध करने के बजाय सहयोग करें,ताकि हापुड़ को रेबीज-मुक्त और सुरक्षित बनाया जा सके।

# बबराला में पंखे चोर को पंखे चुराते हुए रंगे हाथ पकड़ा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गन्नौर (लल्ला सलमानी )।** बबराला रेलवे स्टेशन रोड पर निरंकारी इलैक्टौनिक दुकान से अशोक कुमार पुत्र दिवान सिंह निवासी ग्राम वहेंट थाना रजपुरा ने मंगलवार को दो बिजली के पंखे चुराकर ले गया था। आज उसे फिर पंखे चुराते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। दुकानदार ने जब उससे पूछा तो उसने मंगलवार को दो पंखे चुराकर ले जाने की बात कबूल करी। अशोक ने बताया कि में शराब के नशे में था इसलिए पंखे चुरा ले गया सोशलमीडिया पर इसकी किसी ने पूछताछ की वीडियो वायरल कर दी दुकानदार मनोज कुमार ने चोरी के पंखे मिलने पर पंखे चोर अशोक को बगैर पुलिस कार्यवाही के छोड़ दिया।



# गर्मी में त्वचा और बालों की समस्याओं से बचाव के लिए सतर्कता जरूरी : डॉ ऋषि शर्मा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** बढ़ती गर्मी और तेज धूप का प्रभाव केवल स्वास्थ्य पर ही नहीं, बल्कि त्वचा और बालों पर भी गंभीर रूप से पड़ता है। गर्मी के मौसम में त्वचा संबंधी संक्रमण, एलर्जी, घमौरियां, फंगल संक्रमण, मुंहासे तथा बाल झड़ने जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ जाती हैं। इन समस्याओं से बचाव के लिए सतर्कता अपनाना बेहद जरूरी है।

यह जानकारी डॉ केएन मोदी कॉम्प्लेक्स स्थित डीवी मेमोरियल हेयर एंड स्किन केयर सेंटर के संचालक डॉ ऋषि शर्मा ने दी। डॉ ऋषि शर्मा ने बताया कि अत्यधिक पसीना आने के कारण त्वचा पर बैक्टीरिया और फंगस तेजी से विकसित होते हैं, जिससे खुजली, लाल चकत्ते, दाद और अन्य संक्रमण की समस्या हो सकती है। वहीं तेज धूप के संपर्क में अधिक समय तक रहने से त्वचा का रंग काला पड़ना, सनबर्न और समय से पहले झुर्रियां आने जैसी समस्याएं भी उत्पन्न हो सकती हैं। उन्होंने बताया कि गर्मी के मौसम में बालों की जड़ों में पसीना और धूल-मिट्टी जमा होने से रूसी, सिर में खुजली तथा बाल झड़ने की शिकायत बढ़ जाती है। कई लोगों में अत्यधिक गर्मी के कारण बाल कमजोर होकर टूटने लगते हैं।


डॉ ऋषि शर्मा

डॉ ऋषि शर्मा के अनुसार इन समस्याओं से बचाव के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीने के अलावा संतुलित एवं पौष्टिक आहार का सेवन करना चाहिए। धूप में निकलते समय छाता या टोपी का उपयोग करना तथा त्वचा को साफ और सूखा रखना आवश्यक है। इस मौसम में फंगल इंफेक्शन से बचने के लिए कपड़ों को खासतौर से अंदरूनी वस्त्रों को गर्म पानी में धोकर पहनें। बाहर निकलते समय सनस्क्रीन का प्रयोग तथा सूती कपड़े पहनना भी लाभदायक रहता है। बालों की स्वच्छता बनाए रखने के लिए नियमित रूप से हल्के शैम्पू का उपयोग करने और अत्यधिक रासायनिक उत्पादों से बचना चाहिए।

डॉ ऋषि शर्मा ने कहा कि यदि त्वचा पर लगातार खुजली, लालिमा, फंगल संक्रमण, अत्यधिक बाल झड़ना या अन्य कोई असामान्य लक्षण दिखाई दें तो स्वयं उपचार करने के बजाय विशेषज्ञ चिकित्सक से परामर्श लेना चाहिए। समय पर उपचार से अधिकांश त्वचा एवं बाल संबंधी समस्याओं पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है।

# पंचायत चुनाव तक "ग्राम प्रधानों को प्रशासक बनाने" को चुनौती

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने प्रदेश में वर्तमान ग्राम प्रधानों को ही पंचायत चुनाव होने व नए प्रधान चुने जाने तक प्रशासक नियुक्त करने संबंधी आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर राज्य सरकार से जवाब मांगा है। कोर्ट ने राज्य सरकार के अधिवक्ता से कहा है कि वह याचिका पर सरकार से समुचित दिशा-निर्देश प्राप्त करके उसे तीन जून को अवगत कराएं। यह आदेश जस्टिस शेखर बी सर्राफ एवं जस्टिस ए के चौधरी की अवकाशकालीन पीठ ने स्थानीय अधिवक्ता एवं प्रकाश प्रजापति की ओर से दाखिल एक जनहित याचिका पर पारित किया है। उप पंचायत राज अधिनियम की धारा 12 (3) क के तहत दी गई चुनौती याचिका में ग्राम प्रधानों को प्रशासक नियुक्त करने संबंधी राज्य सरकार के गत 25 मई के आदेश को चुनौती दी गई है। कहा गया है कि उप्र पंचायत राज अधिनियम की धारा 12 (3) क के तहत प्रधानों का कार्यकाल उनके शपथ लेने की तिथि से केवल पांच साल तक का ही हो सकता है, किंतु सरकार ने समय पर पंचायत चुनाव न कराकर मौजूदा प्रधानों को ही प्रशासक नियुक्त करके एक प्रकार से उनका कार्यकाल अनिश्चितकाल तक बढ़ा दिया है जो कि विधि विरुद्ध है।

## संक्षिप्त समाचार

### एडी बेसिक और डीआईओएस ने संभाला कार्यभार: शैक्षिक गुणवत्ता को सुधारने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे: रितु तोमर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** नवागत एडी बेसिक दिनेश यादव और डीआईओएस रितु तोमर ने कार्यभार संभाल लिया है। अधिकारियों ने शैक्षिक व्यवस्था को बेहतर करना अपनी प्राथमिकता बताया।डीआईओएस रितु तोमर ने बताया कि बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता को सुधारने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। शासन और विभाग की नीतियों को समय के अंतर्गत क्रियान्वित करने का प्रयास किया जाएगा। शिक्षकों और कर्मचारियों की समस्याएं कम से कम हों। कार्य प्राथमिकता आधारित किए जाएंगे। शिक्षकों की पदस्थापना, पद सृजन शासन स्तर के निर्णय हैं। उसके लिए अपनी तरफ से हर संभव प्रयास किया जाएगा।

### ककोड़ क्षेत्र में दूसरी महिला के नाम से फर्जी आईडी बनवाकर प्लॉट का फर्जी बैनामा कराया एसएसपी के आदेश पर धोखाधड़ी 420 का मुकदमा दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर ।** जिले के थाना ककोड में एसएसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज कराते हुए सर्वेश शर्मा पत्नी विपिन शर्मा ने बताया कि मेरा मूल गांव खवासपुर थाना चोला पड़ता है और मैं काफी समय से वर्तमान में झांझर रहती हूं और विपिन शर्मा से मेरी शादी 6, 2, 2003 को हुई थी मेरे विपिन से दो बच्चे हैं और मेरी ही ससुराल की सीमा चौधरी पत्नी ब्रह्मजीत सिंह काफी समय से धन ऐठने और ब्लैकमेलिंग का धंधा करती है उसने मेरे नाम से कई फर्जी आधार कार्ड कई फर्जी आईडी बनवा रखी है मेरे नाम से 50 गज का प्लॉट झाझर में हे उसने फर्जी आईडी इस्तेमाल करके मेरे प्लॉट का आधा बैनामा अपने नाम करा लिया जब मुझे पता चली तो मैंने विरोध किया पीड़िता ने आरोप लगाए कि यह फिरोड़ी महिला है इस ने पूर्व मेरे बेटे के खिलाफ भी चोरी का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज करवा चुकी है अब फर्जी आईडी लगाकर आधे प्लॉट का बैनामा करा लिया हे ककोड थाना प्रभारी सरजेस सिंह यादव ने बताया कि एसएसपी के आदेश पर सीमा चौधरी पत्नी ब्रह्मजीत सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है और मामले की गहनता से छानबीन की जा रही है।

### विद्युत उपकेंद्र सलेमपुर पर आज अनुरक्षण एवं टेस्टिंग का कार्य किया जाएगा: विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** उपखंड अधिकारी सचिन रस्तोगी ने देर शाम "बुलन्द संदेश" को बताया कि बृहस्पतिवार को समय सुबह 11 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक , 33/11 KV विद्युत उपकेंद्र सलेमपुर पर अनुरक्षण एवं टेस्टिंग का कार्य किया जाएगा,जिससे कि भविष्य में उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके इस कारण सभी 11 KV पोषक की भी विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी ,विद्युत उपकेंद्र से पोषित सभी सम्मानित उपभोक्ताओं और किसान बन्धुओं की विद्युत आपूर्ति भी बाधित रहेगी असुविधा के लिए खेद है, आमजन से सहयोग अपेक्षित है।

### अब घर बैठे ऑनलाइन प्राप्त करें खतौनी की प्रमाणित प्रति : अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गौतमबुद्धनगर।** जनपद के समस्त भूमिधारकों एवं आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि उत्तर प्रदेश राजस्व परिषद द्वारा ई-गवर्नेंस को बढ़ावा देने तथा नागरिकों को सरल, पारदर्शी एवं सुगम सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खतौनी की प्रमाणित प्रति ऑनलाइन उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है।

अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) मंगलेश दुबे ने बताया कि हितबद्ध भूमिधारक एवं आवेदक घर बैठे ही राजस्व विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर खतौनी की प्रमाणित प्रति प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए आवेदक को वेबसाइट पर उपलब्ध "खतौनी की नकल" विकल्प का चयन करना होगा तथा जनपद, तहसील एवं ग्राम का चयन करने के उपरांत संबंधित गाटा संख्या का विवरण देखना होगा।

उन्होंने बताया कि खतौनी की प्रमाणित प्रति प्राप्त करने हेतु ऑनलाइन भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। आवेदक क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, यूपीआई अथवा क्यूआर कोड स्कैन के माध्यम से मात्र 15 रुपये का ऑनलाइन भुगतान कर अपनी आवश्यकता अनुसार किसी भी गाटे की प्रमाणित खतौनी डाउनलोड कर सकता है।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने कहा कि इस नई व्यवस्था के लागू होने से नागरिकों को तहसील स्थित कम्प्यूटर केन्द्र अथवा कॉमन सर्विस सेंटर जाने की आवश्यकता नहीं रहेगी। यह सेवा 24 घंटे (24x7) उपलब्ध रहेगी, जिससे किसी भी स्थान एवं किसी भी समय प्रमाणित खतौनी प्राप्त की जा सकेगी। इससे समय एवं धन की बचत होगी तथा राजस्व सेवाओं में पारदर्शिता और सुगमता सुनिश्चित होगी।

# उप जिलाधिकारी के निर्देश पर राजस्व टीम ने हटाया अवैध कब्जा, ग्राम बागड़पुर की भूमि कराई कब्जामुक्त

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी) गढ़मुक्तेश्वर/हापुड़।** उप जिलाधिकारी श्री राम यादव के निर्देश पर हापुड़ जनपद के बृजघाट क्षेत्र स्थित ग्राम बागड़पुर में सरकारी अभिलेखों में दर्ज भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को हटाने के लिए राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान भूमि को कब्जामुक्त कराते हुए भविष्य में दोबारा अतिक्रमण न करने की चेतावनी भी दी गई।

जानकारी के अनुसार ग्राम बागड़पुर स्थित खसरा संख्या 1342 ख, रकबा 0.1500 हेक्टेयर भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जा किए जाने की शिकायत उप जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की गई थी। शिकायतकर्ताओं ने भूमि की पैमाइश कराकर प्रकरण का निष्पक्ष निस्तारण कराने तथा कब्जा हटवाने के लिए राजस्व टीम गठित किए जाने की मांग की थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए उप जिलाधिकारी श्री राम यादव ने विशेष राजस्व टीम का गठन किया। टीम में राजस्व निरीक्षक गढ़ राजीव



चौधरी, लेखपाल गौरव चौधरी तथा लेखपाल मोहम्मद रियाजु उर्फ राजू को शामिल किया गया।

# प्राइवेट अस्पताल सड़क हादसे में घायलों का मुफ्त करेंगे इलाज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में आयोजित बैठक में पुलिस स्वास्थ्य और एनआईसी विभाग ने प्रतिभाग किया। पीएम राहत कैशलेस ट्रीटमेंट के बारे में एक सेमिनार भी आयोजित की गई थी। जिसमें इसमें अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील गुप्ता जो की आईआरएडी के हेल्थ नोडल अधिकारी हैं।

एसपी कुंवर ज्ञानेजय सिंह ने बताया कि पीएम राहत कैशलेस ट्रीटमेंट में सड़क दुर्घटना में हुए घायलों को प्राइवेट अस्पताल में मुफ्त इलाज की सुविधा दी जाएगी। जिसमें किसी भी सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल ले जाने पर,अस्पताल के स्टाफ ग्नरूस पोर्टल पर विक्टिम आईडी जेनेरेट करंगे,जिसका सत्यापन पुलिस द्वारा 24-48 घंटे में किया जाना है। सत्यापित होते ही उसका इलाज अस्पताल में मुफ्त चालू होगा। 7 दिनों तक जिसमें 1 रुपये से डेढ़ लाख




तक प्रति व्यक्ति मुफ्त इलाज किया जाएगा ।

उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा समय से घायलों को उपचार ना होने पर,मृत्यु को रोकना हैं,उनको समय से अस्पताल तक पहुंचाने के लिए राहवीर योजना भी हैं । जिसमें गोल्डन ऑवर में पीड़ित को अस्पतल पहुंचाने पर 25000 रुपये तक की धनराशि दी जाएगी ।

इस अवसर पर सीओ ट्रैफिक राहुल यादव,एनआईसी से जिला आई आर ए डी प्रभारी निशांत राजपूत,प्रशांत सिरोही आदि उपस्थित थे।

**बचाई जान** अपनी जान बचाने के लिए खिड़कियों और ऊपरी मंजिलों से नीचे कूदना पड़ा। इस दर्दनाक हादसे में 21 लोगों की मौत हो गई,

# दिल्ली होटल अग्निकांड में रियाज बने इंसानियत के मसीहा, गद्दे लगाकर बचाई कई लोगों की जान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**दिल्ली ।** मालवीय नगर इलाके में स्थित एक होटल में भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी तेजी से फैली कि होटल में मौजूद लोगों को अपनी जान बचाने के लिए खिड़कियों और ऊपरी मंजिलों से नीचे कूदना पड़ा। इस दर्दनाक हादसे में 21 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोग घायल हो गए। घटना ने पूरी दिल्ली को झकझोर कर रख दिया।

इसी बीच इलाके के रहने वाले रियाज ने बहादुरी और इंसानियत की ऐसी मिसाल पेश की, जिसकी हर तरफ सराहना हो रही है। रियाज की होटल के पास ही गद्दों की दुकान है। जैसे ही उन्होंने होटल में आग लगने और लोगों को जान बचाने के लिए ऊपर से कूदते देखा, उन्होंने बिना देर किए अपनी दुकान से गद्दे निकालकर होटल के नीचे सड़क किनारे बिछा दिए।

रियाज ने अपने साथियों की मदद से गद्दों का ढेर तैयार किया,



ताकि ऊपर से कूदने वाले लोग सीधे सड़क पर गिरकर गंभीर चोट का शिकार न हों। उनकी इस सूझबूझ और साहसिक



कदम से कई लोगों की जान बच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, अगर रियाज समय रहते यह कदम नहीं उठाते तो मरने वालों की संख्या और अधिक हो सकती थी।

घटना के बाद स्थानीय लोगों ने रियाज की जमकर प्रशंसा की और उन्हें इंसानियत का मसीहा बताया। सोशल मीडिया पर भी लोग उनके साहस और मानवता की भावना को सलाम कर रहे हैं।

फायर ब्रिगेड की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस और प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट को आग लगने का कारण माना जा रहा है, हालांकि अधिकारियों द्वारा विस्तृत जांच की जा रही है।

इस हादसे ने एक बार फिर साबित कर दिया कि मुश्किल समय में इंसानियत और साहस सबसे बड़ी ताकत होती है।

# वरिष्ठ कांग्रेसी नेता डॉक्टर मेराज हुसैन के कैंप कार्यालय एवं नए निवास का उद्घाटन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अमरोहा (डा. महताब अमरोहवी )।** मंगलवार को अमरोहा के बाईपास स्थित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं सीबीएफसी भारत सरकार के पूर्व सदस्य डॉ मेराज हुसैन के नए कैम्प कार्यालय एवं निवास का उद्घाटन मुफ़्ती सय्यद मोहम्मद अफान मंसूरपुरी के हाथों

**मुफ़्ती सय्यद मोहम्मद अफ्फान मंसूर पूरी ने दुआ कराई**

हुआ। इस अवसर मुफ्ती अफ्फान ने डॉक्टर साहब को दुआएँ दी और उनके नए मकान में इज्तेमाई दुआ कराई और मौजूद लोगों के मुश्किलात को हल के साथ साथ मुल्क में शांति और भाई चारे के लिए विशेष दुआ कराई। डॉ मेराज ने मीडिया से बात करते हुए कहा की यह ऑफिस हर अमरोही का है, और इस ऑफिस के जरिए समाज के हर व्यक्ति की खिदमत ही मकसद है।अमरोहा में लोगों की समस्याओं के लिए मैं हमेशा काम करता रहूँगा और




लोगो को जागरूक कर शहर को और बेहतर बनाने की कोशिश करूँगा। डॉ मेराज ने आगे कहा कि उनके परिवार ने समाज सेवा और समाज सेवा की जो प्राचीन परम्परा डाली है उसको जारी रखना चाहते ताकि एक सभ्य और सुंदर समाज बन सके। उन्हों ने सभी उपस्थित लोगों का स्वागत किया और उनका का शुक्रिया भी अदा किया।

इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष ओंकार सिंह कटारिया,कांग्रेस नेता सुखराज सिंह,बसपा के नौगांवा सादात से पूर्व प्रत्याशी फुरकान अहमद, सैयद फरहान, मयंक गुज्जर, शाहिद खेड़ी,अधिवक्ता मेराज उल जफर,आम आदमी के उत्तर प्रदेश वेस्ट प्रभारी इंजीनियर मोहम्मद हैदर साहब, महफूज तुर्क, नौशाद सैफी, रुकने आलम, दिल हसन सैफी,अली इमाम रिजवी समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# नगर पालिका परिषद अमरोहा के अधिशासी अधिकारी डॉक्टर बृजेश कुमार का अमरौहा से आजम गढ़ स्थानांतरण हो गया है उनके स्थान पर श्रावस्ती से दिनेश कुमार को अमरोहा का प्रभार सौंपा गया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी)।** नगर पालिका परिषद अमरोहा के अधिशासी अधिकारी डॉक्टर बृजेश कुमार का अमरौहा से आजम गढ़ स्थानांतरण हो गया है उनके स्थान पर श्रावस्ती से दिनेश कुमार को अमरोहा का प्रभार सौंपा गया है। । लगभग चार वर्षों तक उन्होंने इस शहर की सेवा की, लेकिन केवल एक अधिकारी के रूप में नहीं, बल्कि अमरौहा के एक नागरिक बनकर काम किया। जिस तरह से अमरौहा के नागरिकों को अपने शहर की चिंता होती है, ठीक उसी तरह डॉक्टर बृजेश कुमार जी ने अमरौहा की हर समस्या को अपनी समस्या समझा और उसका समाधान समय रहते किया, जिसके लिए वे बधाई के पात्र



हैं। उनकी पहल, पारदर्शिता और जनता के प्रति समर्पण ने अमरोहा की तस्वीर बदल दी। उन्होंने सभासदों पत्रकार बंधुओ नगर की जनता पालिका कर्मचारियों अधिकारियों को भी अपार सम्मान दिया, उनके सुझावों और सहभागिता का हमेशा आदर किया। इसी कारण, सभासदो पत्रकार बंधुओ पालिका कर्मचारी शहर के समाजसेवियो और आम जनता भी उनके आजमगढ़ स्थानांतरण से अत्यंत दुःखी हैं, क्योंकि उनके साथ काम करने में उन्हें सच्चा मार्गदर्शन और प्रेरणा मिली थी।अब जब उनका स्थानांतरण आजमगढ़ के लिए हो गया है।कार्यालय अधीक्षक असद जमाल ने कहा कि उनका मार्ग दर्शन,अनुभव पूरे स्टाफ के लिए एक अविस्मरणीय अध्याय है जो जीवन भर हमारे काम आएगा।

# विश्व साइकिल दिवस पर आईएमए ने दिया स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी (मयंक सक्सेना)।** विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए)



चंदौसी द्वारा बुधवार को साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और ईंधन बचत का संदेश देना रहा।फाउंटेन चौक से प्रातः 6:30 बजे शुरू हुई रैली में आईएमए के चिकित्सकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के दौरान चिकित्सकों ने नियमित साइकिल चलाने के लाभ बताते हुए लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही हरित एवं स्वच्छ वातावरण के लिए साइकिल को बेहतर परिवहन साधन बताया।

आईएमए पदाधिकारियों ने कहा कि साइकिल चलाने से शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होता है, तनाव कम होता है और पर्यावरण प्रदूषण में भी कमी आती है। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों से अधिकाधिक साइकिल उपयोग करने की अपील की गई। इस अवसर पर आईएमए चंदौसी के अध्यक्ष डॉ. सर्वेश सक्सेना, सचिव डॉ. शशांक चौधरी, कोषाध्यक्ष डॉ. मनोज आहूजा सहित अनेक चिकित्सक उपस्थित रहे।

# चार परिवारों की फिर बसी खुशियां, परामर्श केंद्र में सात मामलों का निस्तारण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** पुलिस परिवार परामर्श एवं सुलह-समझौता केंद्र की बैठक बुधवार को गौशाला रोड स्थित पिंक चौकी में आयोजित की गई। बैठक में पति-पत्नी के आपसी विवादों से संबंधित 24 मामलों की सुनवाई की गई।



परामर्श केंद्र प्रभारी एवं महिला थानाध्यक्ष डॉ. रुकम पाल सिंह की देखरेख में काउंसलरों के सहयोग से सात मामलों का निस्तारण किया गया। इनमें चार परिवारों को समझौते के आधार पर पुनः साथ रहने के लिए राजी कर उनका घर बसाया गया। एक मामले में विधिक कार्रवाई की संस्तुति की गई, जबकि एक पत्रावली आवेदक द्वारा बल न दिए जाने एवं अन्य कारणों से बंद कर दी गई। बैठक में काउंसलर श्वेता गुप्ता, संगीता भार्गव, पूनम अरोरा, उपनिरीक्षक महेश गंगवार, हेड कांस्टेबल मनोहर सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# पुलिस ने अदालतों से फरार व शांति को क्षति पहुँचाने की आशंका में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अमरोहा (डा. महताब अमरोहवी)।** पुलिस अधीक्षक लखन सिहं यादव द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दो थाना क्षेत्रों की पुलिस ने अदालतों से फरार व शांति को क्षति पहुँचाने की आशंका में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है थाना आदमपुर पुलिस टीम द्वारा शान्ति व्यवस्था भंग होने की सम्भावना के दृष्टिगत एक अभियुक्त चन्द्रपाल पुत्र किशनलाल निवासी ग्राम सूबरा उम्र करीब 45 वर्ष थाना आदमपुर जनपद अमरोहा को अन्तर्गत



धारा 170/126/135 बीएनएसएस मे गिरफ्तार कर न्यायालय एसडीएम कोर्ट हसनपुर भेजा गया। थाना हसनपुर पुलिस द्वारा एक वारंटी गुफरान पुत्र ममनून त्यागी निवासी ग्राम मितापुर किठोर जिला मेरठ सम्बन्धित मुकदमा सं0 283/2016 मु0अ0स0 214/216 धारा 147/148/149/307 भादवि थाना हसनपुर सम्बन्धित न्यायालय अपर जिला एव सत्र न्यायाधीस प्रथम जनपद अमरोहा से फरार होने पर को गिरफ्तार किया गया ।अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

# जिलाधिकारी डॉ. नितिन गौड़ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत गठित जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई

**बुलन्द संदेश बयूरो**

**अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी)।** जिलाधिकारी डॉ. नितिन गौड़ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत गठित जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति का विस्तृत मूल्यांकन किया गया और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

बैठक में जिलाधिकारी डॉ. नितिन गौड़ ने सबसे पहले सीएम डैशबोर्ड पर ग्रेडिंग वाले बिंदुओं की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत आशा कार्यकताओं एवं लाभार्थियों का भुगतान शीघ्रता से करने के निर्देश दिए। साथ ही रिक्त सब-सेंटरों पर सीएचओ की तैनाती के लिए डिमांड पत्र भेजने के निर्देश दिए। जनपद में कुल कितनी एएनएम हैं और वे कहाँ-कहाँ नियुक्त हैं,



इसकी पूरी जानकारी उपलब्ध कराने को कहा।डॉ.नितिन गौड़ ने सभी चिकित्सालयों में डॉक्टरों के नाम का बैज लगा एप्रन पहनकर आने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मरीजों एवं उनके तीमारदारों से अच्छा व्यवहार रखा जाए। ड्यूटी को पूर्ण समर्पण के साथ करें, अपनी जिम्मेदारियों को समयबद्ध तरीके से पूरा करें और अनुशासन बनाए रखें। नियमित टीकाकरण का शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे। चिकित्सालयों में संस्थागत प्रसवों की संख्या कम पाए जाने पर नाराजगी जताते हुए बढ़ाने के निर्देश दिए। इसके साथ जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि झोलाछाप डॉक्टरों, अवैध पैथोलॉजी लैबों और क्लीनिकों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।आरबीएसके के अंतर्गत टीमों द्वारा विज़िट किए गए स्कूलों, छात्रों तथा चिन्हित बीमारियों की जानकारी समय से एमओआईसी या जिला स्तर पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, ताकि ऐसे बच्चों का समय पर उचित इलाज सुनिश्चित किया जा सके।बैठक में एफआरयू की प्रगति, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, ई-संजीवनी ओपीडी, ई-कवच, आभा आईडी, टीबी कार्यक्रम, आशा भुगतान और टीकाकरण की प्रगति की भी विस्तृत समीक्षा की गई।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रमाकांत सागर, सीएमएस डॉ. एके भंडारी सहित सभी संबंधित अधिकारी एवं प्रभारी चिकित्साधिकारी उपस्थित रहे।

# वारंटियों की धरपकड़ में जुटी पुलिस,दो आरोपी गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** अपराध एवं अपराधियों के





खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कुढ़फतेहगढ़ पुलिस ने बुधवार को दो वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई के निर्देशन में की गई।

पुलिस के अनुसार, वाद संख्या 02/25 एवं 15/25 से संबंधित वारंटी अभियुक्त धीरेंद्र निवासी ग्राम राजथल, थाना कुढ़फतेहगढ़ को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। वहीं दूसरे मामले में मुकदमा संख्या 264/2024 के वारंटी अभियुक्त इमरान निवासी मोहल्ला वारिस नगर, थाना चन्दौसी को भी उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी थाना कुढ़फतेहगढ़ पुलिस टीम ने की। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में कानून व्यवस्था बनाए रखने और वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा।

# विश्व साइकिल दिवस पर निकाली जागरूकता रैली,स्वस्थ जीवन का दिया संदेश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** मॉडल पब्लिक एजुकेशन कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तहत बुधवार



को विश्व साइकिल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी शर्मिल उपाध्याय एवं जयप्रकाश गौतम के नेतृत्व में किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. तेजपाल सिंह ने स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं को साइकिल चलाने के स्वास्थ्य, पर्यावरण एवं आर्थिक लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने युवाओं को दैनिक जीवन में साइकिल के अधिकाधिक उपयोग के लिए प्रेरित किया।

इसके बाद स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं ने कॉलेज परिसर से ग्राम आंटा तक साइकिल रैली निकालकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता एवं ईंधन बचत का संदेश दिया। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने साइकिल अपनाने और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने का आह्वान किया।

# 'जनता का विश्वास, अपराधियों में खौफ'– इसी लक्ष्य के साथ कमान संभाली संत कुमार सिंह ने

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** कोतवाल अनुज कुमार तोमर के स्थानांतरण के बाद अब चंदौसी कोतवाली की कमान मुजफ्फरनगर निवासी निरीक्षक संत कुमार सिंह ने संभाल ली है। नए कोतवाल के

**कोतवाली की कमान संभालते ही दिए सख्ती के निर्देश**

रूप में कार्यभार ग्रहण करते ही उन्होंने कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने तथा अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई को अपनी प्राथमिकता बताया है।

पुलिस विभाग में अपने अनुभव और कार्यशैली के लिए पहचाने जाने वाले संत कुमार सिंह ने कहा कि आमजन की सुरक्षा, महिलाओं की सुरक्षा, अपराध नियंत्रण और फरियादियों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा। उन्होंने स्पष्ट



किया कि अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी तथा कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि कोतवाली आने वाले प्रत्येक फरियादी की समस्या को गंभीरता से सुना जाएगा और उसका समयबद्ध समाधान कराया जाएगा। नगर में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाना, जाम की समस्या पर नियंत्रण, बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करना तथा पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना भी उनकी कार्ययोजना का हिस्सा रहेगा। दूसरी ओर शहरवासियों को भी नए कोतवाल के आने से कानून व्यवस्था और पुलिस कार्यप्रणाली में सकारात्मक बदलाव की उम्मीद है।

# सचिन कुमार को कैलादेवी और संत कुमार को बनाया चंदौसी कोतवाल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल ( सैयद अतहर अली)।** जनपद में कानून व्यवस्था मजबूत करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने निरीक्षक और उप निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है।

आरटीसी प्रभारी संत कुमार को चंदौसी कोतवाल बनाया है। साइबर सैल प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह को प्रभारी निरीक्षक थाना साइबर क्राइम की जिम्मेदारी दी है। पुलिस लाइन में तैनात निरीक्षक पवनवीर सिंह राणा को थाना एएचटीयू का प्रभारी बनाया है। निरीक्षक नरेश पाल को अपराध निरीक्षक थाना संभल से धनारी थाने का प्रभारी बनाया है। बनियाठेर थाना अध्यक्ष सचिन कुमार को कैला देवी थाना अध्यक्ष बनाया है। एसपी ने अपने वाचक संजय कुमार को नखासा थाना अध्यक्ष बनाया है।एसओजी प्रभारी बोविंद्र कुमार को बनियाठेर, निशांत राठी को रायसत्ती से बबराला थानाध्यक्ष,बबराला से सौरभ त्यागी को रायसत्ती थाना अध्यक्ष बनाया है। वहीं निरीक्षक उमेश सोलंकी को प्रभारी निरीक्षक थाना नखासा से एसपी ने अपना वाचक बनाया है।

कैलादेवी थाना प्रभारी राधेश्याम शर्मा का गैर जनपद स्थानांतरण हो गया है। धनारी थाना अध्यक्ष अखिलेश कुमार प्रधान को आईटीसी का प्रभारी बनाया है और एसओजी से मनोज कुमार वर्मा को एसओजी का प्रभारी बनाया है।

**आरोप** वायरल पत्र के आधार,आय से ज्यादा संपत्ति के मालिक है, वीआईपी जिंदगी जीते हैं डीपीआरओ चेतेंद्रपाल सिंह


# डीपीआरओ व बाबू पर लगा वसूली का आरोप,जांच कमेठी गठित


**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल/बहजोई(दिनेश सक्सेना)।** डीपीआरओ कार्यालय व उनकी कार का एक वीडियो बढ़ी तेजी से वायरल हुआ था वीडियो में डीपीआरओ के पास बैठा उनका बाबू नोटों की गड्डी लेकर अपने जेव में रखता नजर आ रहा है और पूछ रहा है कि पचास हजार है परन्तु दूसरी ओर से आवाज आती है चवालीस हजार है,यह सब मामला डीपीआरओ के सामने का ही है।

वही कार में डीपीआरओ कह रहे है कि जब मे एडीपीआरो था तब में बीस हजार से कम नही लेता था अव यह पंद्रह हजार रुपए मेरे समझ में नहीं आ रहे तुम तो आज एक बर्ष के बाद आये हो पीछे से एक दर्द भरी आवाज,सर मुझे डेंगू हो गया आगे से सब ध्यान रखूंगा।

**आय से ज्यादा बेनामी संपत्ति का खेल**





आरोप है कि डीपीआरओ ने मुरादाबाद आवास विकास डेढ़ करोड़ आवासीय संपत्ति के साथ साथ लग्जरी कार भी है वह अपनी जिंदगी बहुत ही शानो-शौकत से जीते जबकि ऐसी जिंदगी और इतना धन इकट्ठा करने के हिसाब से उनकी आय नहीं है, चार वायरल वीडियो में कही साफ कही धुंधली तस्वीर और आवाच साफ दर्शाती है कि इस मामले में डीपीआरओ और उनका बाबू संलिप्त है,

अव देखा है कि कितने दिनों में जांच कमेटी जिलाधिकारी के टेवल पर रिपोर्ट पेश करेगी।

**वर्जन:**

जिलाधिकारी के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कमेटी गठित कर दी गई है जांच रिपोर्ट आने के उपरांत ही,कार्रवाई अमल में लाई जाएगी

**-सीडीओ गोरखनाथ भट्ट संभल।**

# चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह का 461 वां उर्स संपन्न

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी)।** मंगलवार की रात कुल शरीफ की रस्म के साथ मंगलवार देर रात हजरत शाह अब्बन बदरे चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह का 461 वां उर्स संपन्न हो गया।आखिरी दिन हजारों अकीदतमंदों ने हिस्सा लेकर मुल्क की तरक्की व खुशहाली संग कौम की सलामती के लिए अल्लाह की बारगाह में हाथ उठाए।कुरान की तिलावत संग दुआ के माहौल में रोजा-ए-मुकद्दसा पर नूर बरसता रहा।

मंगलवार शाम चादर शरीफ का जुलूस शहर के मोहल्ला पीरजादा स्थित शाह की खानकाह से रोजा-ए-मुकद्दसा पहुंचा।जहां पहले से ही अकीदतमंदों का हुजूम उमड़ा था।

अल्लाह-हू-अकबर की सदाओं के बीच अकीदतमंदों द्वारा मजार-ए-मुबारक पर चादर पेश की गई। इस दौरान रोजे पर तबर्रुक का वितरण चलता रहा। अकीदत में किसी ने हलवा बांटा तो किसी ने पानी बांटकर भीषण गर्मी में अकीदतमंदों के हलक तर किए।





ईशा की नमाज के बाद सिमा खाने में कव्वाली का सिलसिला फिर से शुरू हो गया। जिसमें रुदौली शरीफ के सज्जादा नशीन डॉ.नय्यर मियां व सज्जादानशीन कलियर शरीफ अलीशान मियां ने शिरकत की। रात में ठीक 1 बजकर 20 मिनट पर कुल शरीफ की रस्म अदा की गई।

सज्जादा नशीन सैय्यद मसूद आलम रिजवी ने मुल्क व कौम की खुशहाली व तरक्की के लिए दुआ कराकर उर्स का समापन किया। इस मौके पर सज्जादा नशीन सय्यद मसूद आलम रिजवी ने सईद जैद रिजवी और सय्यद हम्माद रिजवी को नायब सज्जादा नशीन नियुक्त करने की घोषणा की जिस का मौजूद लोगों ने समर्थन किया तत्पश्चात दोनों की दस्तार बंदी की गई।इस दौरान डा. मेराज हुसैन, नवेद अयाज, डॉ.अफसर परवेज, सूफी मोईन उद्दीन, मुश्ताक अहमद, मुजम्मिल खान, आलम वारसी, शाहरुख खान, फैजी खान, मरगूब सिद्दीकी, जुनैद सिद्दीकी, जाहिद कुरैशी,खुर्रम रिजवी,दाऊद रिजवी,अली इमाम रिजवी,अकमल रिजवी स्माट समेत हजारों अकीदतमंद रात तीन बजे तक मौजूद रहे।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

# योगी मंत्रिमंडल की बैठक में मुरादाबाद को मिली दो "सौगात" नवीन कारागार की क्षमता 2000 होगी, मुरादाबाद को मिली 25 एसी इलेक्ट्रिक बसें

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बुधवार को कैबिनेट बैठक हुई। इस बैठक में 25 प्रस्तावों में से 24 प्रस्तावों को मंजूरी दे दी गई।

इनमें प्रदेश की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को मजबूत करने से जुड़ा बड़ा फैसला भी शामिल है। कैबिनेट ने 17 नगर निगमों, नोएडा और जेवर एयरपोर्ट के लिए 1725 नई इलेक्ट्रिक बसें चलाने के प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है। इस परियोजना पर करीब 1852 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे और इसे पीपीपी (पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल पर संचालित किया जाएगा। सरकार बसों के संचालन के लिए आवश्यक डिपो उपलब्ध कराएगी, साथ वकीलों को भी सौगात दी है। राज्य विधि अधिकारियों को दी जाने वाली रिटेनरशिप व प्रतिदिन की फीस का रेट रिवाइज किया। जिला शासकीय अधिवक्ता की रिटेनरशिप नौ हजार थी, अब 14 हजार होगी। 1650 की जगह 2500 रुपये प्रति कार्यदिवस की फीस होगी। पांच जिलों में नई जेल का भी फैसला हुआ है।

इलेक्ट्रिक बस योजना के तहत 725 नौ मीटर लंबाई वाली एसी इलेक्ट्रिक बसें और 1000 छोटी इलेक्ट्रिक बसें खरीदी जाएंगी। बसों की खरीद को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार बड़ी बसों पर 40 लाख रुपये और छोटी बसों पर 35 लाख रुपये तक की सब्सिडी देगी।लखनऊ, गोरखपुर और कानपुर को सबसे आधक 300-300 बसें मिलेंगी। वाराणसी को 250 बसें आवंटित की गई हैं। इसके अलावा आगरा और गाजियाबाद को 100-100, मथुरा को 50 तथा मुरादाबाद और सहारनपुर को 25-25 बसें दी जाएंगी। अन्य नगर निगमों और नोएडा-जेवर क्षेत्र के लिए भी बसों का आवंटन किया जाएगा। इसके आलावा प्रदेश में पांच नये कारागार निर्माण को स्वीकृति मिली है। मुरादाबाद में नवीन कारागार, बंदी क्षमता 2000 होगी।

ललितपुर में 552 बंदी क्षमता की जेल बनेगी। औरैया में नई जेल के लिए 1056 बंदी क्षमता की जेल होगी। कानपुर में 2020 बंदी क्षमता का कारागार बनेगा। भदोही में 574 बंदी क्षमता की जेल बनेगी। सभी के लिए धनराशि स्वीकृत किया गया है।

# महंगाई, बेरोजगारी और पेपर लीक के विरोध में सपा का प्रदर्शन, बैलगाड़ी लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे कार्यकर्ता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन कुरैशी)।** समाजवादी पार्टी मथुरा ने अपने सभी फ्रंटल संगठनो के साथ मिलकर जिला कलेक्टरेट कंपाउंड में धरना व प्रदर्शन किया प्रदेश के किसान नौजवान मजदूर व्यापारी छात्र आम जनमानस सरकार की नीतियों से तरसते हैं बढ़ती हुई महंगाई बेरोजगारी किसानों की समस्या उनकी उपज का उचित मूल्य युवाओं का भविष्य पेपर लीक के कारण लगातार अंधकार में होता जा रहा है कानून व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है इन सभी बिंदुओं को लेकर समाजवादी पार्टी के हजारों कार्यकताओं ने वटवृक्ष के नीचे धरना प्रदर्शन किया उसके बाद सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी बेल गाडी को सांकेतिक रूप में लेकर कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिलाधिकारी कार्यालय की तरफ कूच किया। हजारों कार्यकर्ता सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफा की मांग करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। ज्ञापन के बिंदु इस प्रकार थे।बिजली की बढ़ती कीमतों स्मार्ट मीटर के द्वारा डाली जा रही डकैती व अवरुद्ध बिजली सप्लाई, छात्रों के साथ पेपर लीक से हो रहे अत्याचार, हाल ही में नीट,एनटीए,सीबीएसई बोर्ड की धाँधली सरकार के भ्रष्टाचार को उजागर कर रही है।डीजल एवं पेट्रोल के बढ़ते दामों से लोगों में त्राहिमाम मचा हुआ है।अंतर्राष्ट्रीय दरों में बढ़ोतरी व कम होने की औसत के हिसाब से बढ़ाया या घटाया जाना चाहिए।परंतु कीमत बढ़ाकर आम जनमानस की जेब प ड़ाला जा रहा है।इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष वीरेंद्र यादव के नेतृत्व में जिला महासचिव सुभाष पाल.वरिष्ठ नेता प्रदीप चौधरी. जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश यादव.जिला उपाध्यक्ष दिगंबर सिंह जाटव.जिला उपाध्यक्ष गगन रावत. जिला सचिव तुलसीराम धनगर जिला सचिव मोड ठाकुर युवजन सभा के जिला अध्यक्ष मुरारी मैथिल.समाजवादी लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष सोनू ठाकुर, मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिला अध्यक्ष नजर कुरैशी, छात्र सभा के अध्यक्ष संतोष यादव ,अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष नाजीम अब्बासी. अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष संदीप अहेरिया, विधानसभा बलदेव अध्यक्ष राजेंद्र सिकरवार, विधानसभा मांठ अध्यक्ष संतोष शर्मा, विधानसभा गोवर्धन अध्यक्ष पोहप सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष पर धर्मेंद्र चौधरी ब्लॉक अध्यक्ष मथुरा शम्मी खान पिछड़ा वर्ग महानगर अध्यक्ष देवकीनंदन, अमर सिंह यादव, नीतू यादव, प्रहलाद ठाकुर,लक्ष्मण प्रसाद शर्मा,बांके बिहारी बंटी चौहान,सागर,सोनू, रवि, बिल्लू पवन, मनीष आजाद,अजय,हरिंदर चौधरी, हुकम सिंह प्रधान।




# विश्व साइकिल दिवस पर एनवायरमेंट क्लब ने माय भारत मेरठ के साथ निकाली साइकिल रैली

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ ।** आज विश्व साइकल दिवस के अवसर पर एनवायरमेंट क्लब और माय भारत मेरठ, युवा मंत्रालय भारत सरकार ने संयुक्तरूप से शहर में साइकिल यात्रा का आयोजन किया, जिसमें प्रमुखता से क्लब के युवा सदस्यों ने साइकिल चलाकर स्वच्छता बनाए रखने व ईंधन को बचाने का संदेश दिया।



यात्रा का शुभारंभ सूरजकुंड पार्क से जिला युवा अधिकारी यशवंत यादव व क्लब संस्थापक सावन कनौजिया ने हरी झंडी दिखाकर किया। साइकिल यात्रा सूरजकुंड पार्क से शुरू होकर, बाबा मनोहर नाथ मंदिर रोड़, सर्किट हाउस रोड़, मेरठ कॉलेज, पीएल शर्मा रोड़, बेगमपुल, दिल्ली रोड़ से शहीद स्मारक मेरठ पर समाप्त हुई। समापन पर क्लब सदस्यों ने अमर जवान ज्योति पर पुष्पांजलि अर्पित कर अमर क्रांतिकारियों और शहीदों को नमन किया। यात्रा के दौरान स्वच्छता, हरियाली, जल संरक्षण का संदेश दिया गया। शहीद स्मारक पर समापन के बाद सभी ने सप्ताह में कम से कम 3 दिन आवश्यक रूप से साइकिल चलाने की शपथ ली। क्लब संस्थापक सावन कनौजिया ने कहा कि साइकिल चलाना अच्छे स्वास्थ्य के साथ साथ पर्यावरण के लिए भी अनुकूल है। वहीं जहां विश्व में युद्ध के हालात हैं ऐसे में ईंधन बचाने के लिए अधिकाधिक साइकिल चलाना ही आर्थिक रूप से भी बेहतर है और पर्यावरण दृष्टि व देशहित में भी। इस अवसर पर जिला युवा अधिकारी यशवंत यादव, नरेंद्र त्यागी, सावन कनौजिया, तरूण, अनमोल, तुषार, सचिन, धान्या, दिव्येश, कीर्ति, सितांशु, प्रियांशु, इशिका, उन्नति, संदीप, शौर्य, दीपांशी, लसिका, हर्ष, कार्तिक, प्रियांशु, राहुल, कृष्णा, हर्षिता, रम्यक आदि मौजूद रहे।

# भारतीय शास्त्रीय संगीत व लोक कलाओं के संरक्षण व अनुसंधान को मिला नया संबल: सुभारती विश्वविद्यालय और उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के बीच ऐतिहासिक एमओयू

## युवा पीढ़ी तक पहुंचेगी भारतीय शास्त्रीय संगीत व कथक नृत्य संस्कृति की विरासत, सुभारती विश्वविद्यालय और अकादमी की बड़ी पहल

बुलन्द संदेश ब्यूरो







**मेरठ।** उत्तर प्रदेश की समृद्ध एवं गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने और भारतीय शास्त्रीय संगीत व नृत्य के संरक्षण के उद्देश्य से योगी सरकार ने एक और महत्वपूर्ण पहल करते हुए उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी तथा स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ के बीच एक ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन (MoU) संपन्न कराया। राजधानी लखनऊ स्थित पर्यटन सभागार में आयोजित गरिमामय समारोह में इस महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह तथा उत्तर प्रदेश पर्यटन विकास निगम के प्रबंध निदेशक श्री आशीष कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। समझौता पत्र के आदान-प्रदान के बाद अपने संबोधन में संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह ने कहा कि सुभारती विश्वविद्यालय के साथ इससे पूर्व भी तीन एमओयू किए जा चुके हैं और यह नया सहयोग राज्य में शैक्षणिक अनुसंधान एवं सांस्कृतिक संरक्षण के क्षेत्र में मील का पत्थर सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि आधुनिकता की तेज रफ्तार में अनेक शास्त्रीय व लोक कलाएं लुप्त होने की कगार पर हैं। ऐसे में उन्हें संरक्षित करना और भावी पीढ़ी तक पहुंचाना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है, ताकि युवा अपनी सांस्कृतिक जड़ों और विरासत पर गर्व कर सकें।

इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रमोद कुमार शर्मा ने उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह समझौता भारतीय संगीत, नृत्य एवं नाट्य परंपराओं के संरक्षण, संवर्धन और शोध के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि यह पहल युवाओं में सांस्कृतिक चेतना के जागरण का माध्यम बनेगी और भारतीय कला एवं संस्कृति के प्रति उनकी रुचि को और सशक्त करेगी।

एमओयू के अंतर्गत दोनों संस्थाएं मिलकर एक सुदृढ़ संस्थागत ढांचा विकसित करेंगी, जिसके माध्यम से शास्त्रीय संगीत, लोक नृत्य और नाट्य परंपराओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। साथ ही शोध गतिविधियों, विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा संयुक्त जन-जागरूकता अभियानों को भी बढ़ावा दिया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान ललित कला संकाय के डीन प्रो. (डॉ.) पिन्टू मिश्रा एवं परफॉर्मिंग आर्ट्स विभाग की अध्यक्षा प्रो. (डॉ.) भावना ग्रोवर ने संकाय की उपलब्धियों और गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ललित कला संकाय पिछले 17 वर्षों से चित्रकला, संगीत और नृत्य के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। संकाय में देश-विदेश से छात्र-छात्राएं भारतीय संस्कृति एवं कलाओं की उच्चस्तरीय शिक्षा प्राप्त करने के लिए आते हैं। उन्होंने संकाय की विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय उपलब्धियों से भी उपस्थित जनों को अवगत कराया।

समारोह में उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के अध्यक्ष प्रो. जयंत खोत, उपाध्यक्ष श्रीमती विभा सिंह, निदेशक डॉ. शोभित कुमार नाहर सहित अकादमी एवं विश्वविद्यालय के अनेक वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के समापन पर स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रो. (डॉ.) शल्या राज ने उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी का आभार व्यक्त करते हुए इस ऐतिहासिक साझेदारी के लिए सभी को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि दोनों संस्थानों के संयुक्त प्रयासों से उत्तर प्रदेश की समृद्ध कलात्मक एवं सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और नई पीढ़ी तक पहुंचाने का अभियान और अधिक प्रभावी रूप से आगे बढ़ेगा।

# मथुरा को मिले नए सहायक श्रम आयुक्त,राजकुमार श्रमिकों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना पहली प्राथमिकता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन कुरैशी)।** उत्तर प्रदेश में चल रहे प्रशासनिक फेरबदल के बीच मथुरा श्रम विभाग में भी बड़ा बदलाव हुआ है। सहायक श्रम आयुक्त एम.एल. पाल का स्थानांतरण बागपत कर दिया गया है। उनके स्थान पर पूर्व में मथुरा में श्रम प्रवर्तन अधिकारी रह चुके राजकुमार को रामपुर से स्थानांतरित कर सहायक श्रम आयुक्त के पद पर नियुक्त किया गया है। उन्होंने मथुरा पहुंचकर अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

कार्यभार संभालने के बाद मीडिया से बातचीत में नवागत सहायक श्रम आयुक्त राजकुमार ने कहा कि श्रमिकों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की विभिन्न योजनाओं को पात्र श्रमिकों तक पहुंचाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक श्रमिकों का पंजीकरण कराना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी होगी, जिससे पात्र मजदूरों को सरकारी सुविधाओं और आर्थिक सहायता योजनाओं का लाभ मिल सके। साथ ही श्रम विभाग की योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए भी प्रयास किए जाएंगे।




राजकुमार ने कहा कि श्रमिकों के जीवन स्तर में सुधार लाने और उन्हें शासन की योजनाओं से जोड़ने के लिए विभाग पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को भी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए हैं।

# मवाना में ईडी की छापेमारी, दो युवकों पर ऑनलाइन गेमिंग और विदेशी फंडिंग का शक

**मेरठ (आरएनएस )।** बुधवार की सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने मवाना और खतौली में दो स्थानों पर रेड की। स्थानीय लोगों के अनुसार टीम सुबह करीब सात बजे पहुंची और इसके बाद से लगातार कार्रवाई जारी है। कार्रवाई के दौरान सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। सूत्रों के मुताबिक ईडी की इस रेड की वजह ऑनलाइन गेमिंग और विदेशी फंडिंग से जुड़ी रकम की तलाश बताई जा रही है। हालांकि जिन युवकों के घरों पर रेड की गई। वह घरों से फरार थे। मगर, ईडी टीम दोनों स्थानों पर जांच में जुटी है। बुधवार की सुबह दो कारों में सवार होकर मवाना के सांधन गांव में पहुंची ईडी की टीम ने शुभम पुत्र सनवीर के घर पर रेड की। हालांकि शुभम घर पर नहीं मिला। ईडी की टीम ने घर में से काफी दस्तावेज कब्जे में लेते हुए शुभम के बैंक रिकॉर्ड और डिजिटल डाटा की गहन जांच की।



### दुबई से लौटा है असद का बेटा

बताया गया कि असद का लड़का अलेक जैदी दुबई में नौकरी करता था। बताया गया है कि कुछ माह पहले ही भारत वापस आया है। अलेक मामा के यहां आगरा गया हुआ है। उसको आगरा से बुलाया गया है।

### मुख्य आरोपियों से जुड़े ठिकाने निशाने पर

जानकारी के मुताबिक जांच एजेंसी ने मामले के कथित मुख्य आरोपियों शुभम और जैदी से जुड़े ठिकानों को भी जांच के दायरे में लिया है। टीम दस्तावेज, डिजिटल उपकरण और वित्तीय लेनदेन से जुड़े साक्ष्य जुटाने में लगी है। इसी के साथ ईडी की टीम ने खतौली के चौक मोहल्ला खैरात अली निवासी राजा जेद पुत्र असद के घर पर भी छापेमारी की। सूत्रों के मुताबिक दोनों युवक ऑनलाइन गेमिंग के जरिए अब तक मोटा के पैसा कमा चुके हैं। इसी के साथ ईडी की टीम को इन दोनों युवकों के पास विदेशी फंडिंग की भी जानकारी मिली है। जिसके चलते फिलहाल ईडी की टीम जांच में जुटी है।

# किसानों ने मेडा को दिया झटका: टाऊनशिप के लिए जमीन देने किया इनकार

**मेरठ (आरएनएस )।** देश की पहली आधुनिक न्यू टाउनशिप परियोजना के लिए किसानों द्वारा जमीन देने से हाथ खड़े कर देने के बाद विकास प्राधिकरण के अफसरों में बेचैनी है। परियोजना के लिए चिन्हित कई किसानों ने अपनी जमीन देने से साफ इनकार करने के बाद अब मेडा अब उनकी जमीन का अनिवार्य अधिग्रहण करने की तैयारी कर ली है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शिलान्यास की जा चुकी देश की यह पहली आधुनिक न्यू टाउनशिप वर्ष 2027 तक तैयार होनी है। परियोजना के लिए मोहिउद्दीनपुर और आसपास के क्षेत्र में कुल 294 हेक्टेयर जमीन की आवश्यकता है। इसमें से मेडा अब तक किसानों से आपसी सहमति से 156 हेक्टेयर भूमि ही खरीद पाया है। 12 हेक्टेयर जमीन सरकारी है, जिस पर कब्जा लेना बाकी है। करीब 126 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण किया जाना है। यह न्यू टाउनशिप मुख्य रूप से मोहिउद्दीनपुर, परतापुर, गेझा, दौलतपुर, भूड़बराल और काशी गांव के किसानों की जमीन पर विकसित होनी है। शुरूआत में मुख्यमंत्री द्वारा शिलान्यास होने के बाद किसानों ने स्वेच्छा से मेडा को जमीन बेची और सर्किल रेट से चार गुना मुआवजा सीधे उनके बैंक खातों में पहुंच गया। करीब दो महीने तक यह प्रक्रिया सुचारु रूप से चली लेकिन अब बाकी बचे किसान अपनी जमीन की और ज्यादा कीमत मांग रहे हैं। इस संबंध में किसानों और मेडा अधिकारियों के बीच कई दौर की वार्ता भी हुई लेकिन किसान मौजूदा सर्किल रेट के चार गुना दाम पर जमीन देने को राजी नहीं हैं।

### सरकारी जमीन को भी कराया जाएगा कब्जा मुक्त

प्रस्तावित परियोजना क्षेत्र में करीब 12 हेक्टेयर सरकारी भूमि भी शामिल है, जिसमें चकरोड, नाले, ट्यूबवेल और कुछ खाली भूमि है। वर्तमान में इस सरकारी जमीन पर कई स्थानीय किसानों का अवैध कब्जा है। प्रशासन और मेडा ने इस जमीन का पुनः अधिग्रहण करने या प्रशासनिक कार्रवाई के जरिए इसे जल्द से जल्द कब्जा मुक्त कराने की तैयारी कर ली है। इसके कानूनी पहलुओं की जांच की जा रही है।

# मेरठ में 10 साल में इस बार सबसे गर्म रहीं मई की रातें, और बढ़ेगा पारा

**मेरठ (आरएनएस )।** मई के दूसरे पखवाड़े में इस बार भीषण गर्मी झेलनी पड़ी है। पिछले 10 सालों में इस बार मई माह की कई रातें सबसे गर्म रही हैं। माह का औसत न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस आंका गया है। इससे पहले वर्ष-2016 में मई का औसत तापमान 24.2 डिग्री सेल्सियस रहा था। मई-2017 से 2025 तक औसत न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस से कम ही रहा।

अप्रैल से मई और अब तक 22 दिनों तक तापमान 40 डिग्री से अधिक रहा है, जिससे हीटवेव जैसे हालात का सामना करना पड़ रहा है। इस बार गर्मी विलंब से शुरू हुई लेकिन अचानक तापमान ने तेजी पकड़ी। हिंदू पंचांग के अनुसार, नौतपा का अंतिम दिन दो जून था। जनपद वासी दो बार नौतपा जैसी स्थितियों का सामना करना चुके हैं। 18 से 27 अप्रैल तक लगातार तापमान 40 डिग्री से अधिक रहा था। इसके बाद 16 मई से लगातार 11 दिनों तक अधिकतम तापमान 41 डिग्री से अधिक बना रहा। मई में दो बार तापमान 44 डिग्री आंका गया, जो अभी तक इस वर्ष का सर्वाधिक तापमान है। मई का अधिकतम औसत तापमान 37.7 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इससे पहले 2024 में भी भीषण गर्मी पड़ी थी, लेकिन औसत न्यूनतम तापमान 23.9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था। एनसीआर में तीन-चार जून को कुछ हिस्सों में आंधी और बरसात की संभावना है। छह-सात जून तक अधिकतम तापमान सामान्य से कम रहेगा। आठ जून को एक बार फिर गर्मी का प्रकोप बढ़ेगा। अधिकतम तापमान 40 डिग्री से अधिक तक पहुंचने की संभावना है।

निर्देश — आईजीआरएस की पुरानी शिकायतें फिर खुलेंगी, डीएम ने तय की समयबद्ध कार्रवाई

# मथुरा में भूमि विवादों के समाधान को विशेष मुहिम, डीएम ने अधिकारियों को दिए निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन कुरैशी)।** जनपद में भूमि विवादों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण को लेकर जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि शासन की मंशा के अनुरूप भूमि विवादों से जुड़े मामलों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

जिलाधिकारी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार जनपद में 1 जून से 30 जून 2026 तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान भूमि विवादों से संबंधित लंबित मामलों की समीक्षा कर उनका प्रभावी समाधान कराया जाएगा।

उन्होंने कहा कि 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 के बीच विभिन्न माध्यमों से प्राप्त भूमि विवाद संबंधी शिकायतें, जिन पर संतोषजनक फीडबैक नहीं मिला है, उन्हें आईजीआरएस पोर्टल पर पुनः केस ओपन कर विशेष अभियान के तहत निस्तारित किया जाएगा।



बैठक में बताया गया कि आईजीआरएस पोर्टल पर उपजिलाधिकारियों के लॉगिन में ग्रामवार डाटा उपलब्ध करा दिया गया है। संबंधित अधिकारी निर्धारित मानक कार्यप्रणाली (एसओपी) के अनुसार कार्रवाई करते हुए मामलों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करेंगे।

डीएम ने राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भूमि विवादों का शीघ्र समाधान होने से आमजन को राहत मिलेगी और विवादों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकेगा।

### भूमि विवाद निस्तारण अभियान की प्रमुख बातें

1 जून से 30 जून 2026 तक विशेष अभियान संचालित
लंबित और असंतोषजनक फीडबैक वाले मामलों की दोबारा समीक्षा
आईजीआरएस पोर्टल पर पुनः केस ओपन कर कार्रवाई
ग्रामवार डाटा उपजिलाधिकारियों को उपलब्ध कराया गया
राजस्व और पुलिस विभाग के संयुक्त समन्वय पर जोर
समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश।

# गारमेंट्स फैक्ट्री में गल्ला तोड़कर लाखों की चोरी, व्यापारियों ने किया हंगामा

**मेरठ(आरएनएस )।** देर रात सदर थाना क्षेत्र में बदमाशों ने गारमेंट्स फैक्ट्री का गल्ला तोड़कर लाखों का कैश और चांदी के सिक्के चोरी कर लिए। सुबह घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय व्यापारियों ने हंगामा कर दिया। पुलिस ने घटना के जल्द खुलासे का दावा किया है। वारदात को अंजाम देता एक बदमाश सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है। जिसके आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के मुताबिक वेस्टर्न कचहरी रोड निवासी अभिषेक गोयल पुत्र स्वर्गीय श्यामलाल की गंज बाजार में राधेश्याम एंड संस के नाम से गारमेंट्स फैक्ट्री है। अभिषेक के मुताबिक फैक्ट्री में लेडीज गारमेंट्स तैयार होते हैं। अभिषेक ने बताया कि बुधवार को वह फैक्ट्री पहुंचे तो खिड़की टूटी हुई थी। अंदर जाकर देखा तो खिड़की के रास्ते फैक्ट्री में दाखिल हुए बदमाशों ने गल्ला तोड़कर उसमें रखा दो लाख कैश और लगभग आधा दर्जन चांदी के सिक्के चोरी कर लिए थे। घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय व्यापारी नेता मुदित बंसल सहित कई व्यापारी एकत्र हो गए।



मौके पर पहुंची पुलिस के सामने व्यापारियों ने हंगामा शुरू कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने घटना के जल्द खुलासे का आश्वासन दिया। घटना को अंजाम देता एक बदमाश सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है। जिसके आधार पर पुलिस आरोपी की पहचान में जुटी है।

# मकान सूचीकरण में "कांठ तहसील का जनपद में पहला" स्थान : 62.3% कार्य हुआ पूर्ण

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** शासन के निर्देश पर जनगणना 2027 के अंतर्गत 22 मई से मकान सूचीकरण का कार्य प्रगति पर है जो 22 जून तक चलेगा' खबर लिखे जाने तक तहसील कांठ में मकान सूचीकरण का कार्य लगभग 62.3% पूर्ण हो चुका है जो की जिले की अन्य तहसीलों के मुकाबले सर्वाधिक है।तहसील कांठ में कुल एचएल बी 515 है जिनमें से 321 एचएलबी में मकान सूचीकरण कार्य पूर्ण हो चुका है तथा 194 एचएलबी में कार्य प्रगति पर है'। नगर पंचायत उमरी कला में मकान सूचीकरण का कार्य लगभग 44.4% पूर्ण हो चुका है। नगर पंचायत कांठ में मकान सूचीकरण का कार्य लगभग 32.8% पूर्ण हो चुका है नगर पंचायत अगवानपुर में मकान सूचीकरण का कार्य सिर्फ 4.5% ही पूर्ण हो पाया है नगर पालिका परिषद ठाकुरद्वारा में मकान सूचीकरण का कार्य 7.5% ही पूर्ण हो पाया है।

तहसील बिलारी में मकान सूचीकरण का कार्य लगभग 46.8 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है नगर पालिका परिषद बिलारी में मकान सूचीकरण का कार्य लगभग 28.3 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है।

# माध्यमिक "विद्यालय के शिक्षकों के जून अंत तक" होंगे तबादले: संवर्ग में 20 फीसदी से अधिक नहीं किए जाएंगे तबादले

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** प्रदेश के राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों के तबादले को शासन ने हरी झंडी दे दी है। इसके तहत जून में पहले सरप्लस शिक्षकों का समायोजन किया जाएगा। बाद में सामान्य तबादले होंगे। संवर्ग की संख्या के 20 फीसदी तक तबादले किए जाएंगे।

माध्यमिक शिक्षा विभाग की सचिव किंजल सिंह ने निर्देश जारी किया। राजकीय हाईस्कूल व इंटर कॉलेजों में पहले चरण में सरप्लस शिक्षकों का समायोजन किया जाएगा। इसमें कार्यरत विद्यालय में बाद में कार्यभार संभालने वाले को पहले सरप्लस माना जाएगा। सेना से जुड़े लोगों के पति-पत्नी, कैंसर आदि गंभीर बीमारी से ग्रस्त, जिनकी आयु 30 जून को 58 साल पूरी हो रही है, राष्ट्रीय-राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक को इसमें यथासंभव शामिल नहीं किया जाएगा।उन्होंने कहा है कि इसकी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। दूसरे चरण में चार श्रेणी के शिक्षकों को निर्धारित मानक पर तबादला दिया जाएगा। इसमें सेना से जुड़े लोगों के पति-पत्नी, कैंसर आदि गंभीर बीमारी से ग्रस्त, जिनकी आयु 30 जून को 58 साल पूरी हो रही है, यदि पति-पत्नी दोनों शासकीय सेवा में अलग-अलग जिले में तैनात हैं। तीसरे चरण में शेष शिक्षकों का तबादला किया जाएगा।सचिव ने कहा है कि संवर्ग की संख्या के 20 प्रतिशत सीमा तक तबादले होंगे। इसे बढ़ाने का अधिकार विभागीय मंत्री के पास होगा। आवेदन से लेकर तबादला प्रक्रिया जून में ही पूरी की जाएगी। ताकि विद्यालय खुलने से पहले शिक्षकों की तैनाती हो सके। उन्होंने यह भी कहा है कि किसी भी शिक्षक को उसकी मूल तैनाती के स्थान से अलग संबद्ध नहीं किया जाएगा। किसी भी विद्यालय में मानक से अधिक शिक्षक तैनात नहीं किए जाएंगे।

# पुलिस ने अवैध चाकू के साथ युवक को किया गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )** । थाना पुलिस ने दो जून की रात गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक युवक को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपी अरशद (27) निवासी पीर बाजार जब्दीपुर, थाना मझोला का रहने वाला है। पुलिस ने डोमघर-सैफपुर मार्ग से उसे पकड़ा। तलाशी में 8 इंच का चाकू बरामद हुआ। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने थाने में धारा 4/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# तहारपुर पैंठ बाजार से बाइक चोरी, रिपोर्ट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )** । थाना मैनाठेर क्षेत्र के तहापुर साप्ताहिक पैंठ बाजार से बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। अगवानपुर के मोहल्ला सैफीयान निवासी इमरान पुत्र उमर ने थाना मैनाठेर में तहरीर देकर पुलिस को बताया है कि 26 मई की शाम करीब सात बजे वह अपने भाई रेहान के नाम रजिस्टर्ड सिल्वर-ब्लैक स्प्लेंडर प्लस बाइक संख्या यूपी -21-डी-एम-6291 से साप्ताहिक पैंठ बाजार को आया था। उसने टावर के पास बाइक लॉक कर खड़ी की और बकरा खरीदने चला गया। करीब आधे घंटे बाद लौटने पर बाइक वहां नहीं मिली। काफी तलाश के बाद भी पता न चलने पर पीड़ित ने थाना मैनाठेर में अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

# पैट्रोल डालकर पत्नी में लगाई आग , पति को पुलिस ने किया गिरफ्तार, अन्य आरोपी फरार

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**रामपुर (आनन्द शर्मा)।** दहेज की मांग को लेकर पति द्वारा पत्नी पर पैट्रोल डालकर आग लगाने के लिए पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार किया है,आग से झुलसी महिला को गम्भीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसका इलाज चल रहा है,हालत नाजुक होना पता चला है !

पीडित महिला के भाई मौहम्मद खालिद द्वारा पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि थाना अजीमनगर के अन्तर्गत गांव नगलिया आकिल निवासी रईस अहमद के साथ उसकी बहन का मुस्लिम रीति-रिवाज से निकाह हुआ और तभी से उसकी बहन को पति सहित सुसराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहे थे ! विरोध करने पर उसके साथ मारपीट करते थे । पुलिस को दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर तत्काल कार्यवाही शुरू कर दी ।

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक के निर्देश और पुलिस क्षेत्राधिकारी टांडा के पर्यवेक्षण में कार्यवाही करते हुए थाना अजीमनगर पुलिस आरोपी पति रईस अहमद को गिरफ्तार करने में सफल रही है लेकिन अन्य आरोपी फरार हैं जिन्हें गिरफ्तार करने के लिए पुलिस दबिश डालने में जुटी है ! थाना अजीमनगर प्रभारी करमसिंह के मुताबिक मामले की जांच शुरू कर दी गई है और दर्ज मुकदमे में नामजद अन्य आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा। फिलहाल आग से झुलसी महिला जिंदगी के लिए मौत से जूझ रही है।

# शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा की तैयारी तेज: आज "साचीज द्वारा प्रशिक्षण दिया "जाएगा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की घोषणा व कैबिनेट की हरी झंडी के बाद बेसिक शिक्षा विभाग के परिषदीय, अनुदानित व स्ववित्तपोषित विद्यालयों के शिक्षकों, शिक्षामित्रों व अनुदेशकों आदि को कैशलेस चिकित्सा सुविधा देने की कवायद तेज हो गई है। साचीज की ओर से इसके लिए पोर्टल तैयार करने के बाद चार जून को नोडल अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। बेसिक शिक्षा निदेशक अनिल भूषण चतुर्वेदी ने सभी बीएसए को पत्र भेजकर बताया है कि चार जून को दोपहर 12 बजे से साचीज द्वारा इसके लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा ताकि संबंधित कार्मिकों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा देने की प्रक्रिया को गति दी जा सके।




उन्होंने इसके लिए सभी बीएसए को नोडल नामित करते हुए प्रशिक्षण में शामिल होने के निर्देश दिए हैं।

# पर्यावरण संरक्षण व योग के लिए चलेगा अभियान: विश्व पर्यावरण दिवस पर "एक पेड़ मां के नाम से" पौधरोपण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने जनकल्याण अभियान के तहत पांच से 21 जून तक होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सभी गतिविधियों का प्रभावी एवं जनसहभागिता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। विश्व पर्यावरण दिवस (पांच जून) को विभाग के सभी कार्यालयों, अटल आवासीय विद्यालयों, विहान विद्यालयों, ईएसआई अस्पतालों एवं डिस्पेंसरियों में एक पेड़ मां के नाम अभियान से पौधरोपण किया जाए। आठ से 14 जून तक विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत श्रम संहिताओं, श्रमिक कल्याण योजनाओं की जानकारी दी जाए।




# "गंगा किनारे बसे शहर होंगे स्वच्छ व सुंदर" सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाए जाएंगे, पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाएगा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** राज्य सरकार प्रदेश में गंगा किनारे बसे शहरों को साफ-सुथरा बनाने के साथ ही श्रद्धालुओं और पर्यटन दृष्टि से विकसित कर रोजगार के नए अवसर पैदा करेगी। इन शहरों में गंगा को स्वच्छ करने के लिए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) लगेंगे और सीवेज का ट्रीटमेंट करके पानी को पार्कों और सिंचाई के उपयोग में लाया जाएगा।

नगर विकास विभाग ने इस संबंध में निकायों से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।केंद्र सरकार ने स्वच्छ भारत मिशन में गंगा किनारे वाले शहरों को साफ-सुथरा बनाते हुए पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने को कहा है। कानपुर, वाराणसी, प्रयागराज, फरुर्खाबाद, मिजार्पुर, गाजीपुर, मुगलसराय, बलिया, बिजनौर, कन्नौज, गंगाघाट, रामनगर, गढ़मुक्तेश्वर, चुनार, अनूपशहर, हस्तिनापुर, सईदपुर, नरोरा, बबराला व बिद्र शहर में गंगा है। हिंदू परंपरा में गंगा को मां माना जाता है। गंगा के आसपास पूजा-पाठ करने की परंपरा है। इसीलिए सरकार चाहती है कि गंगा के आसपास साफ-सफाई कराते हुए पार्क आदि बनाए जाएं। पर्यटन और धार्मिक दृष्टि से इसके महत्व को स्थापित किया जाए।गंगा एवं उसकी सहायक नदियों के किनारे स्थित महत्वपूर्ण नगरों को स्वच्छ भारत मिशन-शहरी में

शामिल करने से नदी के जल प्रदूषण में भारी कमी आएगी। शहरों में ठोस एवं तरल कचरे का वैज्ञानिक प्रबंधन होगा और अर्थ गंगा के तहत इन क्षेत्रों में स्थायी आजीविका व पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही सीवेज और मल-कीचड़ का उपचार होगा। शहरी क्षेत्रों से निकलने वाले गंदे पानी और बिना उपचारित मल को सीधे नदी में जाने से रोका जाएगा। एसटीपी के निर्माण से पानी पूरी तरह शुद्ध होकर नदी में गिरेगा।

# चाय कारोबारी के प्रतिष्ठान पर छापा, तीन लाख से ज्यादा कीमत की चाय पत्ती जब्त

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर (आनन्द शर्मा )।** सहायक आयुक्त (खाद्य) सुनिल कुमार के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देश पर जजेस कालोनी हजारा बाग और बरेली गेट स्थित राजा ट्रेड्स पर छापामारी के दौरान बडी कार्यवाही करते हुए 17 कुंतल से ज्यादा चाय पत्ती जब्त करते हुए बिना लाइसेंस संचालित चाय की रिपैकिंग और पैकिंग मशीन सील कर मौके से लिए नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा ।

पता चला है कि मौके से जब्त की गई चाय पत्ती की अनुमानित कीमत 3 लाख रुपए से ज्यादा आंकी गई है ! मिली जानकारी के अनुसार उक्त प्रतिष्ठान पर वैध लाइसेंस के बिना ही चाय की रिपैकिंग की जा रही थी ! छापामार टीम ने चाय पत्ती की पैकिंग और उस पर निर्माण संबंधी विवरण अंकित करने वाली मशीन को संचालित अवस्था में पाया, नियमों का उल्लंघन करने पर विभाग की टीम ने मशीन और पैकिंग यूनिट को तत्काल सील कर दिया ! अधिकारियों का कहना रहा कि नमूनों को परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है, जांच रिपोर्ट में मिलावट या अन्य अनिमितता मिलने पर कारोबारी के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाएगी साथ ही बिना लाइसेंस कारोबार संचालित करने के मामले में न्यायालय में वाद दायर किया जाएगा ! छापामार टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी मनोज कुमार, राहुल शुक्ला, धर्मपाल सिंह, देवकांत और शाहबुद्दीन आदि रहे !





# पुलिस मुठभेड में गौकश के पैर में लगी गोली, मौके से घायल गौकश का साथी फरार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर (आनन्द शर्मा)।** बुधवार तडके में ही रामपुर के थाना शहजादनगर क्षेत्र में पुलिस और संदिग्ध गौकशों के बीच हुई मुठभेड में एक आरोपी गोली लगने से घायल हो गया जिसे पुलिस ने दबोच गिरफ्तार कर लिया लेकिन उसका एक अन्य साथी मौके से फरार हो गया !

**गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध पहले से ही हैं कई मुकदमे दर्ज**

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मिली सूचना के आधार पर थाना शहजादनगर पुलिस ने जटिया से भमरौवा जाने वाले कच्चे रास्ते पर घेराबंदी कर चैकिंग अभियान शुरू कर दिया,इसी दौरान सफेद रंग की एक अपाची मोटरसाइकिल पर संदिग्ध 2 व्यक्ति आते दिखाई दिये जिन्हें पुलिस ने रुकने का इशारा किया, अपने को घिरा समझ दोनों आरोपियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग करना शुरू कर दिया जिसके जवाब में पुलिस टीम ने भी आत्मरक्षा में कार्यवाही करते हुए फायरिंग शुरू कर दी जिससे समीर पुत्र वारिस उर्फ वसीर निवासी जठिया के पैर में गोली लग गई, बिना समय गंवाए पुलिस ने उसे दबोच लिया लेकिन उसका साथी मौके से भाग जाने में सफल रहा ! पता चला है कि भागने में सफल रहा आरोपी अखलाक पुत्र वारिस उर्फ वसीर निवासी जठिया है। पुलिस टीम ने गोली से घायल आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल भेजा।



पुलिस के मुताबिक मौके पर तमंचा, खोखा कारतूस,2 जिंदा कारतूस,2 मोबाइल फोन, एक कुल्हाड़ी, एक चापड, 4 छुरियां, 2 पेचकस, लकडी का गुटका, इलैक्ट्रोनिक तराजू और एक अपाची मोटरसाइकिल बरामद की ।

पुलिस का कहना रहा कि पुलिस रिकार्ड के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी समीर पर पूर्व में भी पशु क्रूरता अधिनियम, गैंगस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट, गौ-वध निवारण अधिनियम सहित कई मुकदमे दर्ज हैं तथा बरामदगी के आधार पर आरोपी के विरुद्ध नया मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी गई है और फरार हुए आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए दबिश दी जा रही है।

# 62वें आईएचजीएफ दिल्ली फेयर-ऑटम 2026 आवेदन की तिथि बढ़ाकर 15 जून की गई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल फॉर हैंडीक्राफ्ट्स (ईपीसीएच) की ओर से 13 से 17 अक्तूबर तक इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, ग्रेटर नोएडा में प्रस्तावित 62वें आईएचजीएफ दिल्ली फेयर-ऑटम 2026 में सहभागिता के लिए आवेदन करने की तिथि अब 15 जून कर दी गई है।मुरादाबाद एक्सपोर्टर्स हैंडीक्राफ्ट्स एसोसिएशन (एमएचईए) के अध्यक्ष नवेद उर रहमान ने बताया कि पहले आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 30 मई थी, जिसके बीतने के बाद भी कई निर्यातक व उद्यमी ऐसे थे, जो समयाभाव या अन्य कारणों से आवेदन नहीं कर पाए थे। अब ईपीसीएच ने अंतिम तिथि बढ़ाकर 15 जून 2026 कर दी है।उन्होंने ईपीसीएच के इस निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि इससे मुरादाबाद के अधिक निर्यातकों को मेले में भाग लेने का अवसर मिलेगा और क्षेत्र की भागीदारी और भी मजबूत होगी। आईएचजीएफ दिल्ली फेयर भारतीय हस्तशिल्प उद्योग के लिए विश्व स्तर पर एक अत्यंत महत्वपूर्ण मंच है।

# पीतलनगरी से "अलीगढ़ मार्ग को फोर लेन बनाने के लिए जमीन" अधिग्रहण की तैयारी : मार्ग को ग्रीनफील्ड के रूप में विकसित किया जाएगा

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** एनएचएआई ने पीतलनगरी से अलीगढ़ मार्ग को फोर लेन बनाने के लिए जमीन अधिग्रहण की तैयारी कर ली है।एनएचएआई ने संबंधित जिलों के डीएम से अधिग्रहण की कार्रवाई करने वाले अधिकारियों के नाम मांगे हैं।एनएचएआई के अनुसार मुरादाबाद से अलीगढ़ अभी टू लेन रोड है। इस मार्ग पर वाहनों का काफी दबाव रहता है। रोड संकरा होने के कारण हादसे भी होते रहते हैं। जनप्रतिनिधियों के अनुरोध पर केंद्र सरकार के निर्देश पर इस मार्ग को 150 किलोमीटर फोर लेन करने का निर्णय लिया गया है। बदायूं में यह मार्ग मेरठ-प्रयागराज गंगा एक्सप्रेसवे से जुड़ेगा। एनएचएआई ने मार्ग के सर्वे का काम पूरा कर लिया है। इस मामले में एक निजी कंपनी फोर लेन का डीपीआर तैयार कर रही है। डीपीआर अंतिम चरण में हैं। जल्द ही प्रस्ताव तैयार कर केंद्र को भेजा जाएगा। इस मार्ग को ग्रीनफील्ड के रूप में विकसित किया जाएगा। इस मामले में एनएचएआई ने मुरादाबाद से अलीगढ़ और बिजनौर तक का सर्वे किया है।इस मार्ग पर ट्रैफिक के दबाव का परीक्षण किया गया है। सर्वे में मार्ग पर आने वाले टोल प्लाजा, फ्लाईओवर, पुल, पैदल सेतु और व्यावसायिक गतिविधियों को लेकर एक रिपोर्ट तैयार की गई है। इस बारे में एनएचएआई के पीडी अरविंद कुमार का कहना है कि फोर लेन के लिए कार्य नियमानुसार चल रहा है।

**सील** | **कई विभागों की अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) नहीं दिखा सका संचालक, सुरक्षा मानकों की अनदेखी**

# बिना एनओसी चल रहा था स्वीमिंग पूल,सिटी मजिस्ट्रेट ने किया सील

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (सय्यद अतहर अली)।** नगर के तख्तगुशाईन स्थित एक निजी स्वीमिंग पूल पर प्रशासन की टीम ने निरीक्षण के दौरान गंभीर अनियमितताएं मिलने पर कार्रवाई करते हुए उसे सील कर दिया। जांच में पाया गया कि पूल का संचालन बिना आवश्यक एनओसी और सुरक्षा इंतजामों के किया जा रहा था। साथ ही 14 वर्ष से कम आयु के बच्चे बिना अभिभावक के पूल में नहाते मिले, जिससे उनकी सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए।

तख्तगुशाईन स्थित एक निजी स्वीमिंग पूल के निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने सुरक्षा मानकों और आवश्यक अनुमतियों में भारी अनियमितताएं पाई हैं। जांच के बाद अधिकारियों ने तत्काल प्रभाव से स्वीमिंग पूल का संचालन बंद कराते हुए उसे सील कर दिया।

निरीक्षण के दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने अधिकारियों को बताया कि स्वीमिंग पूल का संचालन बेगमसराय निवासी फहीम पुत्र नजर हुसैन द्वारा किया जा रहा है। सूचना मिलने पर अधिकारियों ने संचालक को मौके पर बुलाकर विभिन्न विभागों से प्राप्त अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्रस्तुत करने को कहा। हालांकि संचालक किसी भी विभाग की वैध एनओसी नहीं दिखा सका।





अधिकारियों ने बताया कि किसी भी स्वीमिंग पूल के संचालन के लिए नगर पालिका परिषद, अग्निशमन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, विद्युत विभाग तथा भू-गर्भ जल संरक्षण विभाग से एनओसी प्राप्त करना आवश्यक होता है। इसके अलावा सुरक्षा के लिए प्रशिक्षित लाइफगार्ड, लाइफ रिंग, रेस्क्यू ट्यूब, रस्सी, फर्स्ट एड बॉक्स, सीपीआर किट, पानी की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए फिल्ट्रेशन प्लांट और क्लोरीनेशन व्यवस्था अनिवार्य है। निरीक्षण में यह भी सामने आया कि पूल परिसर में सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों, समय-सारिणी और ड्रेस कोड का कोई बोर्ड नहीं लगा था। बच्चों और वयस्कों के लिए अलग-अलग सुरक्षा निर्देश भी प्रदर्शित नहीं किए गए थे। सबसे गंभीर बात यह रही कि 14 वर्ष से कम आयु के कई बच्चे बिना किसी अभिभावक की निगरानी के पूल में नहाते पाए गए, जबकि नियमों के अनुसार ऐसे बच्चों को अभिभावक के बिना प्रवेश नहीं दिया जा सकता। अधिकारियों ने कहा कि स्वीमिंग पूल संचालक द्वारा सुरक्षा मानकों और प्रशासनिक नियमों की खुलेआम अनदेखी की जा रही थी, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता था। लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तत्काल कार्रवाई करते हुए स्वीमिंग पूल का संचालन बंद कराया गया और उसे सील कर दिया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सुरक्षा मानकों और आवश्यक अनुमतियों का पालन किए बिना किसी भी प्रकार की व्यावसायिक गतिविधि संचालित नहीं होने दी जाएगी। भविष्य में भी ऐसे प्रतिष्ठानों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

# नाबालिग किशोरी को नकदी-जेवरात समेत बहलाकर ले गया युवक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)।** थाना क्षेत्र के ग्राम निवासी एक व्यक्ति ने थाना कुन्दरकी में तहरीर देकर अपनी 16 वर्षीय बेटी को नकदी व जेवरात समेत बहला-फुसलाकर भगाकर ले जाने का आरोप लगाया है।

**पुलिस ने पिता की तहरीर पर किया मुकदमा दर्ज**

कुन्दरकी पुलिस को थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित पिता ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनकी बेटी पिछले 4-5 महीने से अपनी बुआ के घर जनपद संभल के थाना राय सत्ती के ग्राम लोधी सराय नई बस्ती लोधी सराय में रह रही थी।

29 मई को वह घर वापस आई थी। 30 मई को प्रार्थी व उसकी पत्नी मजदूरी करने घर से बाहर गए थे। इसी दौरान लोधी सराय नई बस्ती निवासी दीपक पुत्र रामऔतार उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया।

पीड़ित के अनुसार, किशोरी अपने साथ 60 हजार रुपये नकद, एक जोड़ी सोने के कुंडल, दो जोड़ी चांदी की चेन व एक जोड़ी सोने की दुरिये भी ले गई है। थाना कुंदरकी की पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर किशोरी को बरामद करने में जुट गई है।



# ईशा गुप्ता ने देसी आउटफिट में गिराई बिजली, एक्ट्रेस की दिलकश अदाओं ने फैंस को बनाया दीवाना

ईशा गुप्ता बाखूबी जानती हैं कि उन्हें अपने फैंस के दिलों को कैसे चोरी करना है. आए दिन एक्ट्रेस अपनी सेक और ग्लैमरस तस्वीरें से फैंस को दीवाना बनाती रहती हैं. ईशा ने डीप नेक देसी आउटफिट मल्टीकलर घागरा चोली पहनी है. लाइट मेकअप के साथ एक्ट्रेस ने हेयर ओपन रखे हैं और सेक्सी पोज दे रही हैं. माथे की बिंदी और नेकलेस उनपर काफी जच रहा है और खूबसूरती में चार चांद लगा रहा है. एक्ट्रेस की हॉटनेस देख यूजर्स का पसीना छूटना लाजमी है. बॉलीवुड स्टार ईशा गुप्ता अपनी बोल्डनेस के लिए जानी जाती हैं। अदाकारा ईशा गुप्ता अक्सर ही इंस्टाग्राम पर अपनी बोल्ड तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। अदाकारा ईशा गुप्ता का बोल्ड अवतार फैंस को भी भाता है। उनकी एक अलग ही फैन फॉलोइंग है। अदाकारा को इंस्टाग्राम पर 18 मिलियन लोग फॉलो करते हैं। साथ ही ईशा के फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। फैंस कमेंट बॉक्स पर फायर इमोजी और रेड हार्ट की बौछर कर रहे हैं. ईशा को आखिरी बार प्रकाश झा की वेब सीरीज आश्रम 3 में देखा गया था।

# इमरान खान की बॉलीवुड में होगी धमाकेदार वापसी, आमिर खान की फिल्म हैप्पी पटेल में लीड रोल में आएंगे नजर!

आमिर खान के भतीजे इमरान खान ने अपनी पहली फिल्म जाने तू या जाने से डेब्यू किया था. पहली फिल्म के बाद से ही इमरान इंडस्ट्री में छा गए थे. उनकी डेब्यू फिल्म सुपरहिट साबित हुई थी. मगर उसके बाद इमरान खान का जादू लोगों पर नहीं चला और उन्होंने इंडस्ट्री से ब्रेक ले लिया. अब 9 साल बाद इमरान खान एक्टिंग की दुनिया में वापसी करने जा रहे हैं. इस फिल्म की खास बात ये है कि इसे वीर दास डायरेक्ट कर रहे हैं. इस फिल्म का नाम हैप्पी पटेल है और इससे वीर डायरेक्शन में कदम रखने जा रहे हैं.

इमरान खान को लंबे समय से बड़े पर्दे पर फैंस देखने का इंतजार कर रहे थे. अब जैसे ही इमरान के कमबैक का उन्हें पता चला है तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं है. सभी को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है.

रिपोर्ट के मुताबिक इमरान खान ने फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर दी है. उन्होंने गोवा में फिल्म की शूटिंग शुरू की है. इमरान के साथ फिल्म में लीड एक्ट्रेस कौन होने वाली हैं ये अभी फाइनलाइज नहीं किया गया है. रिपोर्ट्स की माने तो मोना सिंह फिल्म में अहम किरदार निभाती नजर आएंगी. मोना इससे पहले ही आमिर खान की कई फिल्मों में काम कर चुकी हैं. वो लाल सिंह चड्ढा, 3 इडियट्स में काम कर चुकी हैं.

इमरान खान की कमबैक फिल्म का नाम हैप्पी पटेल है. इस फिल्म की खास बात ये है कि इसमें आमिर खान का कैमियो भी होने वाला है. हैप्पी पटेल की बात करें तो ये कॉमेडी से भरपूर फिल्म होने वाली है. ये फिल्म आमिर खान के प्रोडक्शन हाउस के तले बन रही है.

इमरान खान जल्द हैप्पी पटेल के बाद एक वेब सीरीज में नजर आने वाले हैं. इस फिल्म में वो स्पाइ का किरदार निभाने वाले हैं. इमरान ने कमबैक का फैसला लिया है तो उनके पास काम आना शुरू हो गया है. पर्सनल लाइफ की बात करें तो इमरान खान लेखा वाशिंगटन को डेट कर रहे हैं. इमरान अब लेखा के साथ रहने लगे हैं. दोनों करण जौहर के एक अपार्टमेंट में शिफ्ट हो गए हैं।



# वेलकम टू द जंगल में आफताब की हुई एंट्री, खास तस्वीर साझा कर अभिनेता ने दी जानकारी

वेलकम टू द जंगल को लेकर फैंस काफी ज्यादा उत्साहित हैं। इस फिल्म में बड़ी संख्या में सितारे नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन अहमद खान कर रहे हैं। इस बीच फिल्म को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। अक्षय कुमार की इस फिल्म में अ ब ा आफताब शिवदासानी की एंट्री हो गई है।

इस बात की पुष्टि खुद अभिनेता ने सोशल मीडिया के जरिए की है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक खास तस्वीर को साझा करते हुए बताया कि फिल्म में वे भी काम कर रहे हैं। आफताब ने 16 साल पहले और 2024 की तस्वीर का कोलाज साझा करते हुए लिखा, पहली और दूसरी तस्वीर 16 साल के अंतराल पर ली गई है। जैसा कि आप देख सकते हैं कि तब से अब तक कुछ भी नहीं बदला है। आवारा को पागल जंगल में इस दीवाने का स्वागत करने के लिए धन्यवाद। इस फिल्म को 20 दिसंबर, 2024 को रिलीज करने की तैयारी चल रही है। इस फ्रेंचाइजी में अक्षय कुमार ने एक बार फिर वापसी की है। वेलकम के दूसरे भाग में उनकी जगह जॉन अब्राहम नजर आए थे।




वेलकम टू द जंगल में सुनील शेट्टी, संजय दत्त, दिशा पटानी, रवीना टंडन, लारा दत्ता, जैकलीन फर्नांडीज, अरशद वारसी, परेश रावल, जॉनी लीवर, तुषार कपूर, श्रेयस तलपड़े और राजपाल यादव सहित कई बॉलीवुड अभिनेता अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

हाल ही में अक्षय बड़े मियां छोटे मियां में नजर आए थे। फिल्म में उनके साथ टाइगर श्रॉफ और पृथ्वीराज सुकुमारन जैसे सितारे भी मौजूद थे। अच्छी शुरूआत के बाद यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर लड़खड़ा गई। अली अब्बास जफर के निर्देशन में बनी यह फिल्म टिकट खिड़की पर अच्छी कमाई नहीं कर सकी है। आगामी प्रोजेक्ट की बात करें तो अक्षय दिनों कई फिल्मों में काम कर रहे हैं। वे फरदीन खान के साथ खेल खेल में दिखने वाले हैं। वहीं, जॉली एलएलबी 3 में भी वे एक बार फिर से वकील की भूमिका में दिखेंगे।

# साउथ एक्ट्रेस टैग के चलते बॉलीवुड में काम मिलने में आ रही परेशानियां : सीरत कपूर

एक्ट्रेस सीरत कपूर का कहना है कि साउथ एक्ट्रेस के रूप में पहचाने जाने के चलते हिंदी सिनेमा में प्रोजेक्ट के ऑफर्स मिलने में परेशानियां हुई है। 31 वर्षीय एक्ट्रेस ने हिंदी सिनेमा में खुद को स्थापित करने में आ रही कठिनाइयों के बारे में बात की। रणबीर कपूर स्टारर फिल्म रॉकस्टार में असिस्टेंट कोरियोग्राफर के रूप में सिनेमा में अपनी जर्नी शुरू करने वाली सीरत ने कहा, कई लोग मुझे साउथ एक्ट्रेस के रूप में जानते हैं और मुझे लगता है कि कभी-कभी यह बॉलीवुड में ऑफर्स मिलने के बीच रूकावटें पैदा करता है। दर्शकों के लिए यह सोचना आसान है कि



अगर आप साउथ इंडियन इंडस्ट्री में अच्छा कर रहे हैं तो आपको बॉलीवुड में आसानी से काम मिल सकता है। हालांकि, असल बात यह है कि बॉलीवुड में लीड रोल के लिए कोई भी प्रोजेक्ट पाने की प्रक्रिया बहुत चुनौतीपूर्ण है। सीरत और भी बॉलीवुड फिल्में करने की इच्छुक हैं। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि मैं अपने लाइफटाइम में कम से कम एक बार बॉलीवुड एक्टर्स के साथ काम करूंगी। उन्होंने कहा कि तेलुगु सिनेमा से मेरा नाता हमेशा रहेगा।

उन्होंने कहा, टॉलीवुड ने मुझे वह सब कुछ दिया है जो आज मेरे पास है और मैं इसे पीछे नहीं छोड़ना चाहती। यहीं से मैंने शुरूआत की और यह हमेशा मेरे दिल के करीब रहेगा।सीरत ने कई तेलुगु फिल्मों में काम किया है, जैसे रन राजा रन, टाइगर, राजू गरी गांधी 2, ओक्का क्षणम और मां विंता गाधा विनुमा आदि।

2022 में, उन्होंने तुषार कपूर के साथ मारीच के साथ हिंदी सिनेमा में अपनी शुरूआत की।

# समर सीजन में स्टाइलिश दिखने के लिए वॉर्डरोब में शामिल करें ये ट्रेंडिंग बैग्स

हैंडबैग्स कभी भी आउट ऑफ स्टाइल नहीं हो सकते, क्योंकि यह हमारे पूरे आउटफिट में एक फैशनेबल और उपयोगी एक्सेसरी है, जिसे कैरी करना न केवल स्टाइलिश है बल्कि जरूरी भी है. हालांकि, गर्मियों के बैग हम पर थोड़ा अलग प्रभाव डालते हैं क्योंकि ये हल्के और खिलने वाले होने चाहिए, और साथ में ये हमारे गर्मियों के आरामदायक फिट के साथ मैच भी होने चाहिए. क्रोशिया से लेकर रैफिया तक, इस गर्मी के मौसम में इन 5 तरह के समर बैग को आपको अपने वॉर्डरोब जरूर शामिल करना चाहिए. आइये देखते हैं।



**नेचुरल फाइबर टोट बैग**

हैंडबैग्स कभी भी आउट ऑफ स्टाइल नहीं हो सकते, क्योंकि यह हमारे पूरे आउटफिट में एक फैशनेबल और उपयोगी एक्सेसरी है, जिसे कैरी करना न केवल स्टाइलिश है बल्कि जरूरी भी है. हालांकि, गर्मियों के बैग हम पर थोड़ा अलग प्रभाव डालते हैं क्योंकि ये हल्के और खिलने वाले होने चाहिए, और साथ में ये हमारे गर्मियों के आरामदायक फिट के साथ मैच भी होने चाहिए. क्रोशिया से लेकर रैफिया तक, इस गर्मी के मौसम में इन 5 तरह के समर बैग को आपको अपने वॉर्डरोब जरूर शामिल करना चाहिए. आइये देखते हैं।

**नेचुरल फाइबर टोट बैग**

हैंडबैग कभी भी स्टाइल से बाहर नहीं जा सकता क्योंकि यह आपके पूरे पहनावे में एक फैशनेबल और उपयोगी एक्सेसरी है जो आपको कभी निराश नहीं करेगा. अगर आप क्लच की शौकीन हैं तो लिफाफा क्लच आपके वॉर्डरोब में होने चाहिए. यह आपको सिग्नेचर, सील्ड और डिलीवरी जैसे क्लासिक वाइब देते हैं, जो सीधे मिलान रनवे से आते हैं और दुनिया भर में छा हुए हैं. बोट्टेगा वेनेटा, गुच्ची जैसे कई लोकप्रिय लक्जरी ब्रांड ने इस तरह के क्लच लॉन्च किए हैं, जो हाल ही में मुख्य रूप से मशहूर हस्तियों और बिजनेस वुमन्स के बीच काफी हिट हो रहा है।

**90 के दशक का शोल्डर बैग**

विंटेज शोल्डर बैग वापस स्टाइल में आ गए हैं, जिन्हें बैगूएट्स भी कहा जा रहा है और पेस्टल शेड्स में ये काफी लोकप्रिय हो रहे हैं, जिसमें चेरी मोचा कलर समर के लिए सदाबहार है. इन शोल्डर बैग में आपकी जरूरी चीजों के लिए न्यूनतम जगह होती है और ये समर कैजुअल के साथ या लॉन्ग और शॉर्ट ड्रेस के साथ समर डेट नाइट के लिए क्लासिक दिखते हैं. क्लीन लाइन्स और छोटी स्ट्रैप आपको एक सॉफ्ट गर्ल-एरा वाली वाइब देंगी।

**कार्गो बैग**


कार्गो बैग के प्रति ऑफिस गोइंग गर्ल्स के बीच काफी क्रेज देखने को मिलता है. खासतौर से जिन्हें हर समय अपने लैपटॉप की आवश्यकता होती है. इस तरह के बैग में सही अलाइनमेंट और सेटिंग्स दी गई होती हैं, जिससे आपके सभी आवश्यक सामानों जैसे एक लैपटॉप, पानी की बोतल और कई अन्य छोटी आसानी से आ सकती हैं. ये कार्गो-स्टाइल स्क्वायर ऑफिस टोट बैग हर लड़की के बीच वायरल है और लगभग हर किसी की अलमारी में देखे जा सकते हैं. अगर आप एक ऑफिस गर्ल हैं और अपनी दुनिया अपने बैग में रखना चाहती हैं तो क्लासिक और आकर्षक लुक देते हुए इन बैग्स को चुनें।

**बकेट बैग**

डफल या टिफिन बैग से इंस्पिरेशन लेते हुए, ये बकेट बैग वैनिटी से प्रतिध्वनित होते हैं. इंस्पिरेशन में किसी का वैनिटी डिजाइन भी शामिल हो सकता है जहां ये बकेट बैग छोटे मिनिएचर बॉक्सेस का आकार लेते हैं और एक टॉप-नॉच वाइब देते हुए काफी आकर्षक लगते हैं. इस तरह के बैग्स समर आउटफिट के पूरे लुक को निखारते हैं और दिन और रात दोनों तरह के आउटफिट के साथ बहुत अच्छे लगते हैं।

# पंखे को साफ करें बिना स्टूल के, जानें यह खास तरीका क्या है?

अक्सर पंखे की सफाई करने के लिए हमें स्टूल या सीढ़ी का इस्तेमाल करना पड़ता है, जो कि कभी-कभी खतरनाक भी होता है. लेकिन अगर आपको ऐसा तरीका मालूम हो जो सेफ भी हो और आपके पंखे को आसानी से साफ भी कर दे, तो कितना अच्छा होगा. आज हम आपको बताएंगे खास तरीके जिससे आप बिना स्टूल या सीढ़ी के अपने पंखे को साफ कर सकते हैं. यह तरीका न सिर्फ सेफ है, बल्कि इससे आपका समय भी बचेगा और पंखे अच्छे से साफ हो जाएगा. आइए जानते हैं यहां..



**फैन क्लीनर स्टिक का उपयोग करें**

फैन क्लीनर स्टिक एक लंबे हैंडल वाला डस्टर होता है, जिसमें एक सिरे पर कपड़ा लगा होता है. यह बाजार में आसानी से उपलब्ध है और इसकी मदद से आप बिना ऊंचाई पर चढ़े पंखे के ब्लेड्स को अच्छी तरह से साफ कर सकते हैं।

**घरेलू क्लीनर का इस्तेमाल करें**

एक बाउल में आधा कप तेल और नमक का मिश्रण बनाएं. इस मिश्रण को एक बाल्टी पानी में मिला लें और फैन क्लीनर स्टिक को इसमें भिगो दें. फिर इस स्टिक से पंखे के ब्लेड को साफ करें और बाद में साफ पानी से पोंछ दें. इससे आपका पंखा बिलकुल साफ हो जाएगा.

वैक्यूम क्लीनर का उपयोग

वैक्यूम क्लीनर भी पंखे की सफाई में मदद कर सकता है. वैक्यूम का हैंडल पकड़ें और इसे पंखे के नीचे लेकर जाएं. धूल और गंदगी वैक्यूम में चली जाएगी और आपका पंखा साफ हो जाएगा.

**डस्टर का उपयोग करें**

लंबे हैंडल वाला डस्टर आपके पंखे की पंखुड़ियों तक आसानी से पहुंच सकता है. डस्टर को पंखे की पंखुड़ियों पर फिराएं ताकि सारी धूल हट जाए.


**माइक्रोफाइबर क्लॉथ का इस्तेमाल करें**

डस्टिंग के बाद, माइक्रोफाइबर क्लॉथ को सफाई के स्प्रे से गीला करें और पंखुड़ियों को अच्छी तरह से पोंछें. यह कपड़ा धूल के कणों को अच्छी तरह से पकड़ लेगा और आपके पंखे को चमका देगा।

# बॉक्स ऑफिस पर 20वें दिन दैनिक कमाई में बड़े मियां छोटे मियां से आगे निकली मैदान

अजय देवगन की 'मैदान और अक्षय कुमार की 'बड़े मियां छोटे मियां को सिनेमाघरों में रिलीज हुए 20 दिन हो चुके है. दोनों ही फिल्मों का रिलीज से पहले काफी बज था हालांकि सिनेमाघरों में दस्तक देने के बाद ना 'मैदानइ को और 'ना ही बड़े मियां छोटे मियांइ को दर्शकों से कुछ खास रिस्पॉन्स मिला. फिलहाल ये फिल्में काफी धीमी रफ्तार से आगे बढ़ रही हैं. चलिए यहां जानते हैं 'मैदान और 'बड़े मियां छोटे मियां ने रिलीज के 20वें दिन कितना कलेक्शन किया है?

एक्शन के तड़के से सजी फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियांइ के ट्रेलर ने इस फिल्म को लेकर फैंस की काफी एक्साइटमेंट बढ़ा दी थी. वहीं फिल्म की स्टार कास्ट ने भी 'बड़े मियां छोटे मियांइ का जमकर प्रमोशन किया था. जिसके बाद लग रहा था कि ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर दमदार कारोबार करेगी. रिलीज के बाद इसे क्रिटिक्स और दर्शकों से मिला-जुला रिव्यू मिला. हालांकि 'बड़े मियां छोटे मियांइ ने ओपनिंग वीकेंड तक ठीक-ठाक कमाई की लेकिन फिर इसके कलेक्शन का ग्राफ गिरता चला गया और ये अभी तक बरकरार है। फिल्म के कारोबार की बात करें तो 'बड़े मियां छोटे मियांइ का पहले हफ्ते का कलेक्शन 49.9 करोड़ और दूसरे हफ्ते की कमाई 8.6 करोड़ रही. वहीं तीसरे हफ्ते के थर्ड




मंडे फिल्म ने 40 लाख की कमाई. अब फिल्म की रिलीज के 20वें दिन यानी तीसरे मंगलवार की कमाई के शुरूआती आंकड़े आ गए हैं। सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक 'बड़े मियां छोटे मियांइ ने रिलीज के 20वें दिन 50 लाख की कमाई की है. इसी के साथ 'बड़े मियां छोटे मियांइ का 20 दिनों का कुल कलेक्शन अब 61.60 करोड़ रुपये हो गया है।

अजय देवगन की स्पोर्ट्स ड्रामा देश के पॉपुलर फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम के जीवन पर आधारित है. उन्होंने फुटबॉल के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया था. इस फिल्म की इंस्पायरिंग कहानी और अजय देवगन की एक्टिंग की खूब तारीफ हो रही है।

# ईद मिलन व यादे कमर तनवीर के अवसर पर हुआ महफिले मुशायरा एवं कवि सम्मेलन अयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** ईदुल अजहा व खुर्जा के उसताद शायर कमर तनवीर की याद में 2 जून की रात्रि 8 बजे से जिला पंचायत सभागार बुलंदशहर में भव्य महफिले मुशायरा एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। संयोजक सैयद निजामी शैदा राही चीफ आर्गनाइजर डॉ असलम बुलंदशहरी, सहयोगी फहीम कमालपुरी के संयोजन में आयोजीत किया कार्यक्रम का उद्घाटन नदीम अख्तर, निजामी शैदा राही, अली अब्बास,डॉ पूनम शर्मा, अफजाल अहमद एड.अली अब्बास ,डॉ आलोक बेजान, आफाक हाशमी और मकसूद जालिब आदि ने रिबन काटकर व शमा रोशन करते हुए किया। खुर्जा से आये अफजाल अहमद एड. ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की तथा सफल संचालन सैयद अली अब्बास नौगाँववी (देहलवी ) ने किया। सैयद आफाक हाशमी,जी पी सिंह सफर आस मोहम्मद कुरेशी, मकसूद जालिब, अली मोहम्मद कुरैशी, शंभू दत्त त्रिपाठी. डॉ आलोक बेजान विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अली अब्बास की नाते पाक व किशोर अग्रवाल की मां सरस्वती वंदना से किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में युवा शाइर अबूजर गाजी ने पढ़ा कि ये कैसा गम मिला है जो मुझे हँसने नहीं देता हरा रखता है जख्मों को मेरे भरने नहीं देता। मकसूद जालिब ने पढ़ा कि किसी गरीब की जो बद्दुआ से बच जाता, यकीन है वो अजाबे खुदा से बच जाता। डॉ पूनम शर्मा दिल्ली ने सुनाया तुम्हारे वायदों पे कर भरोसा मगर मुझे अब रहा नही है, दिलों के रिश्तों में हर किसी का मिजाज एक सा रहा नही है।

- देर रात तक तालियों की गडगडाहट से गूंजती रही जिला पंचायत सभागार
- नई दौलत को पाकर जो भुला देता है अपनों को, वो दौलत के नशे में कुछ ज़ियादा चूर होता है : फहीम कमालपुरी





सैयद निजामी शैदा राही ने अपने विषेश अंदाज में पढ़ा..आपकी आंखों के आगे, क्या है व्हिस्की क्या है रम। कुल्लू मनाली चलते हैं, ऐश करेंगे तुम और हम. सुनाते हुए वाह वाही लूटते हुए तालियां बटोरी। सैयद अली अब्बास नौगांवीं ने पढ़ा कि बस वही तो दुनियां में इन्कलाब लाते हैं, जुल्म के मुकाबिल जो सर नहीं झुकाते हैं। सुनाकर वाह वाही लूटी। फहीम कमालपुरी ने पढ़ा कि नई दौलत को पाकर जो भुला देता है अपनों को, वो दौलत के नशे में कुछ ज़ियादा चूर होता है। डॉ आलोक बेजान ने सुनाया कि अब नहीं लेकीन तुम्हारे बाद बदली जायेगी, हाकिमों के सामने फरियाद बदली जाएगी। शंभू दत्त त्रिपाठी ने दीवानगी में आप तो हद से गुजर गए, मन की बुझाने प्यास कुएं में उतर गए। अब्दुल मजीद कौसर इनकी मंज़िल तो समंदर है अजल से कौसर, ये जो दरया है कमंडल. में नहीं आयेगा। जी पी सिंह सफर ने पढ़ा कि बे सबब आए चली जाए जवानी क्या है, वो जो बदनाम न कर पाये जवानी क्या है। डॉ बेवफा राज ने सुनाया साथ चलती भी नहीं छोड़ के जाती भी नहीं, जिंदगी तुने मेरी रेल बना रक्खी है । डॉ कमल किशोर भरद्वाज ने मां की ममता नेह से बढ़कर होता है उपहार नही मानव तो क्या इसके ऋण को चुका सके अवतार नहीं। इनके आलावा किशोर अग्रवाल, डॉ साधना अग्रवाल, सुमन बहार, इर्शाद अहमद शरर, राजेश राज वर्मा आदि ने शेर सुनाकर वो काव्य पाठ करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया कार्यक्रम के अंत में डॉ सैयद निजामी शैदा राही ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# नवदीप सामाजिक विकास संस्था भारत के राष्ट्रीय संयोजक ने उनके आवास पर पहुंचकर किया सम्मान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**प्रयागराज।** प्रसिद्ध समाजसेवी एवं नवदीप सामाजिक विकास संस्था भारत के राष्ट्रीय संयोजक सचिन वर्मा स्वर्णकार ने आज प्रयागराज में स्वर्णकार समाज के गौरव एवं उच्च न्यायालय

## प्रयागराज में राज्य विधि अधिकारी आर.के. सोनी का हुआ सम्मान

इलाहाबाद के राज्य विधि अधिकारी श्री आर.के. सोनी एडवोकेट से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की गई। इस अवसर पर संस्था के कार्यकताओं ने उन्हें पटका पहनाकर सम्मानित किया तथा उनके द्वारा विधि एवं समाज सेवा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

भेंट के दौरान उपस्थित लोगों ने कहा कि श्री आर.के. सोनी ने अपने अनुभव, कार्यशैली और



न्यायिक क्षेत्र में योगदान से समाज का मान बढ़ाया है। उन्होंने हमेशा समाजहित एवं न्याय के पक्ष में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसके कारण स्वर्णकार समाज उन्हें गर्व और सम्मान की दृष्टि से देखता है।

इस अवसर पर आपसी सामाजिक एकता, समाज के उत्थान एवं युवाओं को शिक्षा और कानून के प्रति जागरूक करने जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई। कार्यक्रम का वातावरण सौहार्दपूर्ण एवं सम्मानपूर्ण रहा। उपस्थित लोगों ने श्री सोनी के उज्ज्वल भविष्य एवं दीघार्यु की कामना की।

# शारीरिक शोषण की शिकायत से नाराज कामांध युवक ने उन्नाव में हत्या कर बुलंदशहर में फेंकी लाश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कानपुर (सुनील बाजपेई)।** शरीर की आग बुझाने यानी वासना में अंधे कामांध युवक ने बहाने से बुलाकर कानपुर में रहने वाली युवती की उन्नाव में गोली मारकर हत्या कर दी।

इस युवती ने 19 मई को सदर कोतवाली में नर्सिंगहोम संचालक के खिलाफ शारीरिक शोषण करने की शिकायत की थी। जिससे हत्यारा युवक बहुत-बहुत नाराज था। उसका अपहरण उसके निवास क्षेत्र

बर्रा से किया गया था । इसके बाद उसके शव को बुलंदशहर जाकर फेंक दिया। मामले युवती की मां ने उन्नाव के नर्सिंगहोम संचालक और उसके भतीजे के खिलाफ अपहरण कर हत्या की आशंका जताते हुए मुकदमा कराया था।फिलहाल जांच में जुटी पुलिस आरोपित भतीजे को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो उन्हें हत्या कबूल कर ली और दबाव बनने पर नर्सिंगहोम संचालक ने भी थाने में सरेंडर कर दिया। वहीं, शव की बरामदगी के लिए आरोपित भतीजे को लेकर पुलिस एक टीम बुलंदशहर को रवाना हो गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मूलरूप से उन्नाव की रहने वाली महिला बच्चों की पढ़ाई के लिए बी-ब्लाक कर्रही विश्वबैंक बर्रा में किराए का कमरा लेकर रहती है।

25 मई को उन्होंने बर्रा थाने में उन्नाव के शेखपुर स्थित उत्तम हास्पिटल के संचालक देवकांत उत्तम और उसके रिश्ते में भतीजे व एंबुलेंस चालक विवेक पटेल के खिलाफ मुकदमा कराया था। इसके बाद ही अपरण कर-के इस घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस पूरे मामले की जांच में गहनता से जुटी है।

# राजस्थान के हाजियों की वतन वापसी 5 जून से शुरू, पहली फ्लाइट जयपुर पहुंचेगी शुक्रवार रात

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जयपुर।** हज की पवित्र यात्रा पूरी कर राजस्थान के हाजियों की वतन वापसी का सिलसिला 5 जून से शुरू होने जा रहा है। पहली फ्लाइट शुक्रवार रात्रि 8:30 बजे जयपुर एयरपोर्ट पहुंचेगी।

हाजी मुफ्ती शमीम अशरफ रजवी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष राजस्थान से कुल 3520 जायरीन हज यात्रा पर गए थे, जिनमें 1790 पुरुष एवं 1730 महिलाएं शामिल हैं। सभी यात्रियों ने हज के अरकान अदा करने के बाद अब अपने वतन लौटना शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया कि हाजियों की वापसी का यह सिलसिला 5 जून से 13 जून तक जारी रहेगा। इस दौरान कुल 9 फ्लाइटों के माध्यम से जायरीन जयपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। गौरतलब है कि राजस्थान के हज यात्री 20 अप्रैल से 28 अप्रैल के बीच जयपुर से सऊदी अरब के लिए रवाना हुए थे। अब उनके सकुशल लौटने पर परिजनों और समुदाय में खुशी का माहौल है।

## अल-मोमिन कल्चरल फाउंडेशन के तत्वावधान में पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन

# लखनऊ शहर में सैकड़ों बच्चों और बच्चियों ने मनाया जश्न-ए-तकलीफ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** अल-मोमिन कल्चरल फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय निःशुल्क क्रैश कोर्स के समापन अवसर पर जश्न-ए-तकलीफ एवं पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों नाबालिग बच्चों और बच्चियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने इस कोर्स के माध्यम से दीन की बुनियादी शिक्षाओं, आवश्यक मसाइल तथा प्रारंभिक अहकाम की जानकारी प्राप्त की। परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के साथ-साथ सामाजिक, शैक्षिक एवं धार्मिक क्षेत्रों में सक्रिय विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मान-पत्र एवं आकर्षक उपहार प्रदान किए गए।




गत रात्रि कर्बला दियानतुद्दौला, काजमैन की आध्यात्मिक एवं उल्लासपूर्ण फिजा में आयोजित इस कार्यक्रम में ईद-ए-गदीर की आमद की खुशबू स्पष्ट रूप से महसूस की जा रही थी। कार्यक्रम का शुभारंभ कारी जनाब रैहान ने सूरह नबा की तिलावत से किया, जिससे वातावरण आध्यात्मिकता और श्रद्धा से सराबोर हो गया।

कार्यक्रम का संचालन कर रहे मौलाना सैयद मिन्हाल हैदर जैदी ने प्रारंभिक संबोधन के बाद अकबर हॉल, महताब बाग के शिक्षक मौलाना सैयद हैदर अब्बास रिजवी को आमंत्रित किया। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को ईद-ए-गदीर की अग्रिम मुबारकबाद देते हुए कहा कि अल-मोमिन कल्चरल फाउंडेशन की विशेषता यह है कि उसने अहलेबैत अ.स. की शिक्षाओं के अनुरूप नई पीढ़ी की धार्मिक एवं नैतिक शिक्षा को अपनी प्राथमिकता बनाया है। उन्होंने वर्ष भर आयोजित किए जाने वाले शॉर्ट कोर्स, सेमिनार और संगोष्ठियों की सराहना की। साथ ही उन्होंने अभिभावकों का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि धार्मिक कार्यक्रमों एवं कक्षाओं में बच्चियों की संख्या प्रायः बच्चों से अधिक होती है, जबकि बच्चों के लिए भी ऐसे अवसर समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। अतः अभिभावक अपने बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित करें। समारोह के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय सेवाएँ देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। इनमें डॉ. सैयद फैज अब्बास आबिदी, डॉ. सैयद जैगम अब्बास, नुक्कड़ प्रेस के मालिक मिर्जा मोहम्मद आलम, हकीम खावर नवाब, पत्रकार शकील रिजवी, पत्रकार ताहिर रिजवी, पत्रकार नज्मुल हसन, जनाब नज्मुल हसन नज्मी, जनाब शादाब अली नवाब, जनाब शब्बीर (शीश महल), मौलाना साबिर अली इमरानी, ब्रादर मीसम मेराज (कस्बा बिजनौर) तथा कैमरामैन नजर अब्बास के नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। मौलाना मिन्हाल हैदर जैदी ने प्रत्येक सेंटर से पूर्ण उपस्थिति दर्ज करने वाले एक छात्र अथवा छात्रा के लिए लॉटरी के माध्यम से विशेष पुरस्कार की घोषणा की।

# भाजपा शिक्षक एमएलसी उमेश द्विवेदी ने जताया कड़ा विरोध, बिना शर्त माफी की उठाई मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** पत्रकार अंजना ओम कश्यप द्वारा ऑनलाइन शिक्षा देने वाले शिक्षकों पर की गई कथित अपमानजनक टिप्पणी को लेकर भाजपा शिक्षक एमएलसी एवं प्रत्याशी उमेश द्विवेदी ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। उन्होंने एक वीडियो संदेश जारी कर कहा कि शिक्षक समाज का अपमान किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा।



उमेश द्विवेदी ने कहा कि शिक्षक समाज की रीढ़ हैं और देश के विकास व राष्ट्र निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि गुरुजनों का सम्मान भारतीय संस्कृति की परंपरा रही है और शिक्षकों के प्रति इस प्रकार की अभद्र टिप्पणी बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

उन्होंने अंजना ओम कश्यप से बिना शर्त शिक्षक समाज से सार्वजनिक माफी मांगने की मांग करते हुए कहा कि शिक्षक समुदाय अपने सम्मान के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं करेगा।

उमेश द्विवेदी ने कहा कि ऑनलाइन शिक्षा के माध्यम से लाखों विद्यार्थियों तक ज्ञान पहुंचाने वाले शिक्षकों ने कठिन परिस्थितियों में भी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया है। ऐसे में उनके योगदान को कमतर आंकना या उनका अपमान करना उचित नहीं है।

# अमरावती स्पोर्ट्स सिटी में आयोजित हुआ विशाल भंडारा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** अमरावती स्पोर्ट्स सिटी में ज्येष्ठ माह के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और पूरे परिसर में भक्तिमय वातावरण देखने को मिला।

यह आयोजन अमरावती ग्रुप के फाउन्डर एवं चेयरमैन रजनीकांत मिश्रा तथा श्री रवि प्रकाश पांडेय के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। भंडारे में श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई। आयोजन में शामिल लोगों ने सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लिया और श्रद्धालुओं का स्वागत किया।

पूरे कार्यक्रम के दौरान अनुशासित और सौहार्द्रपूर्ण माहौल बना रहा। इस अवसर पर श्रीकांत मिश्रा, शशिकांत मिश्रा, अमन पांडेय, अनुराग पांडेय, प्रखर सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं, सहयोगियों और सेवा कार्य में योगदान देने वाले लोगों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए समाज में ऐसे धार्मिक और सामाजिक आयोजनों की महत्ता पर बल दिया।



# विश्व साइकिल दिवस पर सीएम उमर अब्दुल्ला ने साइक्लोथॉन को दिखाई हरी झंडी

**श्रीनगर (आरएनएस)।** विश्व साइकिल दिवस पर मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने श्रीनगर में साइक्लोथॉन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर सीएम अब्दुल्ला ने नागरिकों को साइकिल चलाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम का आयोजन जम्मू-कश्मीर खेल युवा परिषद द्वारा किया गया था। कार्यक्रम रॉयल स्प्रिंग गोल्फ कोर्स से शुरू होकर कश्मीर विश्वविद्यालय में समाप्त हुआ। इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने भाग लिया, जिनमें स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर के साइकिल चालक भी शामिल थे।

इस मौके पर मुख्यमंत्री के सलाहकार नासिर असलम वानी ने मीडिया से बातचीत में कहा, यह एक बहुत अच्छी पहल है। हम कश्मीर में इस तरह की खेल गतिविधियों का आयोजन करने की कोशिश कर रहे हैं। इससे पहले, गोल्फ प्रतियोगिता और मैराथन होती थी। अब, हम साइक्लोथॉन का आयोजन कर रहे हैं। जम्मू साइक्लोथॉन और कश्मीर साइक्लोथॉन भी होंगे। इन गतिविधियों के माध्यम से, हम युवाओं को खेल गतिविधियों की ओर आकर्षित करने का प्रयास कर रहे हैं। हमारे लिए, यह पर्यटन को बढ़ावा देने का भी एक माध्यम है। इस तरह के स्पोर्ट्स से जुड़े आयोजन किए जाएंगे।



जम्मू-कश्मीर खेल परिषद के सचिव नुजहत गुल ने कहा, खेलों को लेकर जम्मू और कश्मीर खेल परिषद और खेल विभाग की ओर से एक कैलेंडर बनाया जाता है। यह साइक्लोथॉन विश्व साइकिल दिवस मनाने और आलस्य के विरुद्ध आवाज उठाने की एक पहल है। जम्मू-कश्मीर की ओर से यह सशक्त संदेश देने के लिए है कि हम फिटनेस और फिट इंडिया के लिए प्रतिबद्ध हैं। आज हमने जम्मू साइक्लोथॉन का लोगो और शुभंकर लॉन्च किया। प्रचार अभियान और पंजीकरण भी शुरू हो चुके हैं। आज हमने कश्मीर साइक्लोथॉन का भी शुभारंभ किया है। हम जल्द ही इसके लिए भी पंजीकरण शुरू करेंगे। जम्मू और कश्मीर के खेल मंत्री सतीश शर्मा भी इस अवसर पर उपस्थित थे और उन्होंने विश्व साइकिल दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, आज के समय में जम्मू-कश्मीर में ड्रग्स बड़ी समस्या बन गई है। इसलिए विश्व साइकिल पर 'ड्रग्स को न कहेंइ थीम रखी गई। जाने-अनजाने में बहुत से युवा नशे की लत में बर्बाद हो रहे हैं। इनको मुख्य धारा में लाने के लिए हमारी प्राथमिकता है। ऐसे बच्चों को समाज को स्वीकार करना होगा। बच्चों को नशे से दूर रखने के लिए स्पोर्ट्स के कई आयोजन करने जा रहे हैं। हमारा उद्देश्य है कि युवा खेलों की तरफ बढ़ें और नशे से दूर रहें। इसको लेकर तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने आगे कहा, मैंने भी आज साइकिल चलाई, इसलिए मैं आप सभी से कहना चाहता हूं कि हमें 'नशे को ना कहें और खेल को हां कहेंइ के विषय का पालन करना चाहिए। आने वाले दिनों में और भी शानदार कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। हम हर महीने एक उच्च स्तरीय कार्यक्रम आयोजित करेंगे, ताकि खेल स्तर पर बुनियादी ढांचे की कमी को दूर किया जा सके।

## खतरा

## अवैध पब-बारों पर कार्रवाई नहीं हुई तो हो सकती है मालवीय नगर जैसी बड़ी त्रासदी : साहिल गंगवाल

# पंजाबी बाग क्लब रोड पर मंडरा रहा अग्निकांड का खतरा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली।** मालवीय नगर स्थित लेमन ग्रीन रेस्टोरेंट में हुए भीषण अग्निकांड के बाद राजधानी के अन्य व्यावसायिक क्षेत्रों में भी अग्नि सुरक्षा को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

पश्चिमी जोन वार्ड समिति के उपाध्यक्ष एवं मादीपुर वार्ड-93 से निगम पार्षद साहिल गंगवाल ने पंजाबी बाग क्लब रोड पर संचालित पब, बार और डिस्कोथेकों की सुरक्षा व्यवस्थाओं पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए चेतावनी दी है कि यदि समय रहते कानूनी कार्रवाई नहीं की गई तो यहां भी किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता। साहिल गंगवाल ने कहा कि मालवीय नगर के लेमन ग्रीन रेस्टोरेंट में हुई दुखद घटना ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि सुरक्षा मानकों की अनदेखी और प्रशासनिक लापरवाही कितनी घातक साबित हो सकती है। उन्होंने आरोप लगाया कि राजधानी के कई क्षेत्रों में ऐसे प्रतिष्ठान संचालित हो रहे हैं जहां अग्निशमन विभाग के नियमों, भवन निर्माण मानकों और सुरक्षा प्रावधानों का पूर्ण रूप से पालन नहीं किया जा रहा है। उन्होंने विशेष रूप से पंजाबी बाग क्लब रोड का उल्लेख करते हुए कहा कि यहां बड़ी संख्या में पब, बार और डिस्कोथेक संचालित हैं, जिनमें से कई प्रतिष्ठानों के संबंध में स्थानीय लोगों द्वारा समय-समय पर शिकायतें भी की जाती रही हैं। गंगवाल का कहना है कि यदि इन प्रतिष्ठानों की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो कई गंभीर अनियमितताएं सामने आ सकती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ स्थानों पर बिना पर्याप्त सुरक्षा प्रबंधों और आवश्यक अनुमतियों के व्यवसायिक गतिविधियां चलाई जा रही हैं, जिससे बड़ी संख्या में आने वाले लोगों की



जान जोखिम में पड़ सकती है।

निगम पार्षद ने कहा कि किसी भी भीड़भाड़ वाले व्यावसायिक प्रतिष्ठान में अग्निशमन यंत्र, आपातकालीन निकास द्वार, फायर एनओसी, विद्युत सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य सुरक्षा मानकों का पालन अनिवार्य है।

यदि इन नियमों की अनदेखी की जाती है तो किसी भी समय गंभीर हादसा हो सकता है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि पंजाबी बाग क्लब रोड पर संचालित सभी पब, बार और डिस्कोथेकों का संयुक्त निरीक्षण कराया जाए तथा जिन प्रतिष्ठानों में नियमों का उल्लंघन पाया जाए उनके खिलाफ तत्काल कठोर कार्रवाई की जाए। साहिल गंगवाल ने भाजपा सरकार को भी निशाने पर लेते हुए कहा कि मालवीय नगर की घटना के लिए जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार और संबंधित विभागों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। यदि सुरक्षा मानकों की नियमित निगरानी की जाती और नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाता तो कई हादसों को रोका जा सकता था।

# भूमि संबंधी प्रकरणों में लापरवाही पर हो सख्त कार्रवाई: मुख्यमंत्री

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में भूमि संबंधी शिकायतों पर सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने डीएम को निर्देशित किया कि भूमि संबंधी शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही मिलने पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित होनी चाहिए। प्रकरण की गंभीरता के अनुसार संबंधित के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की जाए। किसी भी स्तर पर शिथिलता या लापरवाही कतई क्षम्य नहीं है।

मुख्यमंत्री ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात



कर उनकी समस्याएं सुनीं। कुछ लोगों ने जमीन से जुड़े मामलों में राजस्व कर्मियों की तरफ से लापरवाही किए जाने की शिकायत की तो उन्होंने डीएम को तत्काल कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए।

इस अवसर पर इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे लोगों से उन्होंने कहा कि सरकार इलाज में पूरी मदद करेगी। इसके लिए जरूरतमंद लोगों का आयुष्मान कार्ड बनवाया जाएगा

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267